भोपाल | मंगलवार | 30 दिसंबर 2025 | वर्ष 69 | अंक 326 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 पीएम मोदी और संघ की तारीफ


5 नौ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी


8 2025 वर्ष भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए मिला-जुला रहा



9 क्रेडिट स्कोर से यूपीआई तक होंगे बड़े बदलाव

# अरावली केस की और हो जांच

## सुप्रीम कोर्ट की 'अपने' फैसले पर रोक, केंद्र और चार राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अरावली पहाड़ियों की संशोधित 'परिभाषा' से संबंधित अपने पिछले निर्देशों और एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी. अदालत ने अरावली के संबंध में उठ रही चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि संशोधन का गलत अर्थ निकाला जा रहा है कि इससे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अनियमित खनन की अनुमति मिल सकती है. कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अभी कई मुद्दों पर और जांच होनी चाहिए.**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एजी मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि संशोधित परिभाषा को लागू करने से पहले और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है. पीठ ने टिप्पणी की, हम यह आवश्यक समझते हैं



कि समिति की सिफारिशों और इस अदालत के निर्देशों को स्थगित रखा जाए.

अदालत ने अरावली की अद्यतन परिभाषा के संबंध में 'जांच या पुनरीक्षण' की आवश्यकता वाले मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति के गठन का भी आदेश दिया. पीठ ने केंद्र सरकार, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा की सरकारों को नोटिस भी जारी किए. उच्चतम न्यायालय ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 21 जनवरी को सूचीबद्ध किया है. संशोधित परिभाषा के तहत केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना पर कार्यकर्ताओं और वैज्ञानिकों द्वारा विरोध और चिंता जताए जाने के बाद स्वत: संज्ञान लेते हुए यह कार्यवाही शुरू की गई थी.

पिछले महीने, उच्चतम न्यायालय ने अरावली की संशोधित परिभाषा को स्वीकार कर लिया था और केंद्र को क्षेत्र में किसी भी नई खनन गतिविधियों की अनुमति देने से पहले स्थायी खनन के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया था. केंद्र की ओर से पेश होते हुए महाधिवक्ता तुषार मेहता ने अदालत को सूचित किया कि स्थायी खनन योजना को पहले ही स्वीकार कर लिया है. मुख्य न्यायाधीश ने हालांकि रेखांकित किया कि समिति की रिपोर्ट और अदालत की पिछली टिप्पणियों को गलत समझा जा रहा है. उन्होंने कहा, कुछ स्पष्टीकरणों की आवश्यकता है.

### अरावली बचाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार : भूपेन्द्र यादव



अरावली पहाड़ियों के संरक्षण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले का केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने स्वागत किया है. अदालत ने अरावली की संशोधित परिभाषा और विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर फिलहाल रोक लगाते हुए नई समिति के गठन का आदेश दिया है. मंत्री ने साफ किया कि सरकार अरावली के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. कोर्ट के आदेश के अनुसार, नई खनन लीज और पुरानी लीज के नवीनीकरण पर रोक जारी रहेगी.

### कुलदीप सेंगर के जमानत के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर (वार्ता).** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी. यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया.

**पीड़िता की मां ने फांसी की मांग की:** उन्नाव दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद पीड़िता की मां ने राहत और संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि अदालत के इस कदम से उन्हें एक बार फिर इंसाफ की उम्मीद जगी है।

# घुसपैठियों को चुन-चुन कर करेंगे बाहर : शाह

**गुवाहाटी, 29 दिसंबर (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम में घुसपैठ की समस्या के लिए राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराया. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में राज्य से अवैध घुसपैठियों को पहले ही निष्कासित कर दिया है. शाह ने कहा कि अगले पांच वर्षों में भाजपा सरकार असम से सभी अवैध घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर कर देगी.**

केंद्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को असम के नागांव जिले के पवित्र बटाद्रवा थान में श्रीमंत शंकरदेव अभिर्भव क्षेत्र का उद्घाटन करते हुए यह बात कही. बता दें कि बटाद्रवा थान 15वीं शताब्दी के संत एवं समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव का जन्म स्थान है. असम में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकारों पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने के लिए राज्य में अवैध प्रवासियों को



कानूनी रूप से बसाने के लिए 1983 में अवैध (प्रवासी) निर्धारण न्यायाधिकरण (आईएमडीटी) अधिनियम लाया था. असम ने डॉ. मनमोहन सिंह को राज्यसभा में भेजा था, लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान वह सिर्फ सात बार असम गए. उन सात बार के असम दौरे में से दो बार वह राज्यसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए गए थे. गृह मंत्री ने असम एवं पूर्वोत्तर के 70 वर्षों से अनदेखी के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में असम में किए गए विकास कार्यों को राज्य को स्वर्ण युग के रूप में याद किया जाएगा.

# बीएमसी चुनाव : भाजपा की लिस्ट जारी

**मुंबई, 29 दिसंबर (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन तक सीटों के बंटवारे पर बातचीत बेनतीजा रही. इसके बाद भाजपा ने सोमवार को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी.**

पार्टी ने 67 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है. इनमें से सभी को एबी फॉर्म जारी कर दिए गए हैं, जो जरूरत पड़ने पर पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी का संकेत है. यह कदम मुंबई में दोनों गठबंधन सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूले की अनिश्चितता के बीच उठाया गया है. पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आखिरी समय की उलझन से बचने और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि नामांकन की समय सीमा से पहले भाजपा उम्मीदवार दौड़ में शामिल रहें.

राजनीतिक पर्यवेक्षक भाजपा की इस घोषणा को गठबंधन की रुकी हुई बातचीत के बीच दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देख रहे हैं. साथ ही यह वृहन्मुंबई के अहम नगर निगम चुनावों में पार्टी के चुनावी विकल्पों को भी खुला रखता है.

भाजपा की पहली सूची में अनुभवी पार्षद, नये चेहरे और विभिन्न सामाजिक व पेशेवर पृष्ठभूमि से आने वाले उम्मीदवार शामिल हैं. पार्टी सूत्रों के अनुसार, गठबंधन सहयोगियों के साथ समन्वय पूरा होने के बाद बाकी उम्मीदवारों के नाम अगली सूचियों में जारी किए जाएंगे. आगामी हफ्तों में प्रचार-प्रसार तेज होने वाला है और भाजपा गवर्नेंस के मुद्दे, अवसंरचना विकास और अपनी संगठनात्मक ताकत का लाभ उठाकर बीएमसी चुनावों में कामयाबी हासिल करना चाहती है.

**कांग्रेस की सूची का इंतजार**

कांग्रेस ने अब तक अपने उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है, जबकि उसकी सहयोगी पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी ने रविवार को 66 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी.

# 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बैठक
- सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने की पहल

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर (वार्ता) सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई.**



रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किए गए इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-सेकेंड की खरीद को मंजूरी दी गई. बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रिक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई. वायु सेना के लिए ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-सेकेंड मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई.

# 'जी राम जी' योजना से राज्यों को अतिरिक्त लाभ है संभव

- एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में दावा
- 17,000 करोड़ तक का हो सकता है लाभ

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर. नई विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत केंद्रऔर राज्यों के बीच फंड का बंटवारा तय मानकों के आधार पर किया जाएगा. इससे पिछले 7 वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में राज्यों को करीब 17,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ मिल सकता है.**

यह जानकारी सोमवार को जारी एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में दी गई है. एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा कि अगर केवल केंद्र के हिस्से के फंड का मूल्यांकन सात निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाए, तो अधिकांश राज्यों को फायदा होगा. उनके अनुसार, इस आकलन के तहत राज्यों को पिछले 7 वर्षों के औसत आवंटन से लगभग 17,000 करोड़ रुपए अधिक मिल सकते हैं. रिपोर्ट में एक काल्पनिक स्थिति का आकलन किया गया है, जिसमें फंड के बंटवारे में समानता को महत्व दिया गया है.

# दक्षिण मैक्सिको में ट्रेन दुर्घटना में 13 की मौत

**मैक्सिको सिटी, 29 दिसंबर. दक्षिणी मेक्सिको में सलिना क्रूज-कोत्जाकोआल्कोस मार्ग पर इंटरओशनिक ट्रेन के पटरी से उतरने से 13 लोगों की मौत हो गई है और 98 लोग घायल हो गए हैं. मेक्सिको की नौसेना सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी दी.**

नौसेना ने बयान में बताया कि ओक्साका और वेराक्रूज राज्यों को जोड़ने वाली इंटरओशैनिक ट्रेन रविवार को निजांडा कस्बे के पास एक मोड़ से गुजरते समय पटरी से उतर गई थी. इसमें 250 यात्री सवार थे. घायलों में से 36 का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि बाकी को मामूली चोटें आई हैं. खोज और बचाव कार्यों के दौरान कुल



360 नौसैनिक कर्मी, 20 वाहन, चार जमीनी एम्बुलेंस, तीन हवाई एम्बुलेंस और एक सामरिक ड्रोन तैनात किए गए थे. नौसेना ने इस दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया.

### आंध्र में ट्रेन में आग लगने से एक की मौत

**विशाखापट्टनम, , 29 दिसंबर.** आंध्र प्रदेश के यालामंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए दो फोरेंसिक टीम जांच कर रही हैं. अधिकारी ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली. उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे.

# माओवादियों की साजिश नाकाम

**बीजापुर, 29 दिसंबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र अंतर्गत कांडलापर्ती में सुरक्षा बलों ने माओवादियों की साजिश को नाकाम किया है. केरिपु 214 बटालियन कैंप कांडलापर्ती एवं जिला बल की संयुक्त कार्रवाई में माओवादी डंप तथा 5 किलोग्राम वजनी आईईडी बरामद कर मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट किया गया. यह कार्रवाई 28 दिसंबर को सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान की गई थी. एसपी कार्यालय से सोमवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार, केरिपु 214 वाहिनी और जिला बल की संयुक्त टीम ने कांडलापर्ती क्षेत्र में नियमित सर्च ऑपरेशन के दौरान ये कार्रवाई की थी.

**सिंहस्थ की तैयारी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- देश में बढ़ रही है उज्जैन की साख

# जहां बबूल का जंगल था, वहां पर बन रहा आईटी पार्क



नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 29 दिसंबर. वर्ष 1959 के बाद पहली बार 2028 के सिंहस्थ में शिप्रा के शुद्ध जल से स्नान होगा. पहले खान नदी का पानी मिलने से गंदगी फैलती थी, लेकिन अब केवल शुद्ध शिप्रा जल से ही स्नान की व्यवस्था की जा रही है. .यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन में कही. उन्होंने कहा कि जहां पर बबूल के पेड़ थे, बड़ा जंगल था वहां पर आईटी पार्क बन रहा है. यही तो विकास है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ में एक साथ 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे. इसके लिए 29 किमी लंबे घाट बनाए जा रहे हैं. उज्जैन में मेट्रो ट्रेन और वंदे मेट्रो ट्रेन लाई जा रही है, जो अत्यधिक गति से दौड़ेगी. इसके साथ ही एयरपोर्ट, हेलीपैड सिक्स लेन सड़क, कई फोरलेन मार्ग और पूरे शहर में टू-लेन से फोर-लेन कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है.

धार्मिक आस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को पहले बाबा महाकाल के दर्शन का अवसर मिलना चाहिए, हम तो यहीं के हैं, दर्शन करते रहेंगे. बाबा महाकाल पूरे विश्व के हैं. उन्होंने जूना महाकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि नए महाकाल और जूना महाकाल - दोनों का समान महत्व है. दोनों के दर्शन और पूजन अवश्य करना चाहिए.

# यूक्रेन युद्ध पर कूटनीतिक हलचल

## ट्रंप ने की पुतिन और जेलेंस्की से चर्चा

**वॉशिंगटन, 29 दिसंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की फ्लोरिडा में मुलाकात हुई. इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच 20 सूत्रीय समझौते पर चर्चा की. हालांकि, ट्रंप ने जानकारी दी कि जेलेंस्की से मुलाकात से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उन्होंने फोन पर बातचीत की.**

इस पर क्रेमलिन के विदेश नीति सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि ट्रंप और पुतिन के बीच 1.15 घंटे तक बातचीत हुई. पुतिन



ने इस साल की शुरुआत में एंकरेज में हुई समिट के दौरान दोनों राष्ट्रपतियों के बीच बनी सहमति पर भरोसा करने की जरूरत पर जोर दिया. इसके अलावा, दोनों नेताओं ने इस बात पर भी सहमति जताई है कि यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों की ओर से जो प्रस्तावित तत्कालीन सीजफायर है, वह विवाद को लंबा खींचेगा.

## एक नजर में



### पीएम मोदी ने ब्रॉन्ज मेडल विजेता हम्पी को दी बधाई

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहा में फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप के महिला वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली भारतीय शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को बधाई दी और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की. बता दें कि हम्पी ने मौजूदा चैंपियन के रूप में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था. वह प्रतियोगिता के अंतिम दौर के बाद 8.5 अंक लेकर दो अन्य ग्रैंडमास्टर्स के साथ संयुक्त बढ़त पर थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के टाईब्रेक नियमों के कारण उन्हें ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा. मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दोहा में 2025 फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी को हार्दिक बधाई.

### संदीप बने रचनात्मक कांग्रेस के अध्यक्ष

**नई दिल्ली.** कांग्रेस संगठन में एक अहम सांगठनिक बदलाव करते हुए पार्टी नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित को रचनात्मक कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है. ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से यह जानकारी दी गई. बयान पर एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर हैं. उल्लेखनीय है कि संदीप दीक्षित ने फरवरी, 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह भाजपा उम्मीदवार के सामने हार गए थे. वह 15वीं लोकसभा के सदस्य रह चुके हैं और उन्होंने पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था. वह दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे हैं. बता दें कि रचनात्मक कांग्रेस को पहले आउटरीच सेल के नाम से जाना जाता था, जिसे अब एक नए स्वरूप और विस्तृत भूमिका के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है.

### कोहरे से 128 विमानों की यात्रा रद्द

**नई दिल्ली.** राजधानी में सोमवार को घने कोहरे का बड़ा असर विमान एवं रेल सेवा पर देखने को मिला. दृश्यता कम होने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर आने एवं जाने वाले कुल 128 विमानों की यात्रा को रद्द करना पड़ा. वहीं 8 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट की तरफ डाइवर्ट किया गया. इसके साथ ही लगभग 200 विमानों ने दिल्ली एयरपोर्ट से सोमवार को देरी से उड़ान भरी. वहीं दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर सोमवार को लगभग 100 गाड़ियां देरी से पहुंची और लगभग तीन दर्जन रेलगाड़ियां देरी से रवाना हुई. जानकारी के अनुसार राजधानी में रविवार देर रात से ही घना कोहरा शुरु हो गया था.

## गुस्ताखी माफ



## एक नजर में



### जीवन जीने की कला है योग : क्षुल्लक नयसागर

**सागर.** क्षुल्लक नयसागर महाराज के सानिध्य में एवं बा. ब्र. अंकित भैया धनेटा, ब्र. रेखा दीदी, शशि दीदी इंदौर की धार्मिक कक्षाओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन द्वारा अंकुर कॉलोनी स्थित विद्या भवन में योग ध्यान चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. क्षुल्लक नयसागर महाराज ने बताया कि योग जीवन जीने की एक कला है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती है, जिससे तनाव कम होता है और आंतरिक शांति मिलती है.



### शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन

**सागर.** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के 102 वें स्थापना दिवस पर शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व पार्षद राकेश राय द्वारा किया गया. कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, संचालन द्वारका चौधरी ने किया. कार्यक्रम में महेश जाटव,विजय साहू, सुरेंद्र चौधरी,आनंद अहिरवार, पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, अमित रामजी दुबे, प्रदीप गुप्ता,राहुल चौबे,रमाकांत यादव, आशीष ज्योतिषी, सागर साहू, शैलेन्द्र तोमर, आनंद तोमर,ताहिर खान, जितेन्द्र रोहण, रामकुमार पचौरी, लीलाधर सूर्यवंशी मौजूद थे.



### सड़क निर्माण से वार्डवासियों को मिली राहत

**सागर.** मधुकरशाह वार्ड पार्षद श्रीमती रिचा सिंह द्वारा क्रिश्चियन कॉलोनी के इतिहास में पहली बार सड़क का निर्माण कार्य कराया गया. जानकारी के अनुसार चक्की वाली गली में लगभग 100 वर्ष पूर्व कॉलोनी में आज दिनांक तक सड़क न बनी होने एवं बारिश का पानी गली में भर जाने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था. पार्षद श्रीमती सिंह ने लोगों की परेशानी को समझा एवं सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करवाया.



### दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

**सागर.** महिला जैन मिलन मुख्य शाखा सागर क्षेत्र क्रमांक 10 के तत्वाधान में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. दंत चिकित्सक डॉ. संदीप जैन ने मरीजों के दातों की जांच की. अध्यक्ष अंजू सेठ ने बताया कि इस शिविर से लगभग 50 से 60 मरीज लाभान्वित हुए. शिविर में मंजू सतभैया, शशि सतभैया, अनीता जैन, ज्योति रोड़ा, सारिका जैन का सहयोग रहा.



### अमरमऊ में प्रीमियम लीग का फाइनल खेला गया

**शाहगढ़.** शाहगढ़ के महाराजा क्रिकेट ग्राउंड अमरमऊ में विधानसभा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच खेला गया. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि युवा नेता जसवंत सिंह राठौर रहे. श्री राठौर ने कहा कि युवा अपने जोश और जुनून से कुछ भी हासिल कर सकते हैं. इस फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीमों ने काफी मेहनत की है जिसका नतीजा रहा है कि दोनों फाइनल में है. फाइनल मैच में श्री बालाजी क्रिकेट क्लब अमरमऊ और पाल क्रिकेट क्लब शाहगढ़ की टीम में पहुंची. रोमांचक मुकाबले में बालाजी क्रिकेट क्लब अमरमऊ ने पांच रन से जीत हासिल की. इस दौरान दोलत यादव, आयोजन समिति के सदस्य प्रद्युम्न दुबे, सरपंच राजेश जैन, तिगोड़ा सरपंच, हरपाल, नजीर खान, नितिन खटीक, गोलू विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश दुबे मौजूद रहे.



### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**ललितपुर.** भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा के द्वारा मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न हुआ .इस दौरान दीपमाला कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच एवं लखनऊ से दुर्गेश वाल्मीकि, भागवान महर्षि, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की. कार्यक्रम में रवि कुमार, जगदीश प्रसाद घारु, डॉ दीपक चौबे आदि शामिल हुए.

# कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग

## दुकानदार ने दो करोड़ का नुकसान बताया, मौके पर पहुंची दमकलों की भी निकल गई दम आग बुझाने में



नवभारत न्यूज

**बीना 29 दिसंबर. मंडीबामोरा के कठरिया मार्केट में देर रात भीषण आग लग गई. यह आग राहुल कठरिया के मकान के नीचे संचालित कपड़ों की दुकान में लगी, जिससे करोड़ का सामान जलकर खाक हो गया है.**

प्रारंभिक आकलन के अनुसार दुकानदार के अनुसार इस घटना में दो करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार राहुल कठरिया का मकान मंडी बामोरा की दूसरी लाइन में स्थित है, इसके ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों की दुकान थी, जबकि ऊपरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है. रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई. आसपास के लोगों ने धुआं और लपटें देखकर तुरंत दुकान मालिक और उनके परिवार को सूचित किया. परिवार ने समय रहते मकान खाली कर दिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई. फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया आग की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया. इसके बाद रिफाइनरी, कुरवाई, खुरई और बीना से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किए,लेकिन दुकान की अधिक गहराई और भीतर तक पानी न पहुंच पाने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया. आग काफी देर तक धधकती रही और दुकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई. कपड़ों की दुकान में खाक, कारणों की जांच जारी यह कपड़ों की दुकान प्रमोद कठरिया और अजय कठरिया की बताई जा रही है, दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़े और अन्य सामग्री रखी हुई थी. आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है. प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है.

पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस ने पंचनामा बनाकर जांच शुरू कर दी है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके.



# वेतन से वंचित ननि कर्मियों का गांधीवादी तरीके से विरोध

नवभारत न्यूज

**सागर 29 दिसंबर. नगर निगम कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्वच्छता एवं विकास कार्यों में निरंतर ईमानदारी से सेवाएं देने के बावजूद वेतन से वंचित हैं, जो कि कर्मचारियों के साथ अन्याय है. बैठक के उपरांत कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया और इसकी शुरुआत तीनबत्ती स्थित हनुमानजी सरकार को ज्ञापन सौंपकर की गई. कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक एवं ईकाई अध्यक्ष वर्षा समद्र ने बताया कि आंदोलन के अंतर्गत कर्मचारी प्रतिदिन शाम को विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियां करेंगे. इस अवसर पर आनंद मंगल गुरू, सईद उद्दीन कुरैशी, देवकुमार चौबे, रीतेश अग्रवाल, अनिरूध्द चांचोदिया, सूरज मंछदर, मनोज चौबे, शंकुनतला गोस्वामी मौजूद थीं.

# करंट से हुई थी बाघ की मौत

नवभारत न्यूज

**सागर 29 दिसंबर. दक्षिण वन मंडल अंतर्गत ढाना हिलगन मार्ग पर मुंडी टोरिया पर मिले बाघ के शव की पीएम रिपोर्ट में बिजली के करंट से मौत की आशंका जताई गई है.**

मालूम हो कि कल रविवार को ढाना रेंज अंतर्गत हिलगन स्थित मुंडी टोरिया से एक बाघ का शव बरामद किया गया था. जिसकी आयु 5 से 6 वर्ष बताई गई थी. बाघ के शव की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया था. जिसकी रिपोर्ट तो अभी प्राप्त नहीं हुई है, बाघ के शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं थे और सभी अंग सुरक्षित बताए गए थे. मगर वन विभाग के अधिकारियों की माने तो पीएम करने वाले चिकित्सकों ने बाघ की मौत का कारण बिजली का करंट लगना बताया गया है. रिपोर्ट भी एक- दो दिन में मिलने की उम्मीद है. वहीं बाघ से कहां से आया था यह भी आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जायेगा क्योंकि बाघ के गले में कोई कॉलर आईड नहीं थी. सागर जिले के रानी दुर्गावती टाईगर रिर्जव और रातापानी में सूचित कर दिया गया है.



# स्मार्ट सिटी की सिटी बसों के पहिए थमे

नवभारत

सागर. स्मार्ट सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा सागर शहर में दो वर्ष पूर्व शुरु की गई सिटी बसों के पहिए कई दिनों से थम गए हैं. सिटी बसों का चलना लगभग बंद हो गया है. ऑपरेटरों के अनुसार प्रशासन से हुए अनुबंध के तहत न होने के कारण बसों को रोकना पड़ा है. केंद्रीय जेल के सामने सिटी बसें खड़ी हैं.

### परेड के लिए हुआ चयन



**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोश्रर उत्कृष्टता महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट् शशीता भगत का चयन आर.डी.सी. 2026 दिल्ली के लिए हुआ है. कैडेट् शशीता भगत 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता कर 7-एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सागर का प्रतिनिधित्व करेंगी. एन.सी.सी. ऑफीसर ले. डॉ अंशु सोनी ने बताया कि कैडेट् शशीता ने यह उपलब्धि प्राचार्य डॉ. आंनद तिवारी के प्रोत्साहन, कर्नल सुजीत देशमुख, के नेतृत्व में प्राप्त की है.

# बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में खेलों की अहम भूमिका



नवभारत न्यूज

**सागर 29 दिसंबर. एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण की समीक्षा के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन शासकीय माध्यमिक शाला, मोहननगर पहुंचे. यहां उन्होंने बीएलओ से चर्चा कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली. विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जैन ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी प्राप्त की. गेम्स पीरियड के समय कैरम खेल रही छात्राओं के साथ उन्होंने कुछ समय कैरम खेला और खेल के नियमों के साथ-साथ अनुशासन, एकाग्रता एवं टीम भावना जैसे गुणों पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र खटीक, नितिन सोनी, जुगल प्रजापति, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, अंशुल हर्षे, बालकिशन सोनी, चक्रेश चौधरी सहित शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### सविता का चयन हुआ



**सागर.** बी.टी. कॉलेज मकरोनिया की बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सविता का चयन आरडीसी-2026 रिपब्लिक डे के लिए हुआ है. उनका यह चयन आर.डी.सी-नई दिल्ली के लिए एडीशनल डायरेक्टर जनरल स्तर पर हुआ. कैडेट सविता 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगी और क/ एम.पी. गर्ल्स एनसीसी बटालियन का प्रतिनिधित्व करेंगी. सविता की इस उपलब्धी पर चेयरमेन संतोष जैन, प्रो. सुबोध जैन, डायरेक्टर संदीप जैन प्राचार्य डॉ. राजू टंडन, डॉ. वंदना तिवारी के द्वारा सविता को बधाई प्रेषित की है.

# वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 29 दिसंबर. संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. शुभारंभ प्राचार्य विवेक जैन द्वारा किया गया. खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं. इनमें 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, ऊँची कूद, कबड्डी, बोरी दौड़, म्यूजिकल चेयर, बॉल पिक एंड रिसीव सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं. प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, सड़क पार करने के सुरक्षित नियम के बार में जानकारी दी गई.



# शिविर में सीपीआर प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 29 दिसंबर. कर्रापुर स्थित पीएलबी कॉन्वेंट स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य एवं कार्डियक अरेस्ट सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया.**

स्वास्थ्य शिविर में 300 लोगों की निशुल्क जांच की गई इसमें हार्ट, ब्लड प्रेशर, साइनस एलर्जी, जोड़ों का दर्द, गैस कब्जियत एवं पलमोनरी सीपीआर का प्रशिक्षण मातृ छाया क्लिनिक एवं जिला 108 अलायंस क्लब द्वारा किया गया. डॉ लखन लाल पटेल ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट या हृदय गति का अचानक रुक जाना जमीन पर गिरकर बेहोश हो जान हार्ट अटैक कहलाता है. मानसिक तनाव असीयमित दिनचर्या, खानपान में बदलाव, देर रात भोजन करना, नमक, मीठा, चिकन, अल्कोहल तेल मसाले, जंक फूड हार्ट के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है. प्रशिक्षण शिविर में स्कूल के संचालक राजेश प्रजापति, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जीएस चौबे, डॉ. संजय जैन डॉ. अमित जैन, आईसीयू इंचार्ज अमजद खान, राम रतन पटेल उपस्थित रहे.

### वाहन चैकिंग अभियान

**सागर.** जिले भर में सघन पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है. अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल-ढाबों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल द्वारा लगातार पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग की जा रही है. सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.

# दो लाख रुपए की स्वागत सामग्री वितरित

## पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री सिंह का संकल्प : स्वागत में फूल-मालाएं छोड़ स्टेशनरी स्कूलों में बांटी



नवभारत न्यूज

**खुरई 29 दिसंबर. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के फूल मालाओं के स्थान पर स्कूली स्टेशनरी व गरीबों के उपयोग की वस्तुओं से स्वागत करने का सिलसिला लगातार जारी है.**

अभी तक स्वागत में मिली लगभग दो लाख रुपए मूल्य की उपयोगी सामग्री का वितरण स्कूली बच्चों व जरूरतमंदों को किया जा चुका है. सेवन ग्राम में हुए स्वागत की सामग्री हायर सेकंडरी स्कूल में वितरित की.

> समरसता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सिंह का आसपास के ग्रामवासियों और बांदरी नगरपरिषद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने क्रिकेट किट, कापी पेन, रजिस्टर, कंपास बाक्स, पानी बाटल, बैग, स्वेटरों, फलों और टाफियों से स्वागत किया. पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने सामग्री वितरित कराने से पूर्व छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया जिससे स्कूल में शिक्षा के स्तर, कार्यप्रणाली और आवश्यकताओं का पता लगा. उन्होंने अचानक विद्यार्थियों से पूछा कि राष्ट्रगान वंदे मातरम् किस-किस को आता है, तीन छात्राओं को माइक लेकर उनसे वंदे मातरम का सम्मान गायन हुआ. तत्पश्चात छात्राओं विषयवार शिक्षकों की जानकारी ली जिससे पता चला कि भूगोल की शिक्षिका नहीं आ रहीं, खेल मैदान की आवश्यकता बताई गई. दोनों कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए गए. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री सिंह ने कहा कि मैं इन सभी स्वागत कर्ताओं का हृदय से आभारी हूं. बच्चों को पढ़ने लिखने का सामान मिल जाए, गरीबों को ठंड बचाने स्वेटर कंबल मिल जाएं इससे अच्छा स्वागत कोई और हो सकता है क्या?

**सीएमई** | आईएमए और सॉग्स सागर के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में बताया

# रोबोटिक सर्जरी की जादुई दुनिया और मोटापे की नई दवा इजाद



नवभारत न्यूज

**सागर 29 दिसंबर. आईएमए तथा फॉगसी के तत्वावधान में सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग तथा बांझपन विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे ने रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से विभिन्न स्त्री रोगों संबंधी जटिल ऑपरेशनों को सूक्ष्म स्तर पर कितनी कुशलता से किया जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला. डॉ. भावे ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से न केवल सफलता दर में सुधार होता है, बल्कि मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिलने में भी समय लगता है. हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ. सचिन चित्तावर ने कई जटिल केस स्टडीज प्रस्तुत कीं तथा उन्नत प्रबंधन और उपचार की नवीनतम संभावनाओं पर उपयोगी जानकारी साझा की.

> सीएमई में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने लीगल बॉडी मीटिंग की मिनट्स प्रस्तुत कीं. उन्होंने विगत दिनों में आईएमए भवन के निर्माण संबंधित सारी तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी .साथ ही साथ आईएमए का 2026 के कैलेंडर का अनावरण भी हुआ . कार्यक्रम में सचिव रोशीन जैन, डॉ. उषा सैनी ,डॉ. एस.के सिंह, सीएमई के चेयरपर्सन डॉ. साधना मिश्रा एवं डॉ. अमिताभ जैन उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा डॉ. कमला ठाकुर, श्रीमती सरला सिरोठिया और श्रीमती बरौलिया की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया .

### कवि वीरेंद्र विद्रोही ने किया जिले का नाम रोशन

**ललितपुर.** नगर के युवा कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने कवि सम्मेलन के संयोजन/ संचालन के माध्यम से पूरे देश मे ललितपुर जिले का नाम रोशन किया है,अभी हाल में ही इंदौर जालना महाराष्ट्र बृजराज नगर उड़ीसा संबलपुर उड़ीसा सिलवानी मुंगावली गोटेगांव में अपनी कवि टीम के साथ जाकर जनपद ललितपुर का नाम रोशन किया है, निरंतर ही कवि जैन विद्रोही अपने संचालन, संयोजन के माध्यम से इस जनपद को गौरान्वित कर रहे है. इस समय कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही पूरे हिंदुस्तान में कवि सम्मेलन,संयोजक संचालक ,रूप में विशेष ख्याति प्राप्त कर चुके है.

# विजेता खिलाड़ी महिला सशक्तिकरण का प्रतीक

## राज्यपाल ने किया ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप-2025 की विजेता खिलाड़ियों का सम्मान







**भोपाल, 29 दिसंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप - 2025 की विजेता टीम की बेटियां महिला सशक्तिकरण का प्रतीक हैं. कार्यक्रम में विजेता होना दिव्यांगजनों के हौंसले और दिव्यता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं. बेटियों की उपलब्धि प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणा और गर्व की बात है.**

उन्होंने कहा कि दिव्यांग महिला खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश और देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है. राज्यपाल पटेल सोमवार को राष्ट्रीय ब्लाइंड महिला टी-20 टीम की प्रदेश की खिलाड़ी सुषमा पटेल, सुनीता सराठे और दुर्गा येवले से लोकभवन में चर्चा कर रहे थे. राज्यपाल पटेल ने तीनों खिलाड़ियों का शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया. उन्होंने खिलाड़ियों और उनके कोच का भी उत्साहवर्धन किया. राज्यपाल ने उन्हें बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी. भारतीय महिला (ब्लाइंड) क्रिकेट टीम ने 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में आयोजित टी-20 वर्ल्डकप के फ़ाइनल मैच में नेपाल को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी. इस राष्ट्रीय टीम में मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले की सुनीता सराठे, दमोह ज़िले की सुषमा पटेल और बैतूल ज़िले की दुर्गा येवले प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल रहीं हैं.



## बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी प्रस्तुति

**भोपाल, 29 दिसंबर.** किंडर्स जॉय प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, कोलार भोपाल में संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि जयश्री कानवर, निदेशक सागर पब्लिक स्कूल, भोपाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. बच्चों ने वर्ष के थीम 'सांस्कृतिक धरोहर- Regional Dance with Operation SindoorÓ पर मनमोहक लोकनृत्य, सांस्कृतिक झांकियां और समूहगीत प्रस्तुत किए.

# बीएचईएल ने सौंपे अंतिम स्टेटर और रोटर पंचिंग सेट

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 29 दिसंबर. बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रिवरवोल्ट हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड परियोजना के लिए अंतिम स्टेटर एवं रोटर पंचिंग सेट की आपूर्ति कर एक महत्वपूर्ण उत्पादन उपलब्धि हासिल की. 3,650 किलोवाट क्षमता वाले 32वें एवं अंतिम सेट का हस्तांतरण बीएचईएल भोपाल के फीडर्स विभाग की ब्लॉक-10 प्रेस शॉप में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में किया गया.**



यह स्टेटर एवं रोटर पंचिंग दलीप कुमार पाल, प्रबंधक (प्रेस शॉप) द्वारा आनंद कुमार गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक (एलईएम, आईएमएम) को, कार्यपालक निदेशक (एचईपी, भोपाल) प्रदीप कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में सौंपे गए. निर्धारित समय-सीमा के भीतर आपूर्ति बीएचईएल की परियोजना निष्पादन क्षमता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

इस अवसर पर महाप्रबंधक (फीडर्स एवं ट्रांसफार्मर मैन्युफैक्चरिंग, कमर्शियल एवं अनुरक्षण) रूपेश तेलंग, महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल मशीन) विकास खरे तथा महाप्रबंधक (फीडर्स) संतोष डोंगरे भी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्याय ने प्रेस शॉप टीम की सराहना करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण पंचिंग सामग्रियों की समय पर आपूर्ति से परियोजना की प्रगति सुनिश्चित हुई है. उन्होंने कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी समर्पण और कार्यकुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (प्रेस शॉप) महेंद्र कुमार सहारे, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एलईएम) दुष्यंत सुभेदार सहित प्रेस शॉप एवं अनुरक्षण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## आज से जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि

**भोपाल, 29 दिसंबर.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' अंतर्गत मंगलवार से 01 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से संयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को गुदुमबाजा नृत्य मुरारीलाल डिण्डोरी, बरेदी नृत्य दिलीप यादव छतरपुर, गोटीपुआ नृत्य बाबा गोरखनाथ गोटीपुआ डांस एसोसिएशन, कानड़ा नृत्य गायन घूमन प्रसाद पटेल , दमोह, पंथी नृत्य, दिनेश कुमार जांगड़े छत्तीसगढ़, भजन गायन श्रद्धा व्यास भोपाल, पण्डवानी गायन सम्प्रिया पूजा दुर्ग, निमाड़ी लोकगायन मनीषा शास्त्री महेश्वर द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी.



# टेक और एआई ने दिया इवेंट को नया आयाम

## धुरंधर्स 2K5 : एमएसीटी 2005 बैच का धमाकेदार रीयूनियन

**भोपाल, 29 दिसंबर. मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी ( एमएसीटी ) के 2005 बैच के छात्रों का रीयूनियन इवेंट पिछले दिनों एक होटल में आयोजित किया गया. इस इवेंट में देश-विदेश से आये एमएसीटी ( अब मैनिट ) के लगभग 125 छात्रों ने शिरकत की. जहां पूर्व छात्रों के ज़ज़्बे और पुरानी यादों ने इवेंट को धमाकेदार बना दिया.**



इवेंट के आयोजन में टेक्नोलॉजी और एआई का अनूठा इस्तेमाल किया गया. इस रीयूनियन के इवेंट मैनेजमेंट के लिए एमएसीटी के पूर्व छात्र और डेल्कू टेक्नोलॉजीज के फाउंडर उमेश त्रिपाठी ने एक वेब पोर्टल https://manitreunion. com ही बना डाला, जिसके ज़रिये इवेंट के लिए रजिस्ट्रेशन, पेमेंट और रूम एलोकेशन भी किया जा सकता था. पोर्टल की सोशल फीड पर तस्वीरें और वीडियो साझा किया जा सकते थे, यहां तक कि कॉलेज की पुरानी यादों से सम्बंधित क्विज और पोल भी आयोजित किये जा सकते थे. इसके अलावा क्रिएटिव टीम के आशीष रंजन और अनुज प्रताप सिंह ने एआई के ज़रिये कॉलेज की पुरानी तस्वीरों को बॉलीवुड फिल्मों के टाइटल के साथ पुनर्जीवित कर दिए.

इवेंट के अगले दिन छात्रों ने एमएसीटी कैंपस विजिट किया कर पुरानी यादों को ताज़ा किया. इस इवेंट की अगुआई अनुज प्रताप सिंह चौहान, उमेश त्रिपाठी, अभिषेक भारती, अरुण अग्रवाल और आशीष रंजन गुप्ता ने की.

इस इवेंट में गौरव शर्मा, योगेंद्र जैन, अनिंदिता मुख़र्जी, शीतल माहेश्वरी, पूनम तुमराम, वर्षा तिरपुडे, प्राची राजोत्कर, शिल्पा, नेहा झरिया, अविनाश वर्मा, रोशन पांडेय, अंशिता शिले, अभिजीत साबू, सुशील केवट, मानस, समर और देवार्षि दास का भी योगदान रहा.

### एक नजर में



## बरखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**भोपाल, 29 दिसंबर.** बरखेड़ा के रामलीला मैदान में श्रम श्री संस्था के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे में प्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ. कथा के समापन अवसर पर कथावाचक मनोज अवस्थी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया. उन्होंने कहा कि सुदामा की कथा भक्तों को संतोष की शिक्षा देती है कि अत्यंत गरीब होते हुए सुदामा जी ने अपने जीवन में धर्म का परित्याग नहीं किया. उन्होंने केवल परमात्मा को ही सब कुछ अपना माना. फलस्वरूप भगवान ने उन्हें सारी संपत्ति से भरपूर कर दिया. कृष्ण और सुदामा के चरित्र की कथा को सुन उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गये. इस अवसर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, महापौर मालती राय, पंडित जगदीश शर्मा, रामबाबू शर्मा, महेश मालवीय, पंडित नरेंद्र दीक्षित ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की. शाम को विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.



## अवधपुरी में 'समर्थ गुरु साधना केंद्र' का शुभारंभ

**भोपाल, 29 दिसंबर.** अवधपुरी में समर्थगुरुधारा के तत्वावधान में 'समर्थ गुरु साधना केंद्र' का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह का सबसे विशेष आकर्षण गुरुदेव के 'दिव्य रॉब' का अनावरण रहा. केंद्र के शुभारंभ के साथ ही आचार्य मां सीमा, आचार्य श्रीकांत, आचार्य मां श्रेया के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय 'सुरति योग' कार्यक्रम का भी आगाज हुआ. यह कार्यक्रम साधकों को 'ओंकार श्रवण' के साथ एकात्म सिखाकर के समाधि की दिव्य अनुभूतियों का अनुभव कराने की समर्थगुरु द्वारा रचित एक अनूठी विधि है.

# भावनात्मक दृश्यों ने दर्शकों का छू लिया दिल

**नाटक 'आखिरी पत्ता' का आशरा आडिटोरियम में मंचन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 दिसंबर. आशरा आडिटोरियम में सोमवार की शाम स्थानीय रंगकर्मियों ने ओ हेनरी की प्रसिद्ध कहानी 'आखिरी पत्ता' का नाट्य रूपांतरण किया. प्रस्तुति का निर्देशन रवि गोयल ने किया.**



नाटक की शुरुआत दो युवा चित्रकार मित्रों से होती है. उनमें से एक गंभीर रूप से बीमार पड़ जाती है और कहने लगती है कि जैसे ही पेड़ का आखिरी पत्ता झड़ जाएगा, उसकी जिंदगी भी खत्म हो जाएगी. दूसरी ओर एक बूढ़े चित्रकार ने अपनी कला से उस लड़की की जान बचाने के लिए आखिरी पत्ते को सचमुच जीवन दान दे दिया. भावनात्मक दृश्यों ने दर्शकों का दिल छू लिया, और प्रस्तुति ने उम्मीद और करुणा का संदेश दिया. यामिनी जमनानी ने युवा चित्रकार की भूमिका में दमदार अभिनय किया और उनके भावपूर्ण संवादों से माहौल झूम उठा. फराजा भेंग ने मित्र की भूमिका में सहज भावनाएं उभारी, जिससे दर्शक और भी भावुक हो उठे. अजय पटेल ने बूढ़े चित्रकार का किरदार निभाकर त्याग की भावना को जीवंत किया.

# भगवान को लगाए 56 भोग

**भोपाल, 29 दिसंबर. राजधानी भोपाल के एम सेक्टर स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास पं. दुर्गा प्रसाद शर्मा ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन लिया.**



उन्होंने श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में भगवान की भक्ति करते रहना चाहिए. उन्होंने हनुमान जी का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि हनुमान जी महाराज कलयुग के राजा हैं, वे सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने के साथ ही संकट का हरण भी करते हैं. कथा के दौरान गोवर्धन पूजा की गई और भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए. उल्लेखनीय है कि कालोनीवासियों के सहयोग से 25 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ था, जिसका समापन 1 जनवरी को पूर्णाहुति और भंडारे से होगा.

# एआई, बायोइन्फॉर्मेटिक्स पर विचार किए साझा

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सात दिवसीय कार्यशाला**

**भोपाल, 29 दिसंबर. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ), मशीन लर्निंग और बायोइन्फॉर्मेटिक्स पर आधारित सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया.** कार्यशाला में एआई एवं मशीन लर्निंग की मूल अवधारणाओं, प्रोटीओमिक्स, जीनोमिक्स, मेटाबोलोमिक्स, कोडॉन ऑप्टिमाइज़ेशन, वैक्सीन तकनीक, आणविक मार्कर, ड्रग डिज़ाइन, कैंसर निदान, मल्टी-ओमिक्स डेटा विश्लेषण तथा न्यूरल नेटवर्क आधारित बायोइन्फॉर्मेटिक्स टूल्स जैसे विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए गए. वक्ताओं ने आधुनिक जीवन विज्ञान, स्वास्थ्य देखभाल और प्रिसीजन मेडिसिन में संगणकीय तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर विशेष बल दिया. समापन सत्र में आयोजकों ने सभी संसाधन व्यक्तियों, प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे वैज्ञानिक आयोजनों की निरंतरता पर जोर दिया.



समापन सत्र में डॉ. किशोर शेंडे ने सात दिवसीय कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कार्यशाला की संयोजक प्रो. रागिनी गोथलवाल ने विभिन्न संस्थानों के सहयोग, प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी तथा सभी संसाधन व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

## आज 15 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 29 दिसंबर.** शहर के करीब 15 इलाकों में विद्युत वितरण कंपनी मंगलवार को मेंटनेंस करेगी. इसके लिए सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अमृत होम्स कॉलोनी, शंकराचार्य फ्लावर सिटी, किलोल बंगलो. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक महाबली नगर, सांईनाथ, मां पार्वती नगर. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रगति परिसर. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक दुर्गा नगर, रेलवे कॉलोनी, बैकुंट अपॉर्टमेंट, शक्ति नगर ए सेक्टर. दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक ग्लोबल पार्क सिटी कॉलोनी, संत आसाराम फेस-3, एबीडीएल, सेंच्यूरी स्कॉय में बिजली बंद रहेगी.

**समाज से सरोकार** मंत्री सारंग ने वर्चुअल मनाया जन्मदिन, देश में नंबर 1 पर हुआ ट्रेंड

# असहाय लोगों को बांटे गर्म कपड़े और कंबल

**भोपाल, 29 दिसंबर. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आह्वान पर जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशभर में उनके शुभचिंतकों, कार्यकर्ता व समर्थकों द्वारा सेवा और सामाजिक सरोकार के अनेक कार्य किए. मंत्री सारंग ने अनूठी मिसाल पेश करते हुए यह आह्वान किया था कि वे इस वर्ष भी अपना जन्मदिन वर्चुअल माध्यम से मनाएंगे. उन्होंने जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण से जोड़ने का संदेश दिया.**



मंत्री सारंग के आग्रह के अनुरूप कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को किताबें एवं स्टेशनरी और बेसहारा एवं असहाय लोगों को गर्म कपड़े व कंबल तथा भोजन वितरण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया. जन्मदिवस के अवसर पर मंत्री सारंग ने मथुरा में संतजनों को भोजन कराया तथा गिरिराज धाम में श्री गिरिराज जी के दर्शन-पूजन कर सभी के मंगल और कल्याण की कामना की.


मंत्री सारंग द्वारा जन्मदिन वर्चुअल रूप से मनाने की अपील का व्यापक प्रभाव देखने को मिला. देशभर से शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं. इस क्रम में ट्विटर (एक्स) पर हैशटैग स ।।क्ष्ठ्ङ्कद्बह्यद्ध1ड्डह्यस्ड्डहृड्डठ्ठद्द कई घंटों तक देश में नंबर-1 ट्रेंड करता रहा. उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि 'जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है. जन्मदिन जैसे अवसरों को सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना हम सभी का कर्तव्य है.'

# शाश्वती में संस्कृति और नारी शक्ति का संगम

**मानव संग्रहालय में 16 राज्यों से आए कलाकार, शिल्पकार**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 दिसंबर. देश भर के 16 राज्यों से आए कलाकारों, शिल्पकारों और व्यंजनों का अनोखा मेल सोमवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में देखने को मिला. शाश्वती 2025 के तहत संग्रहालय का परिसर विभिन्न कार्यक्रमों और सांस्कृतिक झलक से परिपूर्ण दिखा. विभिन्नता में एकता का परिचय कराता शाश्वती कार्यक्रम के माध्यम से नारी शक्ति, परंपरा और रचनात्मकता को केंद्र में रखा गया.**



शुरुआत सुबह कला और शिल्प गतिविधियों से हुई. महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र और कलाकृतियों ने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया.

**अन्नपूर्णा में व्यंजनों का चखा स्वाद:** अन्नपूर्णा खंड में कदम रखते ही खुशबू और स्वाद की दुनिया खुल गई. पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों ने आगंतुकों को भारत की पाक-संस्कृति की यात्रा कराई. लिट्टी-चोखा से लेकर बंगाल की गुड़ वाली मिठाइयों तक, हर स्टॉल पर महिलाओं की पारंपरिक पाक-विद्या की झलक दिखी. देश के विभिन्न राज्यों से आई करीब 35 महिला कलाकारों और शिल्पकारों ने अपने हुनर से दर्शकों को आकर्षित किया. कहीं करघे पर बुनती महिलाएं थीं, तो कहीं मिट्टी, धातु और बांस में आकार लेती कलाकृतियां.

# स्टे आदेश से आदिवासी परिवारों को राहत

## अदालत के हस्तक्षेप की पटवारी ने सराहना की



विशेष संवाददाता

**भोपाल,29 दिसंबर. सोमवार को प्रस्तावित तोड़फोड़ पर रोक लगाने वाले स्टे आदेश की सूचना मिलते ही प्रभावित आदिवासी परिवारों में राहत की लहर दौड़ गई.**

ये परिवार मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर एकत्र हुए थे, जहां अदालत के फैसले की पुष्टि होते ही उनके चेहरों पर खुशी लौट आई और महीनों से चला आ रहा तनाव समाप्त हो गया.

परिवारों को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि यह मामला केवल मकानों का नहीं, बल्कि गरीब आदिवासी परिवारों की जीवन भर की पूंजी, आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और उनके अस्तित्व से जुड़ा है. उन्होंने कहा कि सरकार जनता की होती है, खासकर गरीबों की, और यदि हाशिए पर खड़े नागरिकों को इस तरह की पीड़ा झेलनी पड़े तो यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है.

पटवारी ने बताया कि आदिवासी बस्ती की महिलाएं पिछले 60 से 70 वर्षों से इसी क्षेत्र में रह रही हैं. संकरी गलियों में कर्ज लेकर और भारी संघर्ष के बीच उन्होंने छोटे-छोटे घर बनाए, लेकिन मानस भवन के निर्माण के नाम पर प्रशासन ने उन्हें तोड़ने के नोटिस जारी कर दिए, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील है. उन्होंने कहा कि गांधीवादी मूल्यों से जुड़ी संस्थाओं का हवाला देते हुए दशकों से बसे गरीब परिवारों को उजाड़ना विडंबनापूर्ण है. बढ़ती महंगाई के बीच महिला सशक्तीकरण की बात करने वाली सरकार पर भी उन्होंने सवाल उठाए, जब परीक्षा के महत्वपूर्ण समय में घरों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही हो.

पटवारी ने उम्मीद लौटाने के लिए न्यायपालिका का आभार व्यक्त किया और पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, भोपाल नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सविस्ता ज़की तथा मीडिया को निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, आदिवासियों और वंचितों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी.



# शीतलहर और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित

**भोपाल, 29 दिसंबर. हिमालयी क्षेत्रों में जारी बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण एमपी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश के तापमान में तेज गिरावट दर्ज कराई है.**

मंदसौर में रात का न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जहां ओस की बूंदें जमती नजर आईं. मौसम विभाग के अनुसार, जेट स्ट्रीम की तेज रफ्तार और उत्तरी हवाओं के प्रभाव से ठंड का असर और बढ़ गया है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहा. अधिकतम तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की सूचना नहीं है. रीवा और शहडोल संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 से 2.6 डिग्री सेल्सियस तक कम दर्ज हुआ, जबकि शेष संभागों में तापमान सामान्य रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो रीवा संभाग में यह 3.2 डिग्री तक बढ़ा, लेकिन भोपाल संभाग में सामान्य से 3.7 डिग्री तक कम रहा.

इंदौर, जबलपुर और सागर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से 1.7 डिग्री तक कम दर्ज किया गया.

प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर और घना कोहरा छाया हुआ है. ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं-कहीं घना कोहरा देखा गया, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई. शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह और मैहर जिलों में मध्यम कोहरा छाया रहा. वहीं भोपाल, सिहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास और शाजापुर जिलों में शीतलहर का असर दर्ज किया गया. कोहरे का असर रेल यातायात पर भी पड़ा है. ग्वालियर-चंबल और उत्तरी मध्यप्रदेश के क्षेत्रों में कई ट्रेनें 4 से 5 घंटे तक देरी से चल रही हैं. मौसम विभाग ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में ट्रफ के रूप में सक्रिय है, जबकि दक्षिण राजस्थान के ऊपर 12.6 किमी की ऊंचाई पर 287 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं.

## एक नजर में

### 2025 में पश्चिम मध्य रेलवे की उल्लेखनीय उपलब्धियां

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के लिए अधोसंरचना विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और राजस्व वृद्धि के लिहाज से उपलब्धियों से भरा रहा. महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देते हुए पमरे ने योजनाबद्ध तरीके से नेटवर्क का विस्तार किया. कैलेंडर वर्ष 2025 में पश्चिम मध्य रेलवे ने कुल 143 किलोमीटर नए रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का कमीशनिंग किया, जिसमें 87 किमी नई रेल लाइन, 40 किमी दोहरीकरण-तिहरीकरण तथा 15.85 किमी लंबा कटनी रेल फ्लाईओवर शामिल है.

### डॉ. अवधेश बने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा डॉ. अवधेश प्रताप सिंह को मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है. इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किए गए. वर्तमान में मानव अधिकार आयोग के सदस्य के रूप में कार्यरत डॉ. सिंह को अपने पद के साथ-साथ आगामी आदेश तक अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है. डॉ. अवधेश प्रताप सिंह इससे पूर्व विधानसभा में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं और प्रशासनिक व विधायी कार्यों का व्यापक अनुभव रखते हैं. शासन के आदेश के बाद उन्होंने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार विधिवत ग्रहण कर लिया है.

# 21 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण

## गांव के आत्मनिर्भर होने से देश होगा आत्मनिर्भर : जगदीश देवड़ा

**मल्हारगढ़, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि गांव के आत्मनिर्भर होने से देश आत्मनिर्भर होगा.**

देवड़ा ने सोमवार को जिले के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलिया कराडिया में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया. इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि गांव जब आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा. उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता पर विशेष



ध्यान देने, बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता अभियान में सहभागी बनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि आज मल्हारगढ़ क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में सड़कों का व्यापक विकास हुआ है.

उन्होंने 01 करोड़ 07 लाख की लागत से निर्मित पिपलिया कराड़िया गांव से हाईस्कूल पहुंच मार्ग एवं 01 करोड़ 77 लाख की लागत से निर्मित खंडेरिया मारू से नावनखेड़ी मार्ग का लोकार्पण किया. उन्होंने 7 करोड़ 86 लाख की लागत से लिलदा से नाहरगढ़ पित्याखेडी मार्ग का भूमि-पूजन किया. इसके साथ ही 6 करोड़ 90 लाख 97 हजार की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी तथा 1 करोड़ 99 लाख 90 हजार की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलिया कराड़िया का भी लोकार्पण किया.



# पुलिस ने लौटाए 15 लाख के मोबाइल

## 77 लोगों के खिले चेहरे

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,29 दिसंबर. पुलिस अधीक्षक देहात रामशरण प्रजापति ने सोमवार को 15 लाख की कीमत के 77 गुम मोबाइल फोन लोगों को सौंपे.**

एक साल से गुम फोन को बरामद करते हुए देहात पुलिस ने नए साल से पहले उनके मालिकों तक पहुंचाया. एसपी कार्यालय में मोबाइल फोन लेने पहुंचे लोगों के चेहरे खिले हुए नजर आए. एसपी प्रजापति ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि देहात थाना इलाकों में लोगों ने मोबाइल फोन गुम होने के संबंध में आवेदन दिया था.

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का विश्लेषण कर गुम मोबाइल फोन की सर्चिंग की.

# एमपी पुलिस की वाहन चोरों पर बड़ी कार्रवाई



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए पिछले सात दिनों में बड़ी सफलता हासिल की है.**

पुलिस ने विभिन्न जिलों में की गई कार्रवाई के दौरान 41 चोरी की गई मोटरसाइकिलें और तीन कारें बरामद की हैं. यह अभियान पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और अपराध के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति को दर्शाता है.

मुरैना जिले में अम्बाह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कीं. जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 4.5 लाख रुपए बताई गई है. वहीं नरसिंहपुर में पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर करीब छह लाख रुपये मूल्य की 10 चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कीं.

## चाकूबाजी में दो युवक घायल

भोपाल. टीटी नगर थाना इलाके में चाकूबाजी की घटना में दो युवक घायल हो गए. रुपयों के लेन-देन को लेकर युवकों के बीच पहले मारपीट हुई. मामले शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की. फरियादी नीलेश चौहान (25) निवासी अर्जुन नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. नीलेश ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का काम करता है. रविवार को देर रात को जब वह सड़क के किनारे अपने दो दोस्तों के साथ खड़ा था. तब उसकी पहचान का एक युवक नितिन बंसल उसके पास आया. नितिन ने नीलेश से आपसी पहचान के युवक आदित्य चौहान से कुछ रुपए दिलवाने की बात कही. आदित्य और नीलेश कुछ समय बाद नितिन के घर रुपए लेकर पहुंचे.

# आरक्षण चार्ट तैयार करने की बदली प्रक्रिया

**भोपाल,29 दिसंबर. यात्रियों को आरक्षण की स्थिति की समय रहते सटीक जानकारी उपलब्ध कराने और प्रतीक्षा सूची यात्रियों की असमंजस की स्थिति को कम करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड ने आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है.**

इस संबंध में सभी जोनल रेलवे को निर्देश जारी कर दिए गए हैं. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल पर यह नई व्यवस्था 1 जनवरी 2026 से लागू होगी. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय प्रात: 5:01 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच होता है, उनकी पहली आरक्षण



चार्ट प्राथमिकता के आधार पर पिछले दिन रात 8:00 बजे तक तैयार कर ली जाएगी. इससे यात्रियों को एक दिन पहले ही अपनी आरक्षण स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी और वे यात्रा को लेकर समय रहते निर्णय ले सकेंगे. इसी तरह, जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय दोपहर 2:01 बजे से रात 11:59 बजे तक तथा रात्रि 12:00 बजे से प्रात: 5:00 बजे के बीच होता है, उनकी पहली आरक्षण चार्ट अब न्यूनतम 10 घंटे पूर्व तैयार की जाएगी. इसके अनुसार इमरजेंसी कोटे के आवेदन भी एक दिन पूर्व स्वीकार किए जाएंगे.

रेलवे प्रशासन के अनुसार इस नई व्यवस्था से यात्रियों को बार-बार स्टेशन आने-जाने से राहत मिलेगी, लंबी दूरी की यात्राओं में अनिश्चितता कम होगी और मानसिक तनाव में भी कमी आएगी. कुल मिलाकर इससे यात्री सुविधा और यात्रा अनुभव में उल्लेखनीय सुधार होगा. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी आरक्षण स्थिति की जानकारी अधिकृत माध्यमों से समय-समय पर प्राप्त कर यात्रा की योजना बनाएं.

# बकायादार की भूमि कुर्क की

## बिजली बिल वसूली के लिए भूमि कुर्की का पहला मामला

**भोपाल/ दतिया, 29 दिसंबर. प्रदेश में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकायादारों की भूमि अथवा संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है.**

बिजली बिल वसूली को लेकर भूमि कुर्की का पहला मामला सामने आया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया जिले के बड़े बकायादार उच्चदाव उपभोक्त के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई है. कंपनी के दतिया वृत्त के महाप्रबंधक धर्मेन्द्र कौशिक ने बताया कि मैसर्स पीताम्बरा स्टोन क्रेशर के संचालक सत्यवीर सिंह गुर्जर पर कंपनी का 48,39,505/- रू. बिल बकाया था. उन्होंने यह राशि जमा नहीं की तो कंपनी द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से भूमि कुर्की की कार्रवाई की गई.

कौशिक ने बताया कि दतिया जिले के ग्राम गोविन्दगढ़ में सत्यवीर सिंह गुर्जर, निवासी मुरैना द्वारा पीताम्बरा स्टोन केशर के नाम से उच्चदाब कनेक्शन लिया गया था, लेकिन उपभोक्ता के द्वारा लगातार विद्युत बिल राशि का भुगतान न करने के कारण 48,39,505 /- रू. बकाया हो गई. बिजली कंपनी द्वारा शुरूआत से ही कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई.

## ननि आयुक्त से मिलकर की शिकायत

**भोपाल.** कोलार इलाके वार्ड 83 राजवैद्य बी सेक्टर कॉलोनी में नाले के किनारे शासकीय जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया है. सोमवार को स्थानीय लोग शिकायत लेकर माता मंदिर नगर निगम कार्यालय पहुंचे. आयुक्त संस्कृति जैन को ज्ञापन देकर लोगों ने कार्रवाई की मांग की. लोगों ने इस मौके पर कहा कि शासकीय जमीन पर खुलेआम राजू पाटनकर ठेकेदार जो खुद को भाजपा नेताओं का खास बताता है. पाटनकर स्वच्छता अभियान व पार्क विकसित करने के नाम पर कब्जा कर रहा है. इसके चलते लोग पिछले कई दिनों से परेशान हैं.

# टॉवर पर चढ़े युवक को पुलिस ने सकुशल नीचे उतारा

**भोपाल, 29 दिसंबर. अयोध्या नगर पुलिस की सूझबूझ से सोमवार को बड़ा हादसा टला. पुलिस ने टॉवर पर चढ़े युवक को सकुशल नीचे उतारा.**

थाना क्षेत्र अंतर्गत मीनल रेजीडेंसी स्थित हाई-टेंशन लाइन के एक टॉवर पर चढ़े युवक की पहचान नरसिम्हा गरवे (30) निवासी ओल्ड सुभाष नगर के रूप में हुई. युवक के अचानक टॉवर पर चढ़ने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने



एक पुलिस टीम भेजी. इस मौके पर पुलिस ने युवक नागसिंहमा की समस्या को गंभीरता से सुना और समाधान की कार्रवाई की.

## वन रक्षक पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप

**भोपाल.** विधानसभा क्षेत्र 154-गोविन्दपुरा में निर्वाचन कार्य में तैनात वन रक्षक किशोर मेहरा पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप का मामला सामने आया है. बूथ लेवल अधिकारियों की ड्यूटी निरस्त करने के बदले 12 हजार रुपये लेने का आरोप उन पर लगा है. 24 और 25 दिसंबर की बातचीत के आधार पर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार प्रमाणित होने की शिकायत दर्ज की गई. मामले को मप्र सिविल सेवा (अपील, नियंत्रण एवं वर्गीकरण) नियम 1966 के नियम-10 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13(कक) का उल्लंघन माना गया है.

# बस में घुसा जेसीबी का पंजा

## हादसा : चालक को आई गंभीर चोटें

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 29 दिसंबर. भदभदा रोड पर हुए सड़क हादसे में सोमवार को एक कॉलेज बस का चालक बुरी तरह से घायल हो गया. यह हादसा तब हुआ जब देर शाम को बस के आगे चल रही एक जेसीबी का पंजा बस में घुस गया.**

इस दौरान बसे के अंदर कई बच्चे में सवार थे. हादसे की चपेट में आए चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है. भदभदा रोड पर देर शाम 6 बजे हादसा हुआ. हादसे के दौरान कई लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया. रोड पर जाम की स्थिति भी बनी थी. बस चालक अपने आगे चल रही जेसीबी से बहुत कम दूरी पर अपना वाहन चला रहा था. इसी बीच जेसीबी का पंजा तेजी से बस में घुस गया. इस हादसे के चलते बस चालक पैर, हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं. गंभीर रूप से घायल चालक को तुरंत ही नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है. इस हादसे में बस के अंदर सवार बच्चों और कंटक्टर के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है.

कानून-व्यवस्था ▸ ये घटनाएं पुलिस के 'देशभक्ति-जनसेवा' के ध्येय वाक्य को सजीव रूप में दर्शाती हैं

# त्वरित कार्रवाई से एमपी पुलिस ने लौटाई मुस्कान



विशेष संवाददाता

**भोपाल,29 दिसंबर. अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना जहां मध्यप्रदेश पुलिस की मूल जिम्मेदारी है, वहीं आम नागरिकों की सेवा और सहायता के प्रति उसकी संवेदनशीलता भी निरंतर सामने आ रही है.**

शाजापुर जिले के शुजालपुर और सागर जिले में सामने आए दो सराहनीय मामलों में पुलिस की त्वरित और मानवीय कार्रवाई ने प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत दी. ये घटनाएं पुलिस के 'देशभक्ति-जनसेवा' के ध्येय वाक्य को सजीव रूप में दर्शाती हैं. शुजालपुर मंडी क्षेत्र में कक्षा तीसरी की छात्रा चेरी नायक का स्कूल बैग एक ऑटो में छूट गया था. बैग में उसकी कॉपियां और किताबें थीं. बच्ची की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए शुजालपुर मंडी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. एसडीओपी निमिष देशमुख के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई. सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र परस्ते और हेड कांस्टेबल सुनील गुर्जर ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर ऑटो की पहचान की और चालक परवेज को खोज निकाला.

पुलिस की समझाइश और बच्ची की भावनाओं को देखते हुए चालक ने बैग लौटा दिया.

दूसरी घटना में सागर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक युवक का भविष्य संवारने में अहम भूमिका निभाई. युवक आर्मी भर्ती प्रक्रिया के लिए सागर आया था, लेकिन उसका महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग ऑटो में छूट गया. सागर पुलिस कंट्रोल रूम के उपनिरीक्षक आरकेएस चौहान ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से जानकारी और ऑटो की तस्वीरें साझा कीं. इसके बाद ऑटो चालक स्वयं आगे आया और बैग पुलिस को सौंप दिया. बांदा (उ.प्र.) पुलिस और ग्राम प्रधान गायत्री सिंह की मदद से युवक को चिन्हित कर उसके दस्तावेज लौटा दिए गए. दस्तावेज पाकर युवक की आँखों में खुशी के आंसू छलक पड़े.

# महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

## महिलाओं के साहस, संघर्ष और नेतृत्व से हुआ कांग्रेस का निर्माण

विशेष संवाददाता

**भोपाल,29 दिसंबर. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का निर्माण महिलाओं के साहस, संघर्ष और नेतृत्व से हुआ है.**

उन्होंने कहा कि अब महिला कांग्रेस पूरे प्रदेश में महिलाओं के हक और सम्मान की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी. कमजोर वर्ग की महिलाओं के साथ शोषण और अत्याचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और 'आधी आबादी' को पूरा न्याय दिलाने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है. जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए रीना बौरासी ने कहा कि कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की महिला नेतृत्व की गौरवशाली परंपरा को याद करना जरूरी है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस का गठन वर्ष 1917 में एनी बेसेंट के नेतृत्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से हुआ था. इसके बाद 1925 में सरोजिनी नायडू ने कांग्रेस का नेतृत्व किया और 1933 में नीली सेनगुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने कांग्रेस के बैनर तले सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की.

## सोनिया गांधी ने महिलाओं को आगे बढ़ाया



रीना बौरासी ने कहा कि देश में इंदिरा गांधी और कांग्रेस में सोनिया गांधी के नेतृत्व में महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया. जबलपुर की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए रीना बौरासी ने एक दिव्यांग महिला के कथित अपमान और क्रिसमस के अवसर पर एक नेत्रहीन महिला के साथ हुई अभद्रता को बेहद चिंताजनक बताया.

नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# कांग्रेस को संगठन तो मजबूत करना ही होगा

**भा**रतीय राजनीति में संगठन की भूमिका केवल चुनावी ढांचे तक सीमित नहीं होती, बल्कि वही किसी भी दल की वैचारिक जीवटता, नेतृत्व की निरंतरता और कार्यकर्ताओं की राजनीतिक ऊर्जा को दिशा देता है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाल ही में एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए इसी प्रश्न को उठाया, तस्वीर में लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और नरेंद्र मोदी ज़मीन पर बैठे एक सामान्य कार्यकर्ता की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं.

दिग्विजय सिंह ने इस दृश्य को उदाहरण बनाकर लिखा कि संगठन की असली शक्ति इसी में निहित होती है कि एक साधारण कार्यकर्ता भी समय आने पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सके. दिग्विजय सिंह का यह संकेत केवल अतीत की एक घटना का स्मरण नहीं, बल्कि कांग्रेस के संगठनात्मक भविष्य को लेकर गंभीर आत्ममंथन का आग्रह प्रतीत होता है. आज जब राजनीति का स्वरूप चुनावी मैनेजमेंट और तात्कालिक गठबंधनों तक सिमटता दिखाई देता है, तब संगठन की बुनियादी मज़बूती एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आती है. स्वयं कांग्रेस के भीतर भी अनेक वरिष्ठ नेता व पुराने कार्यकर्ता समय-समय पर इस चिंता को व्यक्त करते रहे हैं कि दल की सबसे बड़ी कमजोरी आज उसके जमीनी ढांचे की ढिलाई और कार्यकर्ता-नेतृत्व संवाद की कमी है. दिग्विजय सिंह के बयान का निहितार्थ इसी संदर्भ में समझा जाना चाहिए. उन्होंने न तो किसी व्यक्ति-विशेष की आलोचना की, न ही किसी गुटीय राजनीति को हवा देने का प्रयत्न. बल्कि यह संदेश देने की कोशिश की कि एक राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस के लिए मज़बूत संगठन केवल चुनावी आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय भूमिका निभाने की पूर्व शर्त है.

भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में अनेक सशक्त राष्ट्रीय दलों का होना देश की एकता, संतुलन और राजनीतिक स्थिरता के लिए भी जरूरी माना जाता है. ऐसे में एक सक्रिय, विचारधारा-संचालित और जमीनी स्तर पर जीवंत कांग्रेस का बने रहना राष्ट्रहित से जुड़ा प्रश्न है. स्वाभाविक है कि जब कांग्रेस के 'राष्ट्रीय नेतृत्व' की बात उठती है, तो नेहरू-गांधी परिवार का नाम सामने आता है. दिग्विजय सिंह का संकेत भी कहीं न कहीं इस दिशा में प्रतीत होता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को संगठन के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी अधिक सक्रियता से संभालनी होगी. केवल वैचारिक वक्तव्यों या राजनीतिक अभियानों से आगे बढ़कर संगठन को कार्यकर्ता-केन्द्रित, संवाद समर्थ और प्रशिक्षण आधारित ढांचे में परिवर्तित करना समय की मांग है.

आज की राजनीति में नेतृत्व का अर्थ केवल शीर्ष पदों पर बैठे चेहरे नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं की आवाज़ से भी है जो गांव, कस्बों और मोहल्लों में पार्टी की पहचान बनाते हैं. अगर कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा के साथ उभरना है, तो उसे अपनी जड़ों तक लौटते हुए उसी मॉडल को अपनाना होगा जिसमें संगठन कार्यकर्ता को अवसर देता है, उसे आगे बढ़ाता है और नेतृत्व को स्थायी बनाता है. इस दृष्टि से दिग्विजय सिंह की टिप्पणी किसी आलोचना की तरह नहीं, बल्कि एक रचनात्मक चेतावनी की तरह देखी जानी चाहिए. यह कांग्रेस के लिए आत्मविश्लेषण का अवसर है कि वह इतिहास की सबसे पुरानी राजनीतिक परंपरा के रूप में अपनी वैचारिक विरासत को संगठनात्मक मज़बूती में कैसे बदलती है. क्योंकि अंततः मज़बूत संगठन ही मज़बूत विपक्ष और सशक्त लोकतंत्र की गारंटी होता है.

# दिग्गी राजा का पोस्ट | पीएम मोदी और संघ की तारीफ


दिलीप झा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने 14 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की कमान नितिन नबीन को सौंप कर देशभर के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं को और खासकर विपक्षी दलों को बहुत जबरदस्त संदेश दिया है कि इस तरह के फैसले सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही लिये जा सकते हैं और किसी दल में यह कतई संभव ही नहीं है. क्योंकि विपक्षी दलों को परिवारवाद की जड़ इतनी गहराई से जकड़े हुए हैं कि उनके फैसले उनके कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए रत्तीभर कारगर नहीं होते हैं. यह सर्वविदित है कि परिवारवाद के आकंठ में डूबा विपक्षी दल की राजनीति अभी भी वहीं तक सीमित है और उनकी परंपरागत रणनीति के खिलाफ उनके दल के भीतर से ही उनके ही वरिष्ठ नेता द्वारा आवाज उठने लगी है.

पिछले छह महीने से पूरे देश में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं. इसको लेकर बहुत सारे चैनल पर तो केवल शार्ट लिस्टिंग की खबरें चलने लगी थीं कि तीन नामों से ही किसी एक पर मुहर लगाई जा सकती है. इनमें धर्मेन्द्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान और भूपेंद्र यादव के नाम चल रहे थे. लेकिन राजनीति के पंडितों की अटकलें एक बार फिर पूरी तरह से फेल हो गई. दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11 साल से अपने चौंकाने वाले फैसलों से न केवल देश की जनता का दिल जीता है बल्कि अपनी पार्टी की सांगठनिक क्षमता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने में अपार सफलता हासिल की है. इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि राजनीति के चाणक्य अमित शाह और मोदी की राजनीतिक जोड़ी ने पिछले चार दशकों से एक नया आयाम स्थापित कर बीजेपी को नई दृष्टि दी है. गृहमंत्री ने देश में शांति की बहाली की प्रतिबद्धता के साथ अपनी दूरदर्शी सोच से नक्सलियों को हथियार डालने का आह्वान किया और इसमें उन्हें भारी सफलता मिली है.



निस्संदेह मोदी और शाह के नेतृत्व वाली बीजेपी ने राजनीति के हीरे को पहचान कर उन्हें मुकाम तक पहुंचाया है. कुछ लॉबी इनके विरुद्ध रहे हैं लेकिन मोदी शाह की वर्किंग स्टाइल के आगे उनकी दाल कभी नहीं गली. वहीं लॉबी बीजेपी और आरएसएस के बीच दूरियां बनाने की कोशिश में भी लगी रही लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. इस बीच आरएसएस और भाजपा के सांगठनिक क्षमता की प्रशंसा करके मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस पार्टी के भीतर खलबली मचा दी है. क्योंकि एक ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र में यह बयान दिया था कि बीजेपी सरकार को संघ चलाता है और हर जगह अपने लोगों को बैठा रखा है, वहीं दूसरी ओर दिग्गी राजा की वह पोस्ट जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और प्रियंका को टैग करके पुरानी तस्वीर जारी करते हुए लिखा है कि यह प्रभावशाली हैं. कैसे आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक, जनसंघ और भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर सीएम और पीएम बना. यह संगठन की शक्ति है. जय सिया राम. दिग्विजय सिंह मजे हुए राजनीतिज्ञ हैं. कुछ कहने का लहजा भी उनका निराला होता है.

उनकी पोस्ट की चर्चा देश-विदेश में होने लगी तो कुछ दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने उनके समर्थन में उतर आए. पूर्व मंत्री और वर्तमान सांसद शशि थरूर और पूर्व कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने दिग्विजय सिंह की चिंता को सही ठहराया की कांग्रेस की सांगठनिक ढांचा दिनोंदिन गिरता जा रहा है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है. मध्यप्रदेश कांग्रेस में भी सांगठनिक स्तर पर बहुत खामियां उजागर हो रही हैं. इसको लेकर हाल फिलहाल में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस नेताओं ने जोरदार हंगामा भी किया है. इसका मतलब स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के अंदर भी घमासान बरकरार है. बात ऊपर तक जा रही है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में उनकी मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा कि वह राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ युगदृष्टा व्यक्ति थे. भाजपा को संघर्ष से सत्ता शिखर तक पहुंचाने में हमारे तीन मूर्ति, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई के त्याग का देश ऋणी है. राजनीति के जानकार बताते हैं कि मोदी पिछले 12 वर्षों से देश की जनता से राम और हनुमान की भक्तिभाव की तरह जुड़े हुए हैं. वे देश हित में समर्पित और भावविभोर तरीके से काम करते हैं, इसलिए ओछी राजनीति करने वालों से विचलित नहीं होते हैं. मोदी ने कहा कि भारत सुधार एक्सप्रेस पर सवार है और युवाओं को सशक्त बनाना इन सुधारों का लक्ष्य है.

**( लेखक नवभारत भोपाल के संपादक हैं )**

## विन्ध्य की डायरी



# कहीं सत्ता और संगठन के बीच तालमेल के लिए तो नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री


डॉ रवि तिवारी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का एक दिवसीय सतना प्रवास सिर्फ लोकार्पण और शिलान्यास तक सीमित नही था. जिले में पार्टी के भीतर चल रही उथल-पुथल को साधने की कोशिश भी थी. प्रवास में हर कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी जिले की अब तक घोषित नहीं हुई कार्यकारणी और जिला विकास समिति की अधूरी पड़ी गतिविधियों की ओर भी इशारा कर रही है.

जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल के अभाव के कई किस्से स्थानीय स्तर पर पहले ही चर्चा में आ चुके हैं. जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री का भाजपा जिला कार्यालय जाकर जिला कोर ग्रुप की बैठक लेना,इसी का हिस्सा माना जा रहा है. अब देखना यह है कि आने वाले समय में किस निर्वाचित प्रतिनिधि को कितना महत्व मिलता है पर यह तय है कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय की कमी पार्टी के लिए कभी भी हानिकारक सिद्ध हो सकती है.

### कांग्रेस दो फाड़ में

तमाम प्रयास के बाद भी कांग्रेस की गुटबाजी समाप्त होने का नाम नही ले रही है. संगठन में अनुशासन न होने के कारण नेता और पदाधिकारी अपनी ढ़पली अपना राग अलाप रहे है. हाल ही में ऊर्जाधानी में एक आदिवासी बैगा युवक के साथ वनकर्मियों ने मारपीट की और एफआईआर तक नही हुई. दो फाड़ में यहां कांग्रेस नजर आई. पीड़ित युवक को न्याय दिलाने के लिये कांग्रेस सडक़ पर उतर आई और जमकर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह प्रदर्शन से नदारत रहे. कही न कही कोतवाली और चौकी प्रभारी के विरोध में नही खड़ा होना चाह रहे थे ऐसी चर्चा पार्टी के अंदर है. लिहाजा दो फाड़ में कांग्रेस देखने को मिली. पूरे मामले की जानकारी हाई कमान को भी दी गई है और अंदर ही अंदर कांग्रेसियो के बीच एक द्वंद भी शुरू हो चुका है. ऐसे में कांग्रेस संगठन कैसे मजबूती के साथ सत्ता पक्ष के आगे खड़ा हो पाएगा. जब आपसी द्वंद ही नही समाप्त हो रहा है.

### ...जब सांसद पुत्र की रोक दी गाड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खेलो इंडिया और फिट इंडिया से प्रेरित सांसद कप खेल प्रतियोगिता पूरे जिले भर में उत्साह के साथ हुई. जहा खिलाडिय़ों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. प्रतियोगिता का उद्देश्य भी खेल को बढ़ावा देना था पर समापन के दौरान विवाद की स्थित बन गई. स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स रीवा में विजेता खिलाडिय़ो ने पुरस्कार राशि को लेकर जमकर हंगामा किया. यहां तक कि मेडल वापस कर दिये. कार्यक्रम से बाहर निकल रहे सांसद जनार्दन मिश्रा के पुत्र तथागत मिश्र उर्फ कबीर की गाड़ी रोक कर खिलाडिय़ों ने अपनी भड़ास निकाली.

### जारी सूची में बना दिया जनपद अध्यक्ष

भाजपा के अंदर भी अब अंधेरगर्दी शुरू हो चुकी है, लग रहा है कि संगठन के अंदर सब कुछ ठीक नही चल रहा है. सेमरिया नगर पंचायत में होने वाले चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष रीवा ने स्टार प्रचारको की जो सूची जारी की वह चर्चा की विषय बन गई. दरअसल जारी सूची के 13 वें नम्बर में जो नाम राजेश यादव का दिया गया उसके आगे जनपद अध्यक्ष का पद दर्शाया गया. जबकि वास्तव में वह जनपद अध्यक्ष रीवा के पति है न की खुद जनपद अध्यक्ष है. अब लोग कयास लगा रहे है कि कही न कही राजनीतिक कद बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है या फिर सूची में चूक हुई है.

# बच्चों के अपहरण की गंभीर समस्या

**देश** में मानव तस्करी या ह्यूमन ट्रैफिकिंग के 2018 से 2022 तक 10,659 मामले सामने आए हैं लेकिन इसमें सजा की दर सिर्फ 4.8 प्रतिशत रही. इस तरह काफी बड़ी तादाद में अपराधी कानून की पकड़ से बच निकलते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कर्नाटक से बच्चे का अपहरण करने के आरोपी की अपील ठुकरा दी. बच्चों के अपहरण व यौन शोषण के दोषियों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए. हर बच्चे को शोषण से बचाव के लिए कानून व संवैधानिक संरक्षण दिया जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा व जायमाल्या बागची की पीठ ने ऐसे संगठित अपराधी गिरोहों को लेकर चिंता व्यक्त की जो बच्चों का अपहरण करने, उन्हें बेचने व शोषण में लिप्त हैं. ऐसे मामले बहुत पकड़ में आते हैं और उनमें सजा की दर भी काफी कम है. सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों का अपहरण करने से संबंधित मामलों से निपटने के लिए अधीनस्थ अदालतों को मार्गदर्शन किया है व कहा है कि शोषण के शिकार का बयान यदि विश्वसनीय प्रतीत होता है तो वह अपराधी को सजा सुनाने के लिए पर्याप्त है. आशा है कि निचली अदालतें इस पर अमल करेंगी. बच्चों के अपहरण व तस्करी से संबंधित शिकायतों की तत्परता से जांच की जानी चाहिए. ऐसे गिरोह बच्चों के शोषण के अलावा उन्हें भीख मांगने, बंधुआ मजदूर बनाने, अपराध की दुनिया में ढकेलने का काम करते हैं. ऐसे प्रकरणों में सरकार व सिविल सोसाइटी को भी जिम्मेदारी निभानी होगी. ऐसे बच्चों को अपहरणकर्ता गिरोह के चंगुल से बचाने और पुनर्वास का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है. पुलिस को बस अड्डा, टोल नाका व रेलवे स्टेशन पर गुप्तचरों के माध्यम से निगरानी रखनी होगी और संदिग्ध मामले में तत्काल कार्रवाई करनी होगी. इसमें जरा भी विलंब करने पर अपराधी बच निकलते हैं. डेटा, डिजिटल माध्यम व सीसीटीवी से अपराधियों पर कड़ी नजर रखनी होगी. यदि ट्रेन या वाहन में भी कोई बच्चा अनजान लोगों के बीच डरा-सहमा नजर आए तो लोग तत्काल पुलिस को सूचित करें. सिर्फ कानून बन जाने से किसी की रक्षा नहीं होती, इसके लिए तत्परता से कार्रवाई करनी होती है.


*बच्चों के अपहरण व तस्करी से संबंधित शिकायतों की तत्परता से जांच की जानी चाहिए. ऐसे गिरोह बच्चों के शोषण के अलावा उन्हें भीख मांगने, बंधुआ मजदूर बनाने, अपराध की दुनिया में ढकेलने का काम करते हैं.*

संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

## निशानेबाज

# सुप्रिया हैं समंदर की मछली पुणे में हुई हालत पतली

**प**ड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, शरद पवार की बेटी व राकांपा सांसद सुप्रिया सुले के एक बयान ने पुणे की राजनीति में तूफान ला दिया. पार्टी के पुणे शहराध्यक्ष प्रशांत जगताप के इस्तीफे से वहां की राजनीति पर पड़नेवाले असर के बारे में पूछे जाने पर सुप्रिया झल्ला गईं. उन्होंने फटकारते हुए कहा कि तुम लोगों को डबके (पानी भरे छोटे गड्ढे) में रहने का बहुत शौक है. मैं समंदर की मछली हूं. पुणे शहर और उसकी राजनीति पर बहुत चर्चा हो चुकी है. इस दुनिया में बात करने के लिए और भी बहुत कुछ है.'

हमने कहा, 'शरद पवार, अजीत पवार, सुप्रिया सुले की राजनीति का केंद्रबिंदु बारामती और पुणे ही है लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में सांसद होने की वजह से सुप्रिया खुद को समंदर की मछली मानने लगी हैं. वह अपना व्यापक दायरा बताना चाहती हैं.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज समंदर की मछली व्हेल, शार्क, कॉड, जेली फिश, स्टार फिश हुआ करती हैं. सुप्रिया इनमें से कौन हैं? इस बयान से हमें वह बालगीत याद आता है- भरा समंदर, गोपीचंदर, बोल मेरी मछली कितना पानी!'




हमने कहा, 'समंदर के पानी के समान सुप्रिया का बयान भी खारा है. उसमें जरा भी मिठास नहीं है.'

हमने कहा, 'दुबई में ऐसे संयंत्र लगे हैं जिनमें समुद्र के खारे पानी कोमीठा बनाया जाता है. इस प्रक्रिया को डिसैलनाइजेशन कहते हैं. मछली का महत्व इस बात से समझिए कि भगवान विष्णु ने स्वयं मत्स्यावतार लिया था और प्रलय के समय महाराजा मनु की विशाल नौका को खींचकर ऊंचाई पर सुरक्षित ले गए थे. कुछ ऐसी ही कहानी बाइबिल में नोआज आर्क नाम से है.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल जैसे समुद्र तट वाले राज्यों में मछली बहुत खाई जाती है. इनमें पाम्फ्रेट, रोहू, कतला, ट्राउट, मैकरेल, हेरिंग, हेलीबट, ट्यूना, बासा आदि का समावेश है. बच्चों को पोषण के लिए कॉड लिवर आइल या शॉर्क लिवर आइल या उसकी कैप्सूल देते हैं. आप चाहें तो गा सकते हैं- मछली जल की रानी है, जीवन उसका पानी है, हाथ लगाओ डर जाती है, बाहर निकालो मर जाती है.'

## शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

### CROSS WORD 12126 - डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | ■ | 13 | | |
| 14 | ■ | 15 | 16 | | | | ■ |
| 17 | 18 | | | ■ | | 19 | 20 |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | |

**बाएं से दाएं**
1. उजबेक (सोवियत) प्रजातंत्र का एक सूबा 5. आभा, दीप्ति, सूर्य की एक पत्नी 7. अगहन के बाद और माघ के पूर्व का महीना 8. धातु निर्मित छोटी और पतली तीली 19. कड़कड़ाते हुए घी या तेल में डालकर पकाना 11. न, नहीं, सम्मति, राय 12. वह प्रणाली अथवा जलमार्ग जिसमें वर्षा का पानी बहता है, गंदे जल का बहने का मार्ग 13. हिलोर, तरंग 15. कुबेर (सं.) 17. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बनाया हुआ विभाग (उर्दू) 19. बर्बादी, अस्तित्व न रह जाना 21. हाथ, महसूल 22. अपवित्र, मैला-कुचैला 25. शक्ति, सामर्थ्य 26. प्रसिद्ध (उर्दू)

**ऊपर से नीचे**
1. लायक पुत्र, योग्य एवं अच्छा पुत्र 2. उंगलियों में दबाकर रगड़ना, जोर से दबाना 3. राजा उग्रसेन का पुत्र जिसका वध कृष्ण ने किया था 4. दलाल का कार्य, इस कार्य की उजरत 6. एक भाषा का दूसरी भाषा में किया हुआ अनुवाद, तर्जुमा 10. अयोग्य 11. गंध देना, बास आना 13. गीत गाने का सुंदर ढंग, संगीत में ताल का ठीक होना 14. समान, तुल्य, बराबर का 16. क्षमा करना 18. अंतःपुर, जनानखाना (उर्दू) 20. बड़ा नगर, पुर (उर्दू) 23. प्राप्त करना, हासिल करना 24. अल्प, थोड़ा (उर्दू)

### Solution 12125

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | ता | ब | न | र्जी | ■ | आ |
| ह | ■ | क | स | क | ■ | को | ई |
| त्व | रि | त | ■ | सी | मां | त | ■ |
| ■ | क्त | ■ | प | र | ■ | वा | जी |
| अं | ता | क्ष | री | ■ | सु | ल | भ |
| ध | ■ | ■ | क्षा | ल | त | ■ | ■ |
| का | फि | र | ■ | क | सा | व | ट |
| र | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | र |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है

वर्ष के प्रारंभ में चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा. राज्य, सम्मान की प्राप्ति होगी. गृहकार्यो में व्यस्तता रहेगी. धन लाभ का योग है. मन में प्रसन्नता रहेगी. वर्ष के मध्य में यात्रा का योग है. व्यय में कमी तथा व्यापार में सुधार होगा. रोजगार में सफ्लता मिलेगी. भाईयों के सहयोग से राजनैतिक लाभ होगा. वर्ष के अन्त में व्यवहार कुशलता बढेगी. मित्र के कारण कार्यो में व्यवधान आयेगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को भाईयों से राजनैतिक लाभ होगा. घरेलू कार्यो में व्यस्तता रहेगी. धन लाभ का योग है. वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को व्यय में कमी तथा व्यापार में सुधार होगा. रोजगार के क्षेत्र में सफ्लता मिलेगी. कर्क राशि के व्यक्तियों को व्यापार में ऊहापोह की स्थिति निर्मित होगी. मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को सहयोग मिलेगा. धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को मन में विशेष प्रसन्नता रहेगी. सिंह राशि के व्यक्तियों को साहसिक पराक्रम में वृद्धि होगी. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को निजी दायित्वों की पूर्ति होगी.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक चंचल, दयालु, सामाजिक, एवं क्रोधी प्रवृत्ति का होगा, नौकरी में उच्च पद प्राप्त करेगा, कार्यो में रूचि रहेगी, ईश्वर के प्रति आशावान होगा, कृषि कार्यो का शौकीन होगा.

**मेष**- वाणी की कठोरता से घर में अशांति हो सकती है, कोई विशेष समाचार मिलने का योग है, संतान की चिन्ता रहेगी, नियम संयम से कार्य करना लाभदायक रहेगा.

**वृषभ**- कार्यक्षेत्र में आ रही दिक्कतें, दूर हो सकती हैं, छोटे-मोटे झगड़े बड़े विवाद का रूप ले सकते हैं, नौकर चाकरों का सुख मिलेगा, शुभ सूचना मिलेगी.

**मिथुन**- परिचितों के कारण काम में मुश्किल आ सकती हैं, आर्थिक कार्यो में सफ्लता मिलेगी, मित्रों का सहयोग रहेगा, भावुकता पर नियंत्रण रखें.

**कर्क**- पारिवारिक परेशानी दूर होने से राहत महसूस करेंगे, मानसिक प्रसन्नता रहेगी, कुछ जरूरी कामकाज बनने का योग है, नवीन कार्यो में सफ्लता मिलेगी.

**सिंह**- विरोधियों की चालें सामने आने से नुकसान से बच जायेंगे, आशा से अधिक खर्च होगा, मानसिक अशांति रहेगी, अनियमितता का अनुभव होगा.

**कन्या**- आवश्यक कार्य की प्राथमिकता के साथ निपटने का प्रयत्न करें, अन्यथा मुश्किल होगी, राजकीय क्षेत्र में पद प्रतिष्ठा बढेगी.

**तुला**- वैभव के सामान पर बड़े खर्च की संभवना बनेगी, नौकरी संबंधी कार्यो में सफ्लता के योग हैं, समय के स्वरूप को देखकर कार्य करें.

**वृश्चिक**- प्रतियोगी परीक्षा में सफ्लता के आसार हैं, विवादास्पद मामले सुलझ सकते हैं, मानसिक प्रसन्नता रहेगी, निजी पुरूषार्थ बना रहेगा, कारोबार में ध्यान रखें.


**धनु**- दूसरों के कार्य में दखल से बचें,अपमान हो सकता है, अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखे, अन्यथा आगे चलकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

**मकर**- अधूरी योजना फ्रि से शुरू होगी,बुजुर्गो के मार्गदर्शन से लाभ होगा, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, नये कार्यो की रूपरेखा बनेगी.

**कुम्भ**- पारिवारिक आयोजन प्रसन्नतादायक रहेंगे, यश प्राप्त होगा, जीवनसाथी का सहयोग रहेगा, नवीन योजना बनेगी. महत्वपूर्ण कार्य बनेंगे.

**मीन**- आपसी तालमेल लाभदायक रहेगा, कोर्ट कचहरी के कार्यो में सफ्लता मिलेगी, दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी, पुकुम्भ समस्या हल होगी.

### उदयकालीन ग्रह चाल




### पंचांग

रा.मि. 09 संवत् 2082 पौष शुक्ल एकादशी भौमवासरे रात 1/13, भरणी नक्षत्रे रात 12/51, सिद्ध योगे रात 10/31, वणिज करणे सू.उ. 6/47, सू.अ. 5/13, चन्द्रचार मेष रातअंत 6/26 से वृषभ, पर्व- पुत्रदा एकादशी व्रत, शु.रा. 1, 3, 4, 7, 8, 11 अ.रा. 2, 5, 6, 9, 10, 12 शुभांक- 3, 5, 9.

### व्यापार भविष्य

पौष शुक्ल एकादशी को भरणी नक्षत्र के प्रभाव से सूत, कपास, गेहूँ, चना, चांवल, मटर, सोना, चांदी, में तेजी की चाल चलेगी, गुड़, खांड, ज्वार, बाजरा, धनियां, के भाव में मंदी होगी. भाग्यांक 5689 है.

### SUDOKU 7258

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-दोकू 7257

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# नौ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला छत्तीसगढ़ में कार्रवाई**



**रायपुर, 29 दिसंबर. भारत माला प्रोजेक्ट से जुड़े मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है. सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित हरियाणा के गुरुग्राम और रोहतक में 19 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की.**

जानकारी के अनुसार महासमुंद में एक साथ नौ ठिकानों पर छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया. यह कार्रवाई हरमीत खनूजा, उसके सहयोगियों और कुछ संबंधित अधिकारियों से जुड़े परिसरों में की गई. ईडी की टीमें मौके पर दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों की गहन जांच कर रही हैं. छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के तहत मुआवजा वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की. राजधानी रायपुर और महासमुंद जिले में श्वष्ठ की सात टीमों ने एक साथ नौ ठिकानों पर छापेमारी की, जिससे प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई. सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी हरमीत खनूजा, उसके सहयोगियों और कुछ संबंधित अधिकारियों से जुड़े परिसरों में की गई. ईडी अधिकारियों ने इन ठिकानों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों, फाइलों और डिजिटल डिवाइस की जांच शुरू कर दी है. जांच एजेंसी को आशंका है कि मुआवजा वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और धन के दुरुपयोग को अंजाम दिया गया. महासमुंद में कार्रवाई के दौरान बिजनेसमैन जसबीर सिंह बग्गा के बसंत कॉलोनी स्थित आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची. बताया जा रहा है कि बग्गा का एक होंडा शोरूम है. ईडी की टीम दो गाड़ियों में यहां पहुंची और कागजात खंगालने में जुटी रही. दरअसल, भारत माला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापत्तनम तक लगभग 950 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है. इसमें रायपुर से विशाखापत्तनम तक चार लेन और दुर्ग से आरंग तक छह लेन सड़क शामिल है.

> **गुरुग्राम- रोहतक में 10 स्थानों पर छापेमारी की**
> ईडी ने हाल ही में दिल्ली, गुरुग्राम और रोहतक में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है. ईडी के सूत्रों ने बताया कि ये छापेमारी इंदरजीत सिंह यादव, उनके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच का हिस्सा है. इसके अलावा अभियान के दौरान यह भी पता चला है कि धन शोधन की आय का उपयोग करके यादव और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर विभिन्न चल और अचल संपत्तियां अर्जित की गई है.

## नौसेना का स्वदेशी पाल नौकायन कौंडिन्य पहली विदेश यात्रा पर

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर.** नौसेना के पारंपरिक तरीके से सिले हुए स्वदेशी पाल नौकायन पोत आईएनएस कौंडिन्य ने सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान सल्तनत के मस्कट के लिए अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा शुरू की. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पोत को बनाने वाली टीम को बधाई दी. नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह ऐतिहासिक अभियान जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, समझने और उसे मनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. श्री मोदी ने कहा यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हो रहा है.

# करुणा से प्रेरित नवाचार ही बनेगा भारत

**दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का प्रेरक संदेश**



**जमशेदपुर, 29 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में आज शामिल हुईं.**

श्रीमती मुर्मू ने इस मौके पर छात्रों को देश के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समारोह के दौरान एक रोचक और प्रेरक क्षण तब आया, जब गोल्ड मेडल पाने वाले छात्रों के सम्मान में तालियां नहीं बजीं. इस पर राष्ट्रपति की सहज टिप्पणी ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया. राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि साल भर के संघर्ष, परिश्रम और अनिद्रा के बाद दो छात्रों को गोल्ड मेडल मिला, लेकिन ताली नहीं बजी. उन्हें लगा कि शायद छात्रों को ताली बजाने से मना किया गया है या वे थक गए हैं. उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा— 'कहते हैं, देना है तो लेना है. आपने ताली नहीं बजाई, तो आपके समय पर कौन ताली बजाएगा?' राष्ट्रपति के इस कथन ने माहौल को उत्साह से भर दिया और पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा. राष्ट्रपति ने इनोवेशन और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी बदलाव अभूतपूर्व हैं.

> श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सस्टेनेबल एनर्जी डेवलपमेंट और वेस्ट मैनेजमेंट के लिए इंजीनियर तकनीक विकसित कर सकते हैं, लेकिन इसे सामाजिक और आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाने में अर्थशास्त्रियों व उद्योगपतियों की अहम भूमिका होती है. उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा केवल रैंकिंग या प्लेसमेंट से नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र में उनके विद्यार्थियों के योगदान से तय होनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत का सपना समान अवसर और गरिमापूर्ण जीवन वाले समाज के निर्माण से साकार होगा.

# पंजाब के 90 फीसदी घरों में जीरो बिल

- केजरीवाल बोले- बिजली कनेक्शन प्रक्रिया आसान हुई
- 5,000 करोड़ से पावर इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव



**नईदिल्ली, 29 दिसंबर.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'रोशन पंजाब' मॉडल की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि इस योजना से पंजाब में बिजली कनेक्शन प्रक्रिया आसान हुई. अब बिना एनओसी और टेस्ट रिपोर्ट के कनेक्शन मिलते हैं. 5,000 करोड़ के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के तहत 70 नए सब-स्टेशन बनाए गए और 25,000 किलोमीटर लाइन नेटवर्क का विस्तार हुआ. 300 यूनिट मुफ्त बिजली के चलते 90प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को जीरो बिजली बिल मिला. योजना के सफल क्रियान्वयन से 16,670 मेगावाट पीक डिमांड पूरी हुई और पीएसपीसीएल ने 2,630 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया.

> आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देहरादून में एमबीए छात्र की पहचान के कारण चाकू मारकर हत्या की घटना पर गहरी चिंता जताई. उन्होंने इसे केवल अपराध नहीं बल्कि व्यवस्था पर कलंक बताया. केजरीवाल ने नस्लवाद और घृणा अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता पर जोर देते हुए न्याय की त्वरित और अनुकरणीय प्रक्रिया की मांग की.

## करूर भगदड़ मामला में टीवीके के दो नेताओं के बयान दर्ज किये

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर.** करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के महासचिव अधर्व अर्जुन और पार्टी पदाधिकारी निर्मल कुमार सोमवार की सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के सामने पेश हुए और अधिकारियों के सामने अपने बयान दर्ज कराये. सीबीआई ने स्थानीय पुलिस से मामला अपने हाथ लिया है. वह इससे जुड़े व्यक्तियों को तलब कर उनकी भूमिका की जांच कर रही है. इसी प्रक्रिया के तहत अधर्व अर्जुन और निर्मल कुमार को बुलाया गया था.

# यूपी समेत 7 राज्यों में ठंड-कोहरे का अलर्ट

**नईदिल्ली/लखनऊ/जयपुर/जम्मू 29 दिसंबर. देश के अधिकतर राज्यों में इस समय हाड़कंपा देने वाली ठंड और घने कोहरे का कहर जारी है.**



इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बारिश और बर्फबारी को लेकर नया अलर्ट जारी किया है. उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्यों में नए साल से पहले मौसम का मिजाज और बिगड़ने के आसार हैं. कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो सकता है. मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ शीतलहर और कोल्ड डे की स्थिति भी बन सकती है. देशभर में कड़ाके की ठंड के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार को भी घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे दृश्यता कम होने के साथ यातायात प्रभावित हुआ. मौसम विभाग के अनुसार पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 31 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है.

## रूस ने 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में उनकी कक्षा में स्थापित किया

**मास्को, 29 दिसंबर.** रूस की स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने सोमवार को कहा कि उसने सोयुज-2.1बी रॉकेट से 52 उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में उनकी तय कक्षा में स्थापित कर दिया है. रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि सोयुज रॉकेट का प्रक्षेपण रविवार को अपराह्न में रूस के सुदूर पूर्वी अमूर ओब्लास्ट में वोस्तोचन कॉस्मोड्रोम फैसिलिटी से किया गया. रॉकेट ने दो आइस्ट-2टी और 50 अन्य सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में पहुंचाया.

## एक नजर में



### कैलिफोर्निया के सुसानविले में भूकंप के झटके

**बीजिंग, 29 दिसंबर.** कैलिफोर्निया के सुसानविले से 15 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 0041 बजे 5.0 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए. यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने दी. यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र 5.4 किलोमीटर की गहराई में शुरुआत में 40.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 120.69 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर निर्धारित किया गया. फिलहाल किसी जानमान के नुकसान की कोई खबर नहीं है.

### यूक्रेन ने पुतिन के घर को बनाया निशाना

**मॉस्को.** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को दावा किया कि यूक्रेन ने नोवगोरोद क्षेत्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक आवास पर हमला करने की कोशिश की हैं. उन्होंने कहा कि इसके बाद मॉस्को अपनी (शांति) वार्ता से जुड़ी स्थिति की समीक्षा करेगा. न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी. लावरोव के मुताबिक, 28 दिसंबर की रात यूक्रेन ने 91 लंबी दूरी के ड्रोन के जरिये रूसी राष्ट्रपति के सरकारी आवास को निशाना बनाया. उन्होंने दावा किया कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने सभी ड्रोन को नष्ट कर दिया. उन्होंने कहा कि इस तरह की गैरजिम्मेदार कार्रवाइयां बिना जवाब के नहीं छोड़ी जाएंगी.

### मुंबई में बस की चपेट में आने से 4 की मौत

**मुंबई.** भांडुप में स्टेशन रोड पर सोमवार रात एक बस ने कई यात्रियों को टक्कर मार दी. हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 9 घायल है. मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसा रात 10.05 बजे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट के बस से हुआ. पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है. मौके पर एंबुलेंस, मुंबई अग्निशमन विभाग और बेस्ट फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, बस रिवर्स करते समय लोग उसकी चपेट में आ गए.

### विदेशी अदालतों के फैसलों को लागू करने पर रोक

**मॉस्को, 29 दिसंबर.** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस नए कानून पर हस्ताक्षर किया है, जो रूस में विदेशी और अंतरराष्ट्रीय अदालतों द्वारा जारी फैसलों को लागू करने पर रोक लगाता है. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी उपलब्ध कराई. कानून में कहा गया है कि रूस उन विदेशी अदालतों के फैसलों को लागू नहीं करेगा जिनके पास आपराधिक अधिकार क्षेत्र है, अगर यह अधिकार रूस की भागीदारी के बिना दूसरे देशों द्वारा दिया गया है. इसमें यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय अदालतों के फैसले रूस में लागू नहीं किए जाएंगे.

## आज का इतिहास

1687 मद्रास का पहला नगर निगम स्थापित किया गया था।

1703 जापान की राजधानी टोक्यो में भूकंप से 37 हजार लोगों की मौत।

1706 पुडुचेरी संस्थापक, गवर्नर जनरल मार्टिन का निधन।

1803 मराठा युद्ध के दौरान सुरजी-अर्जुनगांव की संधि पर हस्ताक्षर, जिससे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का उत्तर-पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों पर नियंत्रण हो गया।

1865 रुडयार्ड किपलिंग का जन्म। वह नोबेल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश लेखक और कवि थे।

# पुणे ननि चुनाव : कांग्रेस-शिवसेना में गठबंधन

**पुणे, 29 दिसंबर. शिवसेना (यूबीटी) व कांग्रेस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा-शरद) की ओर से गठबंधन को लेकर कोई जवाब नहीं मिलने के बाद सोमवार को आगामी पूणे नगर निगम चुनावों के लिए अपने गठबंधन की घोषणा की.**

यह घोषणा कांग्रेस विधान परिषद समूह के नेता सतेज पाटिल और शिवसेना (उद्धव) के नेता सचिन अहीर ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की. उल्लेखनीय है कि रांकपा के दोनों गुटों को एक साथ लाने की कोशिशों के विफल होने के बाद महाविकास अघाड़ी के गठबंधन के दलों को एक साथ लाने की कोशिश चल रही थी. एक दिन पहले हालांकि रांकपा (शरद) के नेताओं के अचानक इन वार्ताओं से हटने के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि रांकपा के दोनों गुटों के फिर से एकजुट होने की संभावना है. इस बीच गठबंधन की घोषणा के बाद, श्री अहीर ने राज्य स्तर पर सत्तारूढ़ महायुति का हिस्सा होने के बावजूद नगर निगम चुनाव अलग से लड़ने के रुख के लिए अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकंपा पर कटाक्ष किया. उन्होंने आरोप लगाया कि यह गुट केवल चुनावों के दौरान अलग होने का दावा करता है ताकि बाद में सत्ता के लिए फिर से एकजुट हो सके. श्री अहीर ने अजीत पवार को सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने की चुनौती दी कि यदि उनकी पार्टी नगर निगम में सत्ता हासिल करने में विफल रही, तो वह भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेगी.

> **मुंबई बिकने नहीं देंगे : राउत**
> **मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी) नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने सोमवार को कहा कि आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों में 'मुंबई का सौदा' करने वालों को विफल करना पार्टी का मुख्य उद्देश्य है. श्री राउत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र और राज्य में सत्ता में बैठे हुए लोग मुंबई को उद्योगपति गौतम अडानी को सौंपने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'हम इन कोशिशों को नाकाम करने के लिए लड़ रहे हैं.

# चीन ने ताइवान को 5 तरफ से घेरा, बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू

**बीजिंग/ताइपे 29 दिसंबर. चीन और ताइवान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है.**

बीजिंग ने सोमवार को ताइवान जलडमरूमध्य के मध्य क्षेत्रों समेत पांच दिशाओं से व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया. इसमें युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों और ड्रोन की तैनाती के साथ वास्तविक गोलाबारी भी शामिल है. जवाब में ताइवान ने अपनी थल, जल और वायु सेनाओं को हाई अलर्ट पर रखते हुए काउंटर एक्सरसाइज़ शुरू कर दी है.चीन ने सोमवार को ताइवान के चारों ओर दबाव बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया. चीनी सरकारी एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की ईस्टर्न थिएटर कमान 'जस्टिस मिशन 2025' के तहत ताइवान के निकट जल और हवाई क्षेत्रों में युद्धाभ्यास कर रही है. इस अभ्यास में विध्वंसक पोत, फ्रिगेट, लड़ाकू विमान, बमवर्षक और मानवरहित हवाई वाहन शामिल हैं. चीन ने ताइवान के उत्तर और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में समुद्री लक्ष्यों पर लाइव-फायर ट्रेनिंग की चेतावनी भी जारी की है. चीनी सेना ने कुल पांच क्षेत्रों में नेविगेशन अलर्ट जारी कर नागरिक जहाजों और विमानों को दूर रहने को कहा है.

# सीरिया में मस्जिद धमाके के बाद हिंसा

**सांप्रदायिक झड़पों में कई लोगों की मौत**

**नमाज़ के दौरान धमाका, फिर सड़कों पर दंगे**



**होम्स (सीरिया), 29 दिसंबर. सीरिया में एक मस्जिद में हुए बम धमाके ने पूरे देश को सांप्रदायिक हिंसा की आग में झोंक दिया है.**

अलवी समुदाय की मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में पहले आठ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद भड़की हिंसा में कई और जानें चली गईं. होम्स, लजीकिया और तरतूस जैसे शहरों में प्रदर्शन, झड़पें और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे देश में तनाव चरम पर पहुंच गया है. सीरिया के होम्स शहर में एक अलवी मस्जिद में हुए बम धमाके के बाद हालात तेजी से बिगड़ते चले गए. शुक्रवार को नमाज़ के दौरान हुए इस विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई थी और 18 अन्य घायल हुए थे. इस घटना के दो दिन बाद रविवार को धार्मिक अल्पसंख्यक अलवी समुदाय के प्रदर्शनकारियों और विरोधी गुटों के बीच हुई झड़पों में कम से कम तीन और लोगों की जान चली गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए. स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, हिंसा सबसे ज्यादा होम्स, लजीकिया और तरतूस क्षेत्रों में देखी गई. लजीकिया में प्रदर्शनकारियों की गाड़ियों में आग लगा दी गई, जबकि तरतूस में एक थाने पर हथगोला फेंका, जिसमें सुरक्षा बलों के दो जवान घायल हो गए. सरकारी समाचार एजेंसी सना ने पुष्टि की है.

# इस वर्ष स्वास्थ्य सुधार की रफ्तार तेज

**राउंड अप 2025**

**नई दिल्ली/लखनऊ, 29 दिसंबर. केंद्र सरकार के ताज़ा स्वास्थ्य बजट में निवेश बढ़ने के बावजूद जीएसटी सुधार और स्वास्थ्य बीमा पर कर राहत का मौका चूक गया.**

स्वास्थ्य सेवाओं पर एकीकृत 5 प्रतिशत जीएसटी और बीमा प्रीमियम पर टैक्स कटौती की मांग पूरी न होने से 'मिसिंग मिडिल' वर्ग को निराशा हाथ लगी. वहीं उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बदलाव और सख्ती का साल रहा. आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार, आपात सेवाओं में सुधार और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई उल्लेखनीय रही, लेकिन डॉक्टरों की कमी, अधूरी सुविधाएं और ढांचागत कमजोरियां बताती हैं कि स्वास्थ्य सुधार की असली परीक्षा अभी बाकी है.

केंद्र सरकार के ताज़ा बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर कई उम्मीदें जताई जा रही थीं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार अहम सुधारों का अवसर हाथ से निकल गया. स्वास्थ्य सेवा वस्तुओं और सेवाओं पर एकीकृत 5 प्रतिशत जीएसटी लागू करने तथा स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स राहत की मांग को बजट में जगह नहीं मिली. इससे अस्पतालों की लागत, निवेश और आम लोगों पर आर्थिक बोझ कम होने की उम्मीद अधूरी रह गई.

केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आवंटन को लेकर चर्चा तेज है, लेकिन कर सुधारों के मोर्चे पर निराशा हाथ लगी है. स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल उत्पादों पर एकीकृत 5 प्रतिशत जीएसटी की मांग पूरी नहीं हुई, जिससे खंडित कर ढांचे की चुनौती बनी रहेगी. इसके साथ ही स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी घटाने और आयकर की धारा 80डी के तहत कर कटौती सीमा बढ़ाने जैसे प्रस्तावों को भी नजरअंदाज किया गया, जिससे 'मिसिंग मिडिल' वर्ग को राहत नहीं मिल सकी. केंद्र सरकार के ताज़ा बजट में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए आवंटन बढ़ाया गया है, जिससे निवेश की निरंतरता तो दिखाई देती है, लेकिन लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं के समाधान की उम्मीदें अधूरी रह गई हैं. सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे, प्राथमिक चिकित्सा और रोग-निरोधक सेवाओं को मजबूत करने की मांग के बावजूद बजट का झुकाव एक बार फिर तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर अधिक नजर आता है. नई दिल्ली, 29 दिसंबर. वित्त वर्ष 2026 के बजट में सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए 95,957.87 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.46 प्रतिशत अधिक है. हालांकि यह बढ़ोतरी निवेश की निरंतरता को दर्शाती है, लेकिन कुल बजट में स्वास्थ्य की हिस्सेदारी घटकर 1.94 प्रतिशत रह गई है, जो चिंता का विषय है. स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत जीडीपी का 2.5 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च करने के लक्ष्य की दिशा में बजट ठोस प्रगति करता नहीं दिखता.

### यूपी की सेहत व्यवस्था बदली, लेकिन परीक्षा बाकी

वर्ष 2025 उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़े बदलावों, सख्त प्रशासनिक फैसलों और उल्लेखनीय उपलब्धियों का साक्षी रहा. बुनियादी ढांचे के विस्तार, आयुष्मान योजना की मजबूती और आपातकालीन सेवाओं में सुधार ने आमजन को राहत दी. वहीं डॉक्टरों की कमी, अधूरी घोषणाएं और कुछ व्यवस्थागत कमजोरियां यह भी दर्शाती हैं कि स्वास्थ्य सुधार की यात्रा अभी पूरी नहीं हुई है. महाकुंभ 2025 जैसे विशाल आयोजन से लेकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक के इलाज में नई व्यवस्थाओं तक, यह साल प्रगति और चुनौतियों का मिला-जुला चेहरा लेकर सामने आया. महाकुंभ 2025 के साथ शुरू हुआ यह साल उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के लिए उपलब्धियों, अनुशासन और जवाबदेही का प्रतीक रहा. उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में विभाग ने लापरवाही, भ्रष्टाचार और अवैध निजी प्रैक्टिस पर सख्त रुख अपनाया. वर्ष भर में 50 से अधिक डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन और बर्खास्तगी जैसी कार्रवाइयों ने यह स्पष्ट किया कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं. प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का तेजी से विस्तार हुआ. वर्ष के अंत तक प्रदेश में 22,775 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हुए, जहां दवाओं और जांच की सुविधाओं से जिला अस्पतालों पर बढ़ता दबाव कुछ हद तक कम हुआ.

**किसान सम्मेलन** | **कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए नई पहल की घोषणा**

# कीवी सेंटर और इंटीग्रेटेड फार्मिंग से आय बढ़ेगी



**चमौली/नई दिल्ली, 29 दिसंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने आज गौचर (जिला चमौली, उत्तराखंड) में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में सहभागिता की.**

किसानों के साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित स्थानीय सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. सम्मेलन में शिवराज सिंह ने उत्तराखंड में 100 करोड़ की लागत से क्लीन प्लांट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की. साथ ही कहा राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी. अपने प्रवास के दौरान शिवराज सिंह ने किसानों से संवाद किया, वहीं किसान सम्मेलन में उन्होंने हाल ही में केंद्र द्वारा शुरू की गई विकसित भारत- जी राम जी वीबी-जी राम -जी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश के गांव-गांव का विकास होगा, ग्रामीण विकास के लिए ये योजना संजीवनी बूटी बनकर आई हैं.

> मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों से फसले खराब होने वाले किसान भाइयों के खातों में 65 करोड़ से ज्यादा राशि जमा की गई है. उन्होंने उत्तराखंड के सीढ़ीदार खेतों में किसानों की दिन-रात मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि भगवान न करे कभी प्राकृतिक आपदा आए. शिवराज सिंह ने उनके छोटे खेत आकार के बावजूद उत्पादन बढ़ाने का चमत्कार भी सराहा.

## पीडीयूएनएएसएस और आईसीसीएफजी के बीच समझौता हस्ताक्षर

**नई दिल्ली 29 दिसंबर.** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) ने आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस (आईसीसीएफजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि पीडीयूएनएएसएस के क्षेत्रीय पीएफ आयुक्त-प्रथम राम आनंद और आईसीसीएफजी के महासचिव शांति नारायण ने यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

# 2 वर्षों में उद्यानिकी रकबे में सवा 3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की वृद्धि

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण एवं उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सोमवार को कहा कि दो वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 25.12 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 28.29 लाख हेक्टेयर हो गया है. इसी अवधि में उत्पादन 389.10 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 425.68 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया है.**




श्री कुशवाह ने दो वर्ष पूर्ण होने पर अपने विभागों की उपलब्धियां बताने के लिए आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रदेश की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 15.08 मीट्रिक टन, राष्ट्रीय औसत से अधिक है. मध्यप्रदेश मसाला उत्पादन में प्रथम, पुष्प उत्पादन में द्वितीय, सब्जी उत्पादन में तृतीय और फल उत्पादन में चतुर्थ स्थान पर है.

**वर्ष 2026: कृषि वर्ष:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है. इसके अंतर्गत उद्यानिकी को बढ़ावा, खाद्य प्रसंस्करण से मूल्य संवर्धन और रोजगार सृजन के माध्यम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी.

मंत्री श्री कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने गत दो वर्षों में सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई अभिनव और प्रभावी पहल की हैं. दिव्यांगजनों की क्षमताओं को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से विभाग निरंतर कार्य कर रहा है.

वर्तमान में प्रदेश के 6 लाख 97 हजार दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 41.87 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की जा रही है. साथ ही 9 लाख 89 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है.

सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण और कृषि-उद्यानिकी के क्षेत्र में किए गए ये प्रयास प्रदेश को समावेशी, आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश श्च2047 की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं.

> प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) के अंतर्गत 8,198 ऋण प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं और 3,113 उद्यमियों को 108.64 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की गई है। सेंसर आधारित स्वचलित फर्टिगेशन, मखाना क्षेत्र विस्तार, एग्जोटिक सब्जी क्लस्टर, हाईटेक नर्सरी और इंक्यूबेशन सेंटर जैसे नवाचार लागू किए जा रहे हैं।

**शिक्षा, तकनीक और रोजगार पर विशेष फोकस:** दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रदेश के 17 जिलों में शासकीय एवं अशासकीय विशेष विद्यालयों के तीन-तीन कक्षों को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किया गया है. श्रवणबाधित दिव्यांगजनों की संवाद संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए क्यूआर कोड आधारित लाइव इंटरप्रेटर सुविधा प्रारंभ की गई है. अब तक 34 हजार 649 दिव्यांगजनों को 59 हजार से अधिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं. रोजगार सृजन के क्रम में 2,589 दिव्यांगजनों को शासकीय सेवाओं में नियुक्ति दी गई है.

### सुंदरजा आम को जीआई टैग मिला

मंत्री कुशवाह ने बताया कि रीवा का सुंदरजा आम और रतलाम का रियावन लहसुन जीआई टैग प्राप्त कर चुके हैं. प्रदेश की 15 फसलों का जीआई पंजीयन कराया गया है. इजराइल के तकनीकी सहयोग से मुरैना में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया गया है, जबकि छिंदवाड़ा और हरदा में नए सेंटर विकसित किए जा रहे हैं.

### आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना

आगामी तीन वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 33.39 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने, 15 हजार सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और 25 फसलों को जीआई टैग दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# रामकृष्ण मिशन ने 24 देशों में की सेवाएं

## भारत में 2 करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों की सेवा की

**भोपाल, 29 दिसम्बर. रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ ने भारत में की गई गतिविधियों में अपने 244 केन्द्रों एवं उप केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के लिये 1670.79 करोड़ रुपये खर्च कर 2 करोड़ 12 लाख 77 हजार लोगों की सेवा की. सेवा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सामान्य कल्याण, राहत एवं पुनर्वास, सामुदायिक कल्याण में ग्रामीण एवं आदिवासी विकास, प्रवचन एवं अन्य सेवाएं शामिल हैं.**

भारत के बाहर विदेशों में गतिविधियों में वाशिंगटन, डी.सी., यू.एस.ए. में एक नया केन्द्र प्रारम्भ किया गया. रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ ने 24 देशों में स्थित 99 केन्द्रों एवं उप केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किये.

रामकृष्ण मिशन आश्रम के भोपाल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण इंदूरिया ने बताया कि रामकृष्ण मिशन की 116वीं वार्षिक सामान्य सभा बेलड़ मठ में आयोजित की गई. इसमें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानन्द ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये गये कार्यों के विषय में रामकृष्ण मिशन की संचालन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की.

> उन्होंने बताया रामकृष्ण मिशन के डीम्ड विश्वविद्यालय आरकेएमव्हीईआरआई को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ किये गये. प्रमुख कार्यक्रम 'प्राकृतिक कृषि पर राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत 'प्राकृतिक कृषि केन्द्र' स्थापित किये जाने पर चार अन्य संस्थानों के साथ चयनित किया गया तथा राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोयम्बटूर एवं शिक्षा मन्दिर बेलूड़ मठ को ए प्लस ग्रेड से सम्मानित किया.

# 'बुंदेली बावरा' के सेमीफाइनल में पहुंचे 34 युवक और युवतियां

## 11 जनवरी को छतरपुर में होगा ग्रैंड फिनाले

**भोपाल, 29 दिसंबर. बुंदेलखंड के लोकगीत मंच 'बुंदेली बावरा' के ऑडिशन राउंड का समापन हो गया. बुंदेली लोकसंगीत के महान साधक बैजू बावरा की स्मृति में आयोजित बुंदेलखंड की पहली और एकमात्र बुंदेली लोकगीत आधारित इस प्रतियोगिता में पहले चरण में रिकॉर्ड 2735 प्रविष्टियां प्राप्त हुई, जिनमें से कड़े चयन के बाद 34 प्रतिभागियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है.**

यूपी और एमपी में फैले बुंदेलखंड के अलग-अलग कोनों से आए इन प्रतिभागियों का चयन झाँसी, हमीरपुर, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और सागर में आयोजित ऑडिशनों के माध्यम से किया गया. निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध यूट्यूबर अंकित पांडे, बुंदेली लोकगायक जयप्रकाश पठैरिया और चैनल डायरेक्टर रोहित सिंह चंदेल शामिल रहे. ऑडिशन राउंड के बाद अब सभी की निगाहें आगामी सेमीफाइनल और फिनाले पर टिकी हैं, जो 11 जनवरी को छतरपुर के आंबेडकर भवन ऑडिटोरियम में होगा.



**भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने ली बैठक**

**भोपाल, 29 दिसंबर.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को भोपाल में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र संयोजकों, पार्षदों, मंडल अध्यक्षों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठककर संगठन के आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की. इस दौरान संभाग प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह व विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहे.

# आयुर्वेद डॉक्टरों की दो मांगें बनी चुनौती

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में आयुर्वेद डॉक्टरों से जुड़े दो अहम मुद्दे सरकार के सामने गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं. पहला मुद्दा इमरजेंसी स्थिति में आयुर्वेद डॉक्टरों को एलोपैथिक दवाएं प्रिस्क्राइब करने का अधिकार देने का है. दूसरा मुद्दा बीएएमएस सत्र 2021-22 के छात्रों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट को अनिवार्य किए जाने से जुड़ा है. प्रदेश में बड़ी संख्या में आयुर्वेद डॉक्टर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं. डॉक्टरों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों की जान बचाने के लिए आधुनिक दवाओं का अधिकार जरूरी है. वर्तमान में यह अधिकार न होने से इलाज में बाधा आती है.

# स्कूली बच्चों ने भोपाल में देखा शौर्य स्मारक

**तीन शासकीय विद्यालयों के बच्चों का एक्सपोजर विजिट**

**बैरसिया, 29 दिसंबर. समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विकास खंड बैरसिया के तीन शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने सोमवार को एक्सपोजर विजिट किया.**



जिला शिक्षा कार्यालय के एडीपीसी ए.के विजयवर्गीय एव एपीसी विनोद कुमार गुप्ता ने भोपाल जिले के साथ साथ बैरसिया विकास खंड से तीन स्कूल पीएम श्री सरोजनी नायडू उमावि बैरसिया एव हायर सेकेंडरी स्कूल नजीराबाद ओर ललरिया स्कूल से तीन वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला, गजराजसिंह गुर्जर ओर फहीम कुरैशी को भ्रमण व्यवस्था के लिए नोडल बनाया था. इन तीनो स्कूलों के 200 छात्र छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया गया. शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान अचारपुरा, साइंस हाउस भोपाल एवं शौर्य स्मारक का भ्रमण किया. एडीपीसी ए.के विजयवर्गीय ने बताया कि विद्यार्थियों के इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है कि छात्रों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थल ओर साइंस का ज्ञान हो सके. जिला शिक्षा अधिकारी ने एक्सपोज़र विजिट करने वाले सभी विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है.

# जीएमसी में टीबी नियंत्रण पर कोर कमेटी बैठक

**भोपाल.** गांधी मेडिकल कॉलेज में क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा और मजबूती के लिए कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक डीन डॉ. कविता एन सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई. इसमें जिला क्षय रोग अधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सलाहकार तथा मेडिकल कॉलेज के सभी नोडल अधिकारी और विभागाध्यक्ष शामिल हुए. बैठक में कॉलेज में सीबीएनएएटी मशीन की आवश्यकता पर चर्चा की गई. टीबी मरीजों की समय पर जांच और उपचार को प्रभावी बनाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया. इसके लिए आंतरिक संचार समूह बनाने पर सहमति बनी.

# लोगों के हित में काम करने की योजना

## श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक में चर्चा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 दिसंबर. श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने सोमवार को आमसभा करते हुए गंभीर मुद्दों पर चर्चा की. इस मौके पर समाज के लोग अपराध से बच सकें और उनके हित में होने वाले कामों को लेकर विचार किया गया.**

अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारणी का गठन किया गया. समिति के प्रवक्ता ने इस मौके पर बताया कि सदस्यता अभियान 15 जनवरी से शुरू होगा. समिति की तरफ से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन कराने, समाज के खिलाफ खड़े होने वाले बदमाशों को उनके कर्मों की सजा दिलाने, लव जिहाद, धर्मांतरण, समिति के सदस्यों के सहयोग के लिए वकीलों या विधि प्रकोष्ठ का गठन करने, अत्याचार करने, गौ तस्करों, हत्यारों, युवा और महिला प्रकोष्ठ बनाने, हिंदू धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई कराने, शास्त्र व शस्त्र का प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव लिया गया. बैठक में लीलेंद्र सिंह मारण, बालिस्ता रावत, हेमंत शर्मा, दिलीप गुप्ता, तुलसा वर्मा, छोटेलाल गिरी, रामस्वरूप राजपूत, निलेश सिंह, निलेश नामदेव, जसवंत सिंह राजपूत, कैलाश सोनी, चेतन रावत सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे.


**नाम परिवर्तन**

NAVERA AYAZ W/O AYAZ GHAFOOR आयु व्यस्क निवासीः फार्म हाउस मेंडोरा विलेज केरवा डैम रोड सूरज नगर भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम NAVERA ALAM दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम NAVERA AYAZ हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसकी जिम्मेदार स्वयं में रहूँगी।


# अध्यक्ष पद प्रत्याशी साहू समाज से मिले

**बैरसिया, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश साहू 10 नंबर टीटी नगर भोपाल का बैरसिया साहू समाज संगठन द्वारा रविवार की देर रात स्वागत किया गया।**



बता दें की मप्र. तैलिक साहू सभा केअध्यक्ष पद का निर्वाचन 11 जनवरी 2026 को होना है. इसी सिलसिले में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ओम प्रकाश साहू ने मतदाता सदस्यों से जनसंपर्क किया. इस अवसर पर तैलिक महासभा के प्रदेश महासचिव रमेश साहू एव तहसील अध्यक्ष जितेंद्र साहू डांगा ने प्रत्याशी ओम प्रकाश साहू को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की और उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया. इस अवसर पर बटन लाल साहू पूर्व अध्यक्ष मप्र. बीज भंडार गृह निगम, वीरेंद्र साहू प्रदेश संयुक्त सचिव, साहू समाज के वरिष्ठ दीपक साहू, प्रकाश साहू, बिहारी लाल साहू, पंकज साहू, रुपेश साहू, सुनील साहू बसई, निर्मल साहू, सुनील साहू शांतिकुंज, राकेश साहू, अनिल साहू, गेंदालाल साहू, जगदीश साहू, श्याम साहू, महेश साहू, प्रमोद साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे.

# जिलाबदर नीरज सिंह गिरफ्तार

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया. सोमवार को पुलिस ने बदमाश को कोर्ट में भी पेश किया. मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को आरोपी जिलाबदर बदमाश नीरज सिंह रघुवंशी उर्फ शुभम रघुवंशी (23) निवासी श्याम नगर को इलाके में देखा गया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी को बीते 4 दिसंबर से 6 माह के लिए भोपाल और उससे लगे अन्य जिले विदिशा, सीहोर, राजगढ, रायसेन एवं नर्मदापुरम जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया था.


**नाम परिवर्तन**

ABDUL AZEEZ S/O ABDUL GAFFOOR आयु व्यस्क निवासीः 249 नई चर्च कॉलोनी जिन्सी जहांगीराबाद भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम ABDUL AJIJ दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम ABDUL AZEEZ हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

**नाम परिवर्तन**

AYAZ GHAFOOR S/O GHAFOOR AIJAZ आयु व्यस्क निवासीः फार्म हाउस मेंडोरा विलेज करवा डैम रोड सूरज नगर भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरी पत्नी का नाम NAVERA GHAFOOR दर्ज था जो की बदल कर मेरी पत्नी का नाम NAVERA AYAZ हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं में रहूँगा।

**नाम परिवर्तन**

इस पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम KASHISH ASIF था! वर्तमान में मेरा नाम परिवर्तित होकर IRUM ASIF हो गया है अब मैं IRUM ASIF के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूं तथा यही नाम मेरे समस्त वर्तमान दस्तावेजों में अंकित है!

'सूचितकर्ता'

IRUM ASIF D/O ASIF ALI PERVEZ

Address - 34 OPP. LAL PARED GROUND, JAHANGIRABAD ,HUZUR, BHOPAL- 462008 मध्य प्रदेश



**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश**

**लिंक रोड 03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल, म.प्र.**

Email: tendersnhmmp@gmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./स्टोर/2025/4211 भोपाल, दिनांक 23/12/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. भोपाल कार्यालय द्वारा ई-निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती हैं. इच्छुक निविदाकर्ता राशि रुपए 2,000/- (रु. दो हजार मात्र) का ऑनलाइन एम.पी. ई-टेंडर पर भुगतार कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं. विवरण निम्नानुसार है :-

**निविदा विवरण**

| क्र. | निविदा का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय/ प्राप्त करने की दिनांक | प्री-बिड दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोले जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Request for Proposal for Selection of an Agency for Management of Viral Load Testing for Hepatitis B Virus (HBV) and Hepatitis C Virus (HCV) for national Health Mission, Madhya Pradesh | 29.12.2025 | 6.1.2026 | 19.1.2026 | 2.2.2026 | 3.2.2026 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in एवं https://www.nhmmp.gov.in पर उपलब्ध है.

(मिशन संचालक, एनएचएम द्वारा आदेशित)

उपसंचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

G23457/25


# पत्रकार वार्ता | मछुआरों की आय भी बढ़ी

# दो साल में प्रदेश के मत्स्य क्षेत्र की बदली तस्वीर

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को कहा कि बीते दो वर्षों में मत्स्य उत्पादन, रोजगार, आधुनिक तकनीक और मछुआ समुदाय की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है.**



श्री पंवार ने पत्रकार वार्ता के दौरान दो वर्षों की उपलब्धियां साझा करते हुए कहा कि प्रदेश ने मत्स्य क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया है. राज्य में नदियों, जलाशयों और तालाबों के माध्यम से लगभग 4.42 लाख हेक्टेयर जल क्षेत्र उपलब्ध है, जो मत्स्य विकास के लिए अत्यंत अनुकूल है. राज्य में मत्स्य पालन केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मजबूत आधार बन चुका है.

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में मत्स्य उत्पादन में सतत वृद्धि हुई है. आधुनिक तकनीकों जैसे केज कल्चर, बायोफ्लॉक और आरएएस को बढ़ावा देकर उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाया गया. वर्ष 2024-25 में मत्स्य उत्पादन लगभग 4.45 लाख टन तक पहुंच गया, जो पूर्व वर्षों की तुलना में बड़ी उपलब्धि है.

> **आधुनिक मत्स्य पालन**
>
> मंत्री पंवार ने कहा कि केज फिश फार्मिंग, बायोफ्लॉक और आरएएस जैसी आधुनिक प्रणालियों को अपनाकर प्रदेश तकनीकी मत्स्य पालन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे कम जल क्षेत्र में अधिक उत्पादन संभव हुआ है और युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इंटीग्रेटेड एक्वापार्क, रिसर्च सेंटर, टनल एक्वेरियम, रिसर्च एवं इनक्यूबेशन यूनिट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, एम्यूजमेंट जोन जैसे नवाचार किए जा रहे हैं.


**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड**

नया बस स्टैंड, सीहोर-466001 म.प्र.

मेल आईडी : eephseh@nic.in

टेलीफोन नं. 07562-224092, फैक्स नं.- 07562-224092

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- 11/नि.प्र./खंड सीहोर/लोस्वायांवि/2025-26 सीहोर, दिनांक 22/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं मं निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं. जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं. वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_470102_1 | सीहोर जिले के विकासखंड आष्टा के ग्राम कुरावर, बमूलिया रायमल एवं सिंगारचौरी की नलजल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन का कार्य. | 17850714.00 | 178507.00 | 12500.00 | 06 माह |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 5/1/2026 के 5.30 बजे |
| 2. | बिड ओपनिंग दिनांक | 6/1/2026 के 5.30 बजे |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खंड सीहोर (म.प्र.)

G23492/25

# घने कोहरे में खड़े डंपर से टकराई कार

**तीन युवकों की मौके पर मौत, तीन गंभीर घायल**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा/कुरवाई 29 दिसम्बर, घने कोहरे के कारण रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. थाना कुरवाई अंतर्गत मेहलुआ चौराहा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक टीयूवी कार खड़े डंपर से जा टकराई. हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.**

मेहलुआ चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक शंकर दयाल यादव ने बताया कि रविवार रात करीब 1 बजे टीयूवी कार कुरवाई की ओर जा रही थी . इसी दौरान मेहलुआ-बीना रोड (स्टेट हाईवे-14) पर खराब हालत में सड़क किनारे खड़े डंपर में कार पीछे से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे में कार चला रहे जगदीश साहू (30) पिता मोहनलाल साहू, तनय शर्मा (20) पिता नरेश शर्मा तथा अंकित साहू (25) पिता वृंदावन साहू, तीनों निवासी कुरवाई की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई. पुलिस ने कार के शीशे तोड़कर शव बाहर निकाले. पुलिस के अनुसार सभी युवक तनय शर्मा का जन्मदिन मनाने के बाद महलुआ चौराहा स्थित एक ढाबे से लौट रहे थे. कार में तनमय उर्फ गौतम श्रीवास्तव, जगदीश गौड़ और मोन्टी उर्फ अभियम अहिरवार भी सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. घायल मोन्टी उर्फ अभियम अहिरवार की हालत नाजुक होने पर उसे हमीदिया अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज विदिशा में जारी है.इस दर्दनाक हादसे से कुरवाई नगर में शोक की लहर दौड़ गई है. क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है.

# कन्या स्कूल की भूमि से हटाया अतिक्रमण

**कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई**

**प्रशासन ने मुक्त कराई करीब 50 लाख की भूमि**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर, 29 दिसंबर. कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ईसागढ त्रिलोचन गौड़ द्वारा तहसील ईसागढ़ स्थित सर्वे क्रमांक 880/1/2 रकबा 1 हेक्टेयर भूमि जिस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित है.**

उक्त भूमि से सोमवार को अतिक्रमणकर्ता राजकुमार सेन एवं ख्यालीराम कुशवाह से लगभग 2000 वर्गफुट जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 लाख रूपये है।

उक्त भूमि को तहसीलदार ईसागढ़ रोहित रघुवंशी, नायब तहसीलदार ऋतु परमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईसागढ़ ,पटवारी संजीव शर्मा एवं नगरपालिका की टीम द्वारा अतिक्रमण युक्त संरचना को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया ।

# सट्टा किंग का प्रशासन ने ढहाया पैलेस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर, 29 दिसंबर. सट्टा किंग और सेंशन का बादशाह कहे जाने वाले आजाद खान का आजाद पैलेस ( होटल ) सोमवार को जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण के चलते ढहा दिया गया। इस अवैध निर्माण पर छह घंटे से अधिक समय तक दो हिटैची मशीने चली। जिन्होंने आजाद पैलेस को जमीदौज कर दिया। कार्रवाई के दौरान जहां सुरक्षा की दृष्टि से 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे, तो वहीं पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन कैमरों से की गई ।**

उल्लेखनीय है कि आजाद खान जिला सहित आसपास के इलाके में लंबे समय से ऑनलाइन सट्टा सेशन चलाता था। इसकी भनक पुलिस को गुना में पकड़े सटोरियों से लगी और उसके बाद छानबीन शुरू की गई । इसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ सटोरियों के बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए इसके सबूत सामने आए थे।

दरअसल कार्रवाई के चलते सुबह से ही प्रशासनिक अमला पहुंचना शुरू हो गया था,




**बैंक की भी हो रही जांच**

सटोरिया आजाद के परिवार की मुश्किल लगातार बढ़ती जा रही है, जहां आजाद पर कई अपराधों में मामला दर्ज हो चुका है, तो वहीं उसके भाई पार्षद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा इनके द्वारा जो बैंक चलाई जा रहीं थी, उस पर भी सरकार द्वारा एक्शन लिया गया है।जिसके चलते बैंक के खातों सहित ट्राईजेक्शन की जांच जारी है, जो सात दिन में पूरा होना थी, जिसके अब कुछ ही दिन शेष बचे है।

## साईखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील किया फर्जी क्लीनिक

**मुलताई, 29 दिसंबर .** क्षेत्र में लगातार झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या बढ रही है। जिसके कारण मरीजों को गलत इलाज मिल रहा है कई मरीजों की मौत भी हो जाती है। इस संबध में समाचार पत्र टीम द्वारा ग्राम साईखेडा पहुंचकर एक मुन्ना भाई एमबीबीएस झोलाछाप डॉक्टर का समाचार सोमवार को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया और मुलताई बीएमओं टीम सहित साइखेड़ा पहुंचे और गव्हाडे क्लीनिक साईखेडा पर छापा मार कार्रवाई करते हुए क्लीनिक सील किया है। बीएमओं डॉक्टर गजेन्द्र मीणा ने बताया गव्हाडे हेल्थ केयर साईखेडा के क्लिनिक पर अपने आप को डॉक्टर बताने वाले व्यक्ति करण कुमार गव्हा अपनी स्वयं की दुकान में एक महिला को चेक कर रहा था तथा एलोपेथी दवाई लिख रहा था।

# कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग, दो करोड़ का नुकसान

## दुकानदार ने दो करोड़ का नुकसान बताया, मौके पर पहुंची दमकलों की भी निकल गई दम आग बुझाने में

**नवभारत न्यूज**

**बीना 29 दिसंबर. मंडीबामोरा के कठरिया मार्केट में देर रात भीषण आग लग गई. यह आग राहुल कठरिया के मकान के नीचे संचालित कपड़ों की दुकान में लगी, जिससे करोड़ का सामान जलकर खाक हो गया है.**

प्रारंभिक आकलन के अनुसार दुकानदार के अनुसार इस घटना में दो करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार राहुल कठरिया का मकान मंडी बामोरा की दूसरी लाइन में स्थित है, इसके ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों की दुकान थी, जबकि ऊपरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है. रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई. आसपास के लोगों ने धुआं और लपटें देखकर तुरंत दुकान मालिक और उनके परिवार को सूचित किया. परिवार ने समय रहते मकान खाली कर दिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई. फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया आग की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया. इसके बाद रिफाइनरी, कुरवाई, खुरई और बीना से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किए,लेकिन दुकान की अधिक गहराई और भीतर तक पानी न पहुंच पाने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया. आग काफी देर तक धधकती रही और दुकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई. कपड़ों की दुकान में खाक, कारणों की जांच जारी यह कपड़ों की दुकान प्रमोद कठरिया और अजय कठरिया की बताई जा रही है, दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़े और अन्य सामग्री रखी हुई थी. आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है. प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है.



> पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस ने पंचनामा बनाकर जांच शुरू कर दी है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके.

### एक नजर में

**करंट से हुई थी बाघ की मौत**

**सागर.** दक्षिण वन मंडल अंतर्गत ढाना हिलगन मार्ग पर मुंडी टोरिया पर मिले बाघ के शव की पीएम रिपोर्ट में बिजली के करंट से मौत की आशंका जताई गई है. मालूम हो कि कल रविवार को ढाना रेंज अंतर्गत हिलगन स्थित मुंडी टोरिया से एक बाघ का शव बरामद किया गया था. जिसकी आयु 5 से 6 वर्ष बताई गई थी. बाघ के शव की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराया गया था. जिसकी रिपोर्ट तो अभी प्राप्त नहीं हुई है, बाघ के शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं थे.

**युवक को बचाने गए शख्स पर जानलेवा हमला**

**गुना।** शहर की श्रीराम कॉलोनी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां परोपकार करना एक व्यक्ति के लिए भारी पड़ गया।एक युवक को पीट रहे दबंगों को जब एक राहगीर ने रोकने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर ही जानलेवा हमला कर दिया। वर्तमान में दोनों घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं और अपना इलाज करवा रहे हैं। घटना 25 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे की है। श्रीराम कॉलोनी में रहने वाले करन सिंह भिलाला, पुलिस कांस्टेबल भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें रास्ते में एक लावारिस मोबाइल मिला था।

# सैम्पल फेल, खुलेआम बिक रहा उर्वरक

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 29 दिसम्बर, सं. जिले में नकली खाद का मामला एक बार फिर गरमा गया है. कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमराज कल्पोंनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कृषि विभाग, खाद कंपनियों और शासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने दावा किया कि निजी लैब और सरकारी प्रयोगशाला—दोनों की जांच रिपोर्ट में संबंधित खाद अमानक ( नॉन-स्टैंडर्ड ) पाई गई है.**

पूर्व विधायक ने बताया कि 8 नवंबर को ग्राम नाईपुरिया में नकली खाद बेचे जाने की शिकायत किसानों द्वारा की गई थी. शिकायत मिलते ही वे स्वयं मौके पर पहुंचे, जहां कृषि विभाग के अधिकारियों को बुलाकर दुकान पर कार्रवाई करवाई गई. इस दौरान खाद के सैंपल शासन को भेजे गए, वहीं कुछ सैंपल उन्होंने खुद भी जांच के लिए भेजे. हेमराज कल्पोंनी के अनुसार, इंदौर की एक निजी प्रयोगशाला में करवाई गई जांच में खाद नॉन-स्टैंडर्ड पाई गई. इसके बाद जब सरकारी प्रयोगशाला की रिपोर्ट आई, तो उसमें भी खाद को अमानक बताया गया, जिससे उनके आरोपों की पुष्टि हो गई. उन्होंने कोरोमंडल कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी की हक्क्ष खाद पूरी तरह नकली है.



**पूर्व विधायक ने कहा- सड़क से अदालत तक जाऊंगा**

पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने कालाबाजारी पर की जाने वाली कार्रवाइयों को भी सिर्फ दिखावा करार दिया. उन्होंने कहा कि छापे तो पड़ते हैं, लेकिन तीन दिन में दुकानें फिर खुल जाती है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सीधा सवाल उठाया ओर आरोप लगाया की खाद कंपनी के कृषि मंत्री से संबंध नहीं होंगे क्या ? साथ ही भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार पर कंपनियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया.

# शराब का ट्रक पलटा, शाबासी ली पुलिस ने

## पुलिस ने लाखों रुपये की अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 29 दिसम्बर बीती रात सोहागपुर पिपरिया के बीच में करनपुर गांव के पास अवैध शराब का ट्रक पलट जाने से पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर स्वयं की कार्यवाही दिखाते हुए शाबासी हासिल कर ली.**

सूत्र बताते हैं कि यदि ट्रक पलटता नहीं तो पुलिस कैसे कार्यवाही करती. जिला पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सोहागपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा है। इसे जिले की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाहियों में से एक माना जा रहा है। 28 दिसंबर 2025 की सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम करनपुर में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोहागपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक यूपी 92, टी 5398 को अपने कब्जे में लिया।



ट्रक में भरा था शराब का जखीरा - जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली, तो अधिकारी भी दंग रह गए। ट्रक के अंदर ब्रांडेड रम की भारी मात्रा बरामद हुई - 315 कार्टून - 750 मिली की बोतलें, 368 कार्टून - 375 मिली की बोतलें, 60 कार्टून - 180 मिली की बोतलें। कुल मिलाकर 11,229.59 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी बाजार में कीमत 64,65,638 रुपये आंकी गई है।

# ट्रक में भरी 62 भैंसों को पुलिस ने कराया मुक्त

- **सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची थी पुलिस,**
- **ट्रक में ठूंस-ठूस कर भरे थे मवेशी**

**अशोकनगर, 29 दिसंबर. सेहराई पुलिस ने ट्रक में ठूस ठूस कर भरे पांच दर्जन से अधिक भैंसो को मुक्त कराया। साथ ही ट्रक के चालक व उसके मालिक के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीवद्ध किया गया है।**

थाना प्रभारी धर्मेश दांगी ने बताया कि रविवार सोमवार की दरमियानी रात्रि को एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के द्वारिका ढाबा स्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर एक अर्टिगा क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी पाई गई। जहां फरियादी के कथन अनुसार एक टाटा कंपनी का ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 5280 द्वारा दुर्घटना कारित की गई थी। प्रकरण में ट्रक चालक के विरुद्ध देहाती नालसी के आधार पर अपराध क्रमांक 0/25 अंतर्गत धारा 281, 125(ए) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।

# रील बनी जान की दुश्मन-युवक की मौत

**खास बातें**

- **एक रील... और खत्म हुई ज़िंदगी!**
- **लाइक्स के चक्कर में तालाब में उतरा युवक**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 29 दिसम्बर,सोशल मीडिया की चमक-धमक और लाइक्स चाह कब किसी की जान ले ले, कहा नहीं जा सकता. ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा विदिशा जिले के ग्राम घटेरा में सामने आया, जहां इंस्टाग्राम रील बनाने के चक्कर में एक 19 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान बंजरिया गांव निवासी देव तिवारी के रूप में हुई है.**



> **डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव**
>
> करीब 6 बजे तक चली रेस्क्यू कोशिशों के बाद देव को तालाब से बाहर निकाला गया. उसे तुरंत त्योंदा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी.

रविवार शाम करीब 4.30 बजे देव अपने तीन दोस्तों के साथ रील शूट करने के इरादे से तालाब पर पहुंचा. जानकारी के अनुसार, तालाब किनारे पड़ी लकड़ियों के सहारे बनी एक अस्थायी नाव पर चारों दोस्त तालाब के बीचों बीच चले गए. रील बनाने के दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ा और चारों पानी में गिर पड़े. देव के तीनों साथी तैराक थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने ट्यूब की मदद से सुरक्षित निकाल लिया.लेकिन तैरना न जानने के कारण देव गहरे पानी की ओर खिंचता चला गया.



# सात साल की बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि

- **बिना रेलिंग पुल से गिरे युवक की मौत**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 29 दिसम्बर. का. जिला मुख्यालय राजगढ़ में बीती रात्रि को हुई घटना में नेवज नदी के रेलिंग विहीन छोटे पुल से एक बाईक नीचे जा गिरी. बाईक सवार युवक का प्राणांत हो गया.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित हेडगवार कॉलोनी निवासी युवक कल्याण सेन पिता सूरज सेन वैद्य उम्र 35 वर्ष नेवज नदी के उस पार स्थित डांक बंगले से बाईक द्वारा लौट रहा था तभी रात्रि करीब 10 बजे जब युवक मोटर सायकल से नेवज नदी के छोटे पुल से गुजर रहा था तभी बिना रेलिंग वाले पुल से मोटर सायकल नीचे जा गिरी. राहगीरों ने युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

> मुक्तिधाम पर उस समय हर किसी की आंखे नम हो गई जब युवक की बेटी वीणा सेन उम्र 7 वर्ष द्वारा मुखाग्नि दी गई. समूचा वातावरण गमगीन हो गया. गौरतलब है कि नेवज नदी के छोटे पुल पर रेलिंग नहीं है, जिससे यहां हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है.

**बालिका की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली**

इस घटना के बीच एक भावनात्मक रिश्ते की अनुरकरणीय पहल भी सामने आई. युवक की बेटी की पढ़ाई की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी में कार्यरत राजगढ़ निवासी आयुषी पिता इस्सु विजयवर्गीय द्वारा लेने की घोषणा की गई. दोनों परिवारों के बीच घनिष्ठ लगाव के चलते विजयवर्गीय परिवार द्वारा यह जिम्मेदारी ली गई.

## दहोटा घाट के जंगल में मिला व्यापारी का शव

**सीहोर.** जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित दहोटा घाट के जंगल में नर्मदापुरम के प्रतिष्ठित व्यापारी 39 वर्षीय विवेक शर्मा उर्फ अविनाश शर्मा का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की है. परिजनों के अनुसार विवेक शर्मा शुक्रवार को मंडीदीप से अपनी कार से नर्मदापुरम के लिए रवाना हुए थे. लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे. उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया. परिजन लगातार संपर्क की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. अनहोनी से आशंकित परिजनों ने मंडीदीप थाने में विवेक शर्मा की गुमशुदगी दर्ज कराई थी.

**खुशी** | **महाराष्ट्र में बंधक बने गुना के 26 श्रमिकों को प्रशासन ने छुड़ाया, दलालों ने दिया था जख्म**

# 26 परिवार अपनों के बीच लौटे तो छलक आईं आंखें

**गुना, 29 दिसंबर. रोजी-रोटी की तलाश में सात समंदर पार नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र गए गुना के 26 परिवारों के लिए पिछला कुछ समय किसी बुरे सपने से कम नहीं था। आंखों में बेहतर भविष्य के सपने और जेब में चंद रुपयों की उम्मीद लेकर निकले इन श्रमिकों को क्या पता था कि जिस राह पर वे जा रहे हैं, वहां सिर्फ शोषण और बेबसी का अंधेरा मिलेगा।**

प्रशासन की तत्परता से आज ये सभी 26 श्रमिक सुरक्षित अपनी मिट्टी पर लौट आए हैं।

गुना जिले के ग्राम अमरोद, उमरी, सिरसी और परसोदा के इन गरीब श्रमिकों को एक बेरहम दलाल ने गन्ना कटाई के काम में अच्छे मुनाफे का लालच दिया था। शोलापुर की तपती धूप में जब ये मजदूर पहुंचे, तो असलियत सामने आई। न तो तय मजदूरी मिली और न ही घर लौटने का कोई रास्ता।

दलालों ने उनके हाथ-पैर मानों बेड़ियों में बांध दिए थे—न वे काम छोड़ सकते थे और न ही अपनी मर्जी से वापस आ सकते थे। भूख और डर के साये में दिन काट रहे इन श्रमिकों की करुण पुकार आखिरकार गुना तक पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इसे केवल एक आधिकारिक प्रकरण नहीं माना, बल्कि एक मानवीय मिशन की तरह लिया। उनके कड़े निर्देशों के बाद श्रम विभाग की टीम—श्रम पदाधिकारी आशीष तिवारी, निरीक्षक रामकुमार चौदहा और मयंक भार्गव—एक्शन मोड में आई। दिन-रात महाराष्ट्र के अधिकारियों से समन्वय किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद इन श्रमिकों को उस नरक से बाहर निकाला गया।



> **अब दलालों की खैर नहीं**
>
> इस भावुक मिलन के बीच कलेक्टर कन्याल के तेवर भी सख्त नजर आए। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि मासूम ग्रामीणों की लाचारी का फायदा उठाने वाले दलालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने श्रम विभाग को दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और साफ किया है कि जिले में अब किसी भी श्रमिक को बहला-फुसलाकर ले जाने की इजाजत किसी को नहीं होगी।

# 2025 वर्ष भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा

**नयी दिल्ली 29 दिसंबर. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत, एशिया कप में खिताबी सफलता और इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए वर्ष 2025 का सफर काफी मिला-जुला रहा है।**

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की। भारत ने पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की, जबकि एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत बनाम इंग्लैंड टी-20 सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण पल अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक रहा। उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में 135 रनों की पारी खेली, जो अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।





भारतीय टीम ने फरवरी में पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अपनी लय को बरकरार रखा। आठ साल बाद अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में लौटी इस प्रतिष्ठित एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली का शतक जीत का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा, जबकि फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को चैंपियन बनाया।

इसके बाद भारत का अगली अंतरराष्ट्रीय सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज थी, लेकिन उससे पहले ही बड़ा बदलाव देखने को मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके बाद चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया। हाल के वर्षों की सबसे रोमांचक टेस्ट सीरीज में से एक मानी जा रही यह सीरीज बराबरी पर खत्म हुई। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरा मुकाबला जीता, जबकि भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट अपने नाम किया और द ओवल में खेले गए आखिरी मुकाबले में छह विकेट से शानदार जीत दर्ज कर सीरीज बराबर की। इस पूरी सीरीज में कप्तान शुभमन गिल ने 75.40 की औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक और एक दोहरा शतक शामिल रहा।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए सितंबर में यूएई में खेले गए एशिया कप का खिताब अपने नाम किया।

> अक्टूबर में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज की मेजबानी की और 2-0 से क्लीन स्वीप किया। यह शुभमन गिल की टेस्ट कप्तान के रूप में पहली सीरीज में जीत थी। इसी दौरान गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान भी बनाया गया। एकदिवसीय प्रारुप में उनकी शुरुआत उतनी सफल नहीं रही। अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत को तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिडनी में खेले गए आखिरी मुकाबले में रोहित शर्मा के शतक ने भारत को क्लीन स्वीप होने से बचाया।

# एमपी और मुम्बई की दमदार जीत

## विजय हजारे ट्रॉफी | हिमांशु मंत्री की जुझारू पारी और मध्यप्रदेश के गेंदबाजों का कहर

**47** रनों से शिकस्त मिली केरल को

**09** विकेट से मात दी छत्तीसगढ़ को





- मप्र ने ग्रुप ए में मजबूती दिखाई
- मुम्बई ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा

**अहमदाबाद/जयपुर, 29 दिसंबर. विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबलों में सोमवार को घरेलू क्रिकेट में दो एकतरफा मुकाबले देखने को मिले, जहां मध्यप्रदेश और मुम्बई ने अपने-अपने मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल और छत्तीसगढ़ को करारी शिकस्त दी। अहमदाबाद में खेले गए एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मध्यप्रदेश ने केरल को 47 रनों से हराया, जबकि जयपुर में एलीट ग्रुप सी मैच में मुम्बई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से मात दी। दोनों मैचों में गेंदबाजों का दबदबा और बल्लेबाजों की संयमित पारियां जीत की वजह बनीं।**

अहमदाबाद में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मध्यप्रदेश ने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर केरल को 47 रनों से शिकस्त दी। केरल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो उसके गेंदबाजों के शुरुआती प्रदर्शन को देखते हुए सही भी लगा। अंकित शर्मा और बाबा अपराजित की धारदार गेंदबाजी के सामने मध्यप्रदेश की बल्लेबाजी बिखरती नजर आई और पूरी टीम 46.1 ओवर में 214 रनों पर सिमट गई।

मध्यप्रदेश की ओर से हिमांशु मंत्री ने संघर्षपूर्ण और जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए 105 गेंदों में सात चौकों की मदद से 93 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि वह शतक से चूक गए, लेकिन उनकी पारी टीम के लिए बेहद अहम साबित हुई। त्रिपुरेश सिंह ने 37 रन बनाए, जबकि हर्ष गवली (22), आर्यन पांडे (15) और यश दुबे (13) ने छोटे-छोटे योगदान दिए। केरल के लिए अंकित शर्मा ने चार विकेट लिए, जबकि बाबा अपराजित को तीन सफलता मिली। एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने एक-एक विकेट झटका।

### सिद्धेश ने अंगकृष के साथ नाबाद 102 रनों की साझेदारी

वहीं जयपुर में खेले गए एलीट ग्रुप सी मुकाबले में मुम्बई ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए मुम्बई के गेंदबाजों ने छत्तीसगढ़ की बल्लेबाजी को टिकने ही नहीं दिया। शार्दुल ठाकुर ने 13 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शम्स मुलानी ने 31 रन देकर पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। छत्तीसगढ़ की पूरी टीम 38.1 ओवर में 142 रनों पर ढेर हो गई। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने 68 रनों की जुझारू पार खेली, जबकि अजय मंडल ने 46 रन बनाए। इनके अलावा बाकी नौ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई की टीम ने बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और इशान मुलचंदानी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इशान मुलचंदानी के आउट होने के बाद सिद्धेश लाड ने अंगकृष रघुवंशी के साथ नाबाद 102 रनों की साझेदारी कर टीम को 24 ओवर में ही जीत दिला दी।

> 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केरल की शुरुआत लड़खड़ाती रही। मध्यप्रदेश के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाते हुए केरल की बल्लेबाजी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पूरी टीम 40.1 ओवर में 167 रनों पर सिमट गई। केरल की ओर से शराफ़ुद्दीन ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। सलमान निजार (30), विष्णु विनोद (20), कप्तान रोहन कुन्नुमल (19), मोहम्मद अजहरुद्दीन (15) और अंकित शर्मा (13) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। मध्यप्रदेश के लिए शुभम शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि सारांश जैन और शिवांग कुमार को दो-दो सफलता मिली। त्रिपुरेश सिंह, आर्यन पांडे और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट लेकर जीत को पुख्ता किया।



## भूटान के सोनम येशे ने 8 विकेट लेकर T20 क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड

**गेलेफू ( भूटान ).** भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे एक टी-20 मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। 22 वर्षीय येशे ने यह कारनामा म्यांमार के खिलाफ तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में किया। येशे शुक्रवार को म्यांमार के खिलाफ खेले गये मुकाबले के अपने चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट झटके। इस मैच भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन सिमट गई। इस सीरीज में येशे अब तक चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सीरीज का आखिरी मैच सोमवार को खेला जाना है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू टी-20 क्रिकेट में यह उपलब्धि किसी भी गेंदबाजा द्वारा पहली बार हासिल की गई है। येशे से पहले पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल दो गेंदबाजो ने सात विकेट लिए थे। सयाजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ मलेशिया के लिए आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ बहरीन के लिए 19 रन देकर सात विकेट झटके थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर भी यह कारनामा केवल दो बार हुआ है।

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में

## 10000 रन पूरे किए

- मिताली राज के बाद दूसरी भारतीय
- 281 पारियों में मुकाम हासिल कर बनाया रिकॉर्ड
- 2025 में अब तक 1660 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन

**तिरुवनंतपुरम, 29 दिसंबर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ खेले गए चौथे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और दुनिया की चौथी बल्लेबाज बन गईं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट में मिताली राज के बाद अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया।**



मंधाना से पहले यह मुकाम भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने हासिल किया था, जो 10,868 रनों के साथ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूजी बेट्स 10,652 रनों के साथ दूसरे और शार्लेट एडवर्ड्स 10,273 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। स्मृति मंधाना अब इस विशिष्ट सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मंधाना ने यह उपलब्धि न सिर्फ हासिल की, बल्कि सबसे तेज 10 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपनी 281वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया। इससे पहले मिताली राज ने 291 पारियों में, जबकि शार्लेट एडवर्ड्स और सूजी बेट्स ने क्रमश: 308 और 314 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए थे।

श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले से पहले

### एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक

मंधाना इस रिकॉर्ड से मात्र 27 रन दूर थीं। उन्होंने बाएं हाथ की स्पिनर निमाशा मीपाजे की गेंद पर लॉन्ग ऑन की दिशा में एक रन लेकर यह ऐतिहासिक आंकड़ा छुआ।

### एक नजर में



## ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए प्रोविजनल टीम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड शामिल

**सिडनी, 29 दिसंबर.** मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने चोट की चिंताओं के बावजूद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रोविजनल टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड को शामिल करने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस, जो एशेज के तीसरे टेस्ट के लिए एडिलेड में लौटे थे, लेकिन सावधानी के तौर पर बाकी सीरीज से बाहर हो गए थे, लगभग चार हफ़्ते में अपनी पीठ का एक और स्कैन करवाएंगे। सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा। मैकडॉनल्ड ने कहा, ' मुझे लगता है पैट का चार हफ्ते में एक स्कैन होगा, तो उससे हमें जानकारी मिल जाएगी कि वह टी-20 विश्व कप के लिए किस स्थिति में हैं। उन्हें 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया जाएगा। ' इस बीच, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की समस्याओं के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। 34 साल के तेज गेंदबाज को चोटों ने परेशान किया है।

## गस एटकिंसन एशेज के आखिरी टेस्ट से हुए बाहर

**सिडनी, 29 दिसंबर.** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी को होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की एशेज सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार एटकिंसन को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। 27 साल के एटकिंसन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए और वापस नहीं लौटे, जबकि इंग्लैंड ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। बाद के स्कैन में हैमस्ट्रिंग की समस्या की पुष्टि हुई, जिससे एटकिंसन एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया अभी पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। इंग्लैंड ने एक बयान में कहा, 'इंग्लैंड पुरुष टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन एशेज टूर के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में पता चला है कि उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है।

# ब्रेसवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंगटन, 29 दिसंबर न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।**



35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए।

ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी।

ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे और अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर नियमित रूप से योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था।

> आईसीसी ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के एक बयान के हवाले से ब्रेसवेल के हवाले से कहा, 'यह मेरे जीवन का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है, और कुछ ऐसा जिसकी मैंने एक युवा क्रिकेटर के तौर पर ख्वाहिश की थी। मैं क्रिकेट के माध्यम से मिले अवसरों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा, साथ ही अपने घरेलू करियर के दौरान सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी। प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है, और मैं आभारी हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक खेल खेला और उसका आनंद लिया।'

## श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नयी दिल्ली.** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करन साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका कल होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा।

# वनडे सीरीज में हार्दिक और जसप्रीत बुमराह दिया जा सकता है आराम

**नयी दिल्ली 29 दिसंबर. आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।**



टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे। इनसे पहले होने वाले 3 एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। एकदिवसीय टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है। ऐसा समझा जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि टी-20 विश्व कप के लिए अहम इन दो खिलाड़ियों को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा जाएगा।

## डिमेरिट अंक | ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने बयान में कहा- दो दिन में ही समाप्त हो गया मैच यह निराशाजनक है

# आईसीसी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग दी

**दुबई, 29 दिसंबर. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर ही समाप्त हो गया था और इस कारण से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला है।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा, 'बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है।

पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिंग डे



टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बढ़िया पिच देखने को मिलेगी।

' आईसीसी ने पिच रेटिंग के लिए चार श्रेणी रखी है और इस मैदान की पिच को तीसरे स्थान 'अंसतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है जिसमें पिच गेंदबाजों के लिए फायदेमंद रहती है और गेंद एवं बल्ले के बीच बराबर का मुकाबला देखने को नहीं मिलता।

> पिछले तीन बॉक्सिंग डे टेस्ट में एमसीजी को 'सबसे बढ़िया' पिच की रेटिंग दी गई थी लेकिन इस बार मामला उलट गया। यह इस ऐशेज में दूसरा दो दिन वाला टेस्ट था और सीरीज के पहले तीन टेस्ट में जीत के बाद इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने के अगले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि वह एकदम सदमे में हैं। पेज के पिच पर 10 मीमी घास छोड़ने के फैसले की भी काफी चर्चा हो रही है।

# क्रेडिट स्कोर से यूपीआई तक होंगे बड़े बदलाव

## 1 जनवरी से टैक्स, बैंकिंग और पेमेंट नियम बदलेंगे

**नई दिल्ली, 29 दिसंबहर. साल 2025 अब खत्म होने जा रहा है और इसके साथ ही आम आदमी की फाइनेंशियल लाइफ में बड़े बदलावों का दौर शुरू होने वाला है. 31 दिसंबर सिर्फ साल का आखिरी दिन नहीं, बल्कि टैक्स, निवेश और बैंकिंग से जुड़े कई अहम काम निपटाने की अंतिम तारीख भी है.**




वहीं 1 जनवरी 2026 से क्रेडिट स्कोर, इनकम टैक्स, पैन-आधार, यूपीआई,आईटीआर फाइलिंग और स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स से जुड़े नियम बदल जाएंगे. इन बदलावों का सीधा असर आपकी जेब, निवेश और लोन पर पड़ेगा. अगर समय रहते तैयारी नहीं की, तो नुकसान उठाना पड़ सकता है.

आईटीआर और सेविंग स्कीम अलर्ट- नया साल शुरू होने से पहले 31 दिसंबर आम आदमी के लिए बेहद अहम तारीख बन गई है. टैक्स रिटर्न, पैन-आधार लिंक और निवेश से जुड़े कई बड़े फैसले इसी तारीख से सीधे प्रभावित होंगे. आईटीआर फाइल करने की आखिरी डेडलाइन खत्म होते ही रिफंड का मौका हाथ से निकल सकता है और भारी जुर्माना देना पड़ सकता है. वहीं पैन-आधार लिंक न होने पर पैन निष्क्रिय होने का खतरा है. इसके साथ ही छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कटौती की आशंका भी है. ऐसे में साल खत्म होने से पहले सही वित्तीय फैसले लेना बेहद जरूरी हो गया है. 31 दिसंबर की डेडलाइन, टैक्सपेयर्स रहें अलर्ट- नया साल शुरू होने से पहले टैक्सपेयर्स के लिए 31 दिसंबर बेहद अहम तारीख बन गई है.

> इनकम टैक्स विभाग ने साफ कर दिया है कि आईटीआर फाइलिंग और पैन-आधार लिंकिंग में किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है, जिसके बाद रिफंड का दावा मुश्किल हो जाएगा. वहीं, पैन-आधार लिंक न होने पर 1 जनवरी 2026 से पैन निष्क्रिय हो सकता है, जिससे बैंकिंग और निवेश से जुड़े कई काम अटक सकते हैं.

## नवंबर में विनिर्माण ने बढ़ाई औद्योगिक उत्पादन दर

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर.** विनिर्माण क्षेत्र में आठ फीसदी की जबरदस्त तेजी के दम पर नवंबर में सालाना आधार पर देश का औद्योगिक उत्पादन 6.68 प्रतिशत बढ़ा. यह औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र में अक्टूबर 2023 के बाद 25 महीने की सबसे ज्यादा वृद्धि दर है. अक्टूबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 11.89 फीसदी बढ़ा था.

इससे पहले अक्टूबर 2025 में औद्योगिक उत्पादन 0.40 प्रतिशत और पिछले साल नवंबर में 4.96 प्रतिशत बढ़ा था. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही जबकि बिजली उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी.

# पीआर कॉन्फ्रेंस में आरईसी को बड़ी कामयाबी

**देहरादून, 29 दिसंबर. हाल ही में देहरादून में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेस में आरईसी लिमिटेड को दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.**



आरईसी लिमिटेड को पब्लिक रिलेशन्स और इन-हाउस जर्नल कैटेगरी में अवॉर्ड मिले, जिसमें स्टेकहोल्डर कम्युनिकेशन को मजबूत करने, ट्रांसपेरेंसी को बढ़ावा देने, और स्ट्रक्चर्ड और भरोसेमंद कम्युनिकेशन प्रैक्टिस के ज़रिए अपने इंस्टीट्यूशनल इनिशिएटिव्स को असरदार तरीके से पेश करने में ऑर्गनाइज़ेशन की लगातार कोशिशों को पहचान मिली. ये अवॉर्ड पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और उत्तराखंड विधानसभा की स्पीकर श्रीमती रितु खंडूरी भूषण ने दिए. कॉन्फ्रेंस की कार्रवाई के दौरान हुए अवॉर्ड सेरेमनी में आरईसी लिमिटेड, देहरादून ऑफिस के सीपीएम श्री सुनील बिष्ट और आरईसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस टीम के सदस्यों ने ये अवॉर्ड लिए.कॉन्फ्रेस के दौरान, आरईसी की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीम ने पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों में कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की भूमिका पर एक प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसमें पब्लिक सेक्टर के संगठनों में ट्रांसपेरेंसी, भरोसा और इंस्टीट्यूशनल क्रेडिबिलिटी बढ़ाने में कम्युनिकेशन की बदलती स्ट्रेटेजिक भूमिका पर ज़ोर दिया गया.

ये अवॉर्ड्स आरईसी के पब्लिक रिलेशन्स के लिए स्ट्रेटेजिक अप्रोच, अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के साथ इसके लगातार जुड़ाव, और इसके इन-हाउस जर्नल की क्वालिटी और रेलिवेंस को दिखाते हैं, जो इंटरनल कम्युनिकेशन, एम्प्लॉई एंगेजमेंट, और ऑर्गनाइजेशन के विजन और वैल्यूज के हिसाब से जानकारी फैलाने में अहम भूमिका निभाता है.

# सोना-चांदी ने बनाया ऑलटाइम हाई रिकार्ड

**1.38** लाख रुपए पार हुआ सोना

**2.43** लाख रुपए पर पहुंची चांदी

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर . साल 2025 के आखिरी दिनों में सोना और चांदी निवेशकों के लिए सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बन गए हैं. लगातार पांचवें कारोबारी दिन दोनों कीमती धातुओं ने ऑलटाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया है.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपये के पार निकल गया है, जबकि चांदी की कीमत 2.43 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है. कमजोर डॉलर,



वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंकों की भारी खरीद और इंडस्ट्रियल डिमांड ने बाजार में ऐसी तेजी पैदा की है, जिसने पुराने सभी अनुमान पीछे छोड़ दिए हैं. साल की शुरुआत में जहां सोने-चांदी की कीमतें आम निवेशकों की पहुंच में थीं, वहीं अब ये ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं.

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह तेजी सिर्फ सट्टेबाजी नहीं, बल्कि मजबूत वैश्विक फैक्टर्स का नतीजा है. यही वजह है कि आने वाले महीनों में भी कीमतों में नरमी की उम्मीद कम नजर आ रही है.

> इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोना 205 रुपये की बढ़त के साथ 1,38,161 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. वहीं चांदी में जोरदार उछाल दर्ज किया गया और इसका भाव 15,376 रुपये बढ़कर 2,43,483 रुपये प्रति किलो हो गया. साल 2025 की बात करें तो सोना अब तक 61,999 रुपये और चांदी 1,57,466 रुपये महंगी हो चुकी है. 31 दिसंबर 2024 को जहां 10 ग्राम सोना 76,162 रुपये का था, वहीं अब इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है. इसी तरह चांदी भी 86,017 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 2.43 लाख रुपये तक पहुंच गई है.

## एयरटेल ने डिजिटल टीवी पर लॉन्च किया कार्टून नेटवर्क क्लासिक

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर.** दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने एयरटेल डिजिटल टीवी पर पुराने जमाने के लोकप्रिय कार्टून सीरीजों के लिए एक विशेष चैनल की शुरुआत की घोषणा की है. कंपनी ने बताया कि एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक के नाम से इस विशिष्ट मूल्यवर्द्धित सेवा की शुरुआत वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ मिलकर की जा रही है. उसने बताया कि इस पर टॉम एंड जेरी, द फ्लिंटस्टोन्स, लूनी ट्यून्स, स्कूबी डू, जॉनी ब्रेवो और अन्य क्लासिक उपलब्ध होंगे. एक ओर जहां इन कार्टून को देखते हुए बड़ी होने वाली पीढ़ी एक बार फिर उन दिनों की यादों को ताजा कर सकेगी, वहीं वे आज के समय की पीढ़ी को भी इससे रू-ब-रू करा सकेंगे.

# जीएसटी 2.0 से आम आदमी को बड़ी राहत

**राउंडअप 2025**

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर. साल 2025 भारत की टैक्स व्यवस्था में बड़े बदलाव का गवाह बना है. केंद्र सरकार ने जीएसटी 2.0 लागू कर टैक्स सिस्टम को पहले से ज्यादा सरल और आम आदमी के अनुकूल बना दिया है.**

सितंबर 2025 से लागू नए नियमों के तहत टैक्स स्लैब घटाए गए, हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस से जीएसटी हटाया गया और रोजमर्रा की कई चीजें सस्ती हुईं. इन सुधारों से महंगाई पर लगाम और उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिली है.

साल 2025 को देश की टैक्स व्यवस्था के इतिहास में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है. केंद्र सरकार ने जीएसटी 2.0 लागू कर वस्तु एवं सेवा कर को पहले से ज्यादा सरल, पारदर्शी और आम आदमी के अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है.

सितंबर 2025 से लागू इन सुधारों का सीधा फायदा आम उपभोक्ताओं को मिला है, क्योंकि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली कई चीज़ों के दाम घट गए हैं. जीएसटी की शुरुआत के बाद से पहली बार टैक्स स्लैब की संख्या को चार से घटाकर दो मुख्य स्लैब कर दिया गया है. अब ज्यादातर वस्तुएं केवल 5 प्रतिशत या 18प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आती हैं.

वहीं, लग्जरी और सिन गुड्स के लिए 40 प्रतिशत की नई उच्च दर तय की गई है, जिससे आम उपभोक्ता पर टैक्स का बोझ कम हुआ है. सबसे बड़ी राहत हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर मिली है, जहां से जीएसटी पूरी तरह हटा दिया गया है. इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोडक्ट्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में टैक्स कटौती से उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ा है.

> ### जीएसटी रिफॉर्म्स
> 2025 सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 के तहत टैक्स सिस्टम को व्यापक रूप से सरल किया गया है. सितंबर 2025 से लागू इन बदलावों में सबसे अहम फैसला जीएसटी स्लैब को 4 से घटाकर 2 मुख्य स्लैब (5त्न और 18त्न) करना रहा. इसके अलावा लग्जरी और सिन गुड्स पर 40त्न की नई टैक्स दर लागू की गई है. इन सुधारों का सीधा असर आम आदमी के खर्चों पर पड़ा है. स्मार्ट टीवी, रेफ्रिजरेटर, मोटरसाइकिल, छोटी कारें और कई घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स सस्ते हो गए हैं. एफएमसीजी सेक्टर में भी नमकीन, चिप्स, पास्ता, घी और मक्खन जैसे उत्पादों पर टैक्स कम हुआ है, जिससे रोजमर्रा की खरीदारी पर बचत संभव हुई है. सबसे बड़ी राहत हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस को लेकर आई है. इन पर पहले लगने वाला जीएसटी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, जिससे मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत मिली है.

## ऑटो-आईटी समूह के शेयरों में दिखा दबाव

**मुंबई, 29 दिसंबर.** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही. बीएसई सेंसेक्स 345.91 अंक टूटकर 84,695.54 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.20 अंक घटकर 25,942.10 पर बंद हुआ. ऑटो, आईटी, रियलिटी और स्वास्थ्य समूह के शेयर सबसे ज्यादा टूटे, जबकि मीडिया, एफएमसीजी और सार्वजनिक बैंकों में तेजी रही. मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव दिखा. वैश्विक स्तर पर एशिया और यूरोप के बाजारों में भी मिलेजुले संकेत मिले.

# ईवी नीति पर आईएफटीआरटी के तीखे सवाल

**प्रदूषण के नाम पर ईवी कंपनियों को फायदा?**

**सीएनजी वाहनों पर दंड लगाने की तैयारी में है**

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर. सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों को सब्सिडी देने के प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने दिल्ली सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने के नाम पर ईवी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है.**

संगठन का कहना है कि सीएनजी भी एक हरित विकल्प है,



लेकिन ईवी कंपनियों के दबाव में सरकार एक तरफ उन्हें सब्सिडी देने की योजना बना रही है, दूसरी तरफ वह सीएनजी वाहनों पर दंड लगाने की तैयारी में है. उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण कम करने की योजना के तहत पेट्रोल और सीएनजी वाहनों पर एक-दो प्रतिशत उपकर लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है. इसका प्रारूप जारी कर उस पर आम लोगों और हितधारकों से राय मांगी गयी है. उसके बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर मंत्रिमंडल की मंजूरी दी जायेगी. इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को बैटरी क्षमता के हिसाब से प्रति किलोवाट पांच हजार रुपये की सब्सिडी देने का भी प्रस्ताव है.

आईएफटीआरटी ने एक प्रेस नोट में दिल्ली के प्रदूषण के लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय को जिम्मेदार ठहराया है जो चुनिंदा अधिकारियों की मदद से दिल्ली के प्रशासन की बागडोर संभाले हुए थे.

## पहली जनवरी से भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार में शुल्क शून्य

**नई दिल्ली, 29 दिसंबर** 1 जनवरी 2026 से भारत से ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले सभी माल पर शून्य-शुल्क लागू होगा. यह दोनों देशों के बीच हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के तहत संभव हुआ है.

इससे भारतीय निर्यातकों, छोटे और मध्यम व्यवसायों, किसानों और श्रमिकों को लाभ मिलेगा. पिछले तीन वर्षों में इस समझौते से निर्यात में वृद्धि हुई है और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हुई है.

# बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स 346 अंक लुढ़का

**मुंबई, 29 दिसंबर.शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में चौतरफा गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.91 अंक (0.41 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत उतरकर 25,942.10 अंक पर आ गया.**




बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन खुलते ही दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए. हालांकि कुछ ही देर बाद वे एक बार फिर गिरावट में आ गये. मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत टूट गया. ऑटो, आईटी, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही. मीडिया, एफएमसीजी और सार्वजनिक बैंकों के सूचकांकों में तेजी रही. सेंसेक्स में अडानी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत से अधिक उतर गया. एचसीएल टेक्नोलॉजीज और पावरग्रिड में भी करीब दो प्रतिशत की गिरावट रही. ट्रेंट, बीईएल और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत के अधिक टूट गये.

## समाचार विशेष

# राजनीति में जूनियर पायलट की होगी एंट्री



**जयपुर. राजधानी जयपुर में शुक्रवार को एनएसयूआई की ओर से आयोजित श्अरावली बचाओ अभियानश् के तहत निकाले गए पैदल मार्च ने उस समय सियासी रंग ले लियाए जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट के बेटे आरान पायलट पहली बार किसी सार्वजनिक रैली में नजर आए.**

आरान की मौजूदगी ने इस पर्यावरणीय आंदोलन को पूरी तरह राजनीतिक चर्चा के केंद्र में ला दिया. इसे पायलट परिवार की राजनीतिक विरासत की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है.

एनएसयूआई की ओर से यह पैदल मार्च अरावली पर्वत श्रृंखला में हो रहे अवैध खननए जंगलों की कटाई और पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान के विरोध में निकाला गया. मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने पोस्टर.बैनर लेकर सरकार से अरावली संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की. संगठन के नेताओं ने कहा कि अरावली न केवल राजस्थान बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए जल, पर्यावरण और जैव विविधता की दृष्टि से बेहद अहम है. हालांकि राजनीतिक हलकों में सबसे बड़ा सवाल यही चर्चा का विषय बना रहा कि क्या आरान पायलट की यह मौजूदगी महज एक संयोग है या फिर राजनीति में आने की शुरुआत.

> ### पहले दादा और पिता अब तीसरी पीढ़ी की हुई एंट्री
> राजेश पायलट से लेकर सचिन पायलट तकए पायलट परिवार का राजस्थान की राजनीति में गहरा प्रभाव रहा है. अब आरान पायलट का इस तरह पहली बार किसी रैली में सामने आना कई संकेत दे रहा है. खास बात यह रही कि अब तक सचिन पायलट के दोनों बेटे सार्वजनिक मंचों और रैलियों से दूरी बनाए रखते आए हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही आरान ने अभी किसी तरह की राजनीतिक भूमिका को लेकर कोई बयान नहीं दिया हो, लेकिन इस रैली में उनकी मौजूदगी को भविष्य की तैयारी के तौर पर देखा जा सकता है. युवा कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्थन यह भी दर्शाता है कि पायलट समर्थक उन्हें संभावित भविष्य के नेता के रूप में देखने लगे हैं. अब सवाल यही है कि क्या राजेश पायलट और सचिन पायलट के बाद राजस्थान की राजनीति में जूनियर पायलट की एंट्री का रास्ता खुल रहा है. फ़िलहाल संकेत जरूर मिल रहे हैं, लेकिन अंतिम फैसला समय ही बताएगा.

# चंडीगढ़ में 308 दिन में बदली सियासत

## सड़क से छठ पूजा तक भाजपा ने लिखी पटकथा




**चंडीगढ़. चंडीगढ़ मेयर पद के लिए हाथ उठाकर चुनाव कराने के एलान के साथ ही चंडीगढ़ नगर निगम की राजनीति में जोड़तोड़ के कयास तेज हो गए थे. बुधवार को आम आदमी पार्टी की पार्षद सुमन शर्मा और पूनम के भाजपा में शामिल होते ही इन कयासों पर औपचारिक मुहर लग गई.**

यह घटनाक्रम केवल दो पार्षदों का दल-बदल नहीं बल्कि महीनों से चली आ रही एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति का परिणाम माना जा रहा है जिसमें विकास कार्य, धार्मिक आयोजन और सदन की भूमिका सब कुछ शामिल रहा.

पूनम का मामला सबसे ज्यादा चर्चा में है. 19 फरवरी 2024 को वह दो अन्य पार्षदों के साथ आप छोड़कर भाजपा में गई थीं लेकिन 9 मार्च 2024 को यह कहकर फिर से आप में लौट आईं कि उन्हें गुमराह किया गया था. अब महज 308 दिन में उन्होंने दूसरी बार दल बदला और इसे घर वापसी बताया. सियासी हलकों में माना जा रहा है कि यह फैसला अचानक नहीं था. इसकी पटकथा सितंबर से ही लिखी जाने लगी थी. जब पूरे शहर में खराब सड़कों को लेकर हंगामा था और आप-कांग्रेस गठबंधन सदन में मेयर को घेर रहा था, उसी दौरान सबसे पहले पूनम के वार्ड में सड़क निर्माण का काम शुरू कराया गया. नवंबर की सदन बैठक में जहां विपक्ष हमलावर था, वहीं पूनम ने सड़क बनवाने के लिए मेयर हरप्रीत कौर बबला का खुले तौर पर धन्यवाद कर दिया. इसी तरह सुमन शर्मा के मामले में छठ पूजा का आयोजन अहम कड़ी बनकर सामने आया. भाजपा पार्षदों ने जब सदन में उनके वार्ड में आयोजन पर सवाल उठाए.

> इस दल-बदल से मनोनीत पार्षद गीता चौहान की भूमिका भी उलझन में आ गई है. इंदिरा कॉलोनी की रहने वाली गीता और वहीं की पार्षद सुमन शर्मा के बीच पहले से तीखा टकराव रहा है. सामुदायिक केंद्र और आरडब्ल्यूए तक के मामलों में दोनों आमने-सामने रही हैं. नवंबर की बैठक में तो धक्कामुक्की तक की नौबत आ गई थी. अब सवाल यह है कि पार्टी लाइन में दोनों एक-दूसरे का विरोध करेंगी या समर्थन देंगी.

## कश्मीर की राजनीति में बड़ा मोड़

**जम्मू.** कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं. उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है. उन्होंने एक्स प्रोफाइल से हुर्रियत चेयरमैन का पद हटा दिया है. उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है. मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है.

## कौन बढ़ा रहा है राहुल, प्रियंका का मामला?

**नई दिल्ली.** अचानक इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि कांग्रेस पार्टी की कमान प्रियंका गांधी वाड्रा को संभालनी चाहिए. कांग्रेस के अंदर से तो आवाज उठ ही रही है लेकिन सबसे हैरानी वाली बात है कि प्रियंका को अच्छा नेता बताते हुए भाजपा के लोग भी कहने लगे हैं कि प्रियंका को आगे आना चाहिए. सवाल है कि जब भजपा के लोग राहुल गांधी को असेट मानते हैं, अपना स्टार प्रचारक मानते हैं और दावा करते हैं कि जहां राहुल गांधी प्रचार के लिए जाते हैं वहां भाजपा की जीत पक्की कर देते हैं तो फिर क्यों उनको राहल की जगह प्रियंका चाहिए? यह तो उनके लिए अच्छी बात है कि कांग्रेस का नेतृत्व कमजोर हाथ में है और उससे भाजपा को फायदा हो रहा है!

**वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया. वेबसाईट - www.westerncoal.in

**सूचना**
कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से की जाती है।

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
motilal oswal Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल: hfquery@motilaloswal.com. सीआईएन संख्या: U65923MH2013PLC248741

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति/संपत्तियों के लिए)**
(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)

जबकि अधोहस्ताक्षरी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अगले दिनांक को मांग नोटिस जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है।
निम्नलिखित उधारकर्ताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, एतद्द्वारा निम्नलिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ-साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्तियों पर दिनांक से कब्जा कर लिया है।

| स. क्र. | ऋण अनुबंध संख्या / नाम उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/ गारंटर का | मांग सूचना की तिथि और बकाया | कब्जा प्राप्ति की तिथि | अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति का वह अभिन्न अंग जिसमें शामिल हैं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXSAG00116-170030317 ऋणकर्ता: दिनेशकुमार, मनमोहन पटेल सह-ऋणकर्ता: सरोज दिनेश कुमार पटेल | 10-10-2025 / के लिए रु. 349824/- | 26-12-2025 | ख.नं. 413/1 414/1 पीएच नं.-33 मौजा-गढ़ाकोटा वार्ड नंबर 14 राम वार्ड गढ़ाकोटा सागर एमपीईबी के पास पोवार हाउस माता मंदिर राम वार्ड सागर मध्य प्रदेश-470232 |

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ऊपर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 30.12.2025
अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा
मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

**पावरग्रिड POWERGRID**

**आवश्यक सूचना**
**उच्च विभव बिजली की नई लाईन से "सावधान"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पॉवरग्रिड बीना के द्वारा निर्माणाधीन **765 केवी सतना बीना C1&2 ट्रांसमिशन लाइन (डायवर्टेड भाग जिसकी लंबाई -19.827 km है )** के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त पारेषण लाइन को दिनांक **5 जनवरी, 2026** या उसके बाद किसी भी दिन व किसी भी समय उच्च विभव (7,65,000 वोल्ट) पर आवेशित किया जाएगा।
उक्त पारेषण लाईन म.प्र. के सागर जिले के निम्नलिखित तहसील एवं ग्रामों से होकर जा रही है:

| क्र. सं. | ज़िला | तहसील | गाँव |
|---|---|---|---|
| 1 | सागर | बंडा | मगरधा, हनोता उवारी, महमदा, बेसली, पिडरुवा, बीजरी, नौधना |

उक्त गांवों व पंचायतों के नाम सांकेतिक है और उक्त ट्रांसमिशन लाइन कई आस-पास के गांवों से होकर भी गुजर सकती है।
सुरक्षा की दृष्टि से एवं भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा (68) उपधारा (5) के अनुसार उपरोक्त पारेषण लाईन के नजदीक कोई वृक्ष लगाना, निर्माण करना अथवा किसी भी अन्य प्रकार की वस्तु स्थापना करना, जिससे बिजली लाईन के प्रचालन एवं अनुरक्षण में व्यवधान उत्पन्न हो, प्रतिबंधित है।
लाईन के नजदीक ऐसे किसी भी वृक्ष का रोपण, जिसकी भविष्य में ऊंचाई या शाखायें उपरोक्त नियम का उल्लंघन करती हो, प्रतिबंधित है। लाईन के नीचे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ जमा करना, आग जलाना, ऊँचे पाईप या खम्भे का ट्रांसपोर्टेसन करना, ईंट का भट्टा स्थापित करना वर्जित है। टावर पर चढना, टावर की नींव के पास खुदाई करना पूर्णतया प्रतिबंधित है।
भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 तथा नियम -1956 के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त लाईन के टावर पर न चढे तथा विद्युत् तारो से उचित दूरी बनाये रखे अन्यथा जान माल की क्षति हो सकती है। इस चेतावनी की अवहेलना करने पर किसी प्रकार की जान माल की क्षति होती है तो उसके लिए **पॉवरग्रिड बीना** की कोई जिम्मेदारी नही होगी तथा दुर्घटना होने पर उल्लंघनकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे। पारेषण लाईन के सुचारु संचालन में बाधा उत्पन्न करने के कारण उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

**जारीकर्ता**
**हरेश पटेल**
**महाप्रबन्धक**
**पावरग्रिड बीना**
A Maharatna PSU

# मैदान में दिखो, चूक पर अफसर नपेंगे

## सीपी ने दिया फरमान : रात डेढ़ बजे तक फील्ड में रहेंगे टीआई, एसीपी व एडीसीपी

नवभारत

**इंदौर, 29 दिसंबर. नए साल के जश्न से पहले इंदौर पुलिस कमिश्नर ने खाकी को सख्त अलर्ट पर डाल दिया है. कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई न हो, इसके लिए पुलिस कमिश्नर ने साफ निर्देश दिए हैं कि सभी थानों के टीआई, एसीपी और एडिशनल डीसीपी रात डेढ़ बजे तक मैदान में मौजूद रहेंगे. फील्ड में सक्रियता की पुष्टि के लिए अधिकारियों को मौके से फोटो भेजना अनिवार्य किया है.**



सीएम मोहन यादव के प्रभार वाले जिले इंदौर में लॉ एंड ऑर्डर सुधारने को लेकर पुलिस कमिश्नर लगातार सख्ती बरत रहे हैं. इसी कड़ी में न्यू ईयर को देखते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि अब किसी भी घटना की जिम्मेदारी सिर्फ टीआई तक सीमित नहीं रहेगी. यदि क्षेत्र में कोई वारदात होती है तो संबंधित एसीपी और एडीसीपी की भी जवाबदेही तय की जाएगी. सीपी ने सभी थाना क्षेत्रों में बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और बाउंड ओवर की प्रक्रिया बिना किसी कोताही के लागू करने के निर्देश देने के साथ ही सूचीबद्ध बदमाशों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं.

वहीं न्यू ईयर पर हुड़दंग और ड्रिंक एंड ड्राइव की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष प्लान तैयार किया है. सभी थाना क्षेत्रों में बार और रेस्टारेंट्स की सूची बनाई गई है. प्रमुख सड़कों और चौराहों पर ब्रीथ एनालाइजर के साथ सघन जांच की जाएगी.

> औसतन दो से तीन किलोमीटर के अंतर पर वाहन चालकों की चेकिंग होगी, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो और किसी भी तरह की दुर्घटना को रोका जा सके. बता दें 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी.नशे में वाहन चलाने वालों और हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई होगी. शराब पीकर कार या दोपहिया चलाते पकड़े जाने पर वाहन जब्त किए जाएंगे. नशा परोसने वाले आयोजक भी कार्रवाई के दायरे में होंगे.

## नर्सिंग कॉलेजों में महिलाओं को आरक्षण देने की चुनौती

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर महिलाओं को सौ प्रतिशत आरक्षण दे दिया. मामले पर जस्टिस अमित सेठ तथा जस्टिस हिमांशु जोशी की अवकाशकालीन युगलपीठ ने सरकार को अपना जवाब पेश करने के निर्देश दिए. मामले की सुनवाई 5 जनवरी को नियत की है. नौशाद अली की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा. मप्र कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-1 सब ग्रुप-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के विज्ञापन में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर सहित ट्यूटर के कुल 286 पदों पर महिला उम्मीदवारों को सौ प्रतिशत आरक्षण दिया गया है.

# 3 पक्ष भिड़े, टीआई समेत 5 लाइन हाजिर

▶ **अंडा-मछली पर विवाद, थाने के भीतर हो गई उठापटक**

**ग्वालियर, 29 दिसंबर. अंडे के ठेले से शुरु हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि थाने तक में मारपीट उठा-पटक हो गई. थाने में जब यह सब हुआ तब स्टाफ काफी कम था, इसलिए भीड़तंत्र वर्दी पर भारी पड़ा पर जब वर्दी थाने में एकत्र हुई तो थाने में मारपीट करने वालों ने पुलिस पर ही आरोप जड़ दिया कि पुलिस ने थाने पर हम लोगों पर डंडे बरसाए हैं.**

मामला जब काफी गरमा गया तो पुलिस ने सभी पक्षों को मेडिकल के लिए भेजा. मामले की जांच बैठा दी गई और जांच में कोई दखल ना डाले, इसलिए थाना प्रभारी समेत पांच लोगों को लाइन हाजिर कर दिया गया है.



सत्यम भदौरिया निवासी गोला का मंदिर पिंटो पार्क पर राजू चौहान के चिकन स्टॉल पर चिकन खाने गया था. यहीं पर विवाद के बीज पड़ गए. दोनों पक्षों के बीच पहले तकरार हुई. फिर मारपीट हो गई. इसके बाद राजू चौहान गोला का मंदिर थाने पहुंच गया रिपोर्ट लिखवाने के लिए. पुलिस अभी चौहान की बात सुन ही रही थी कि सत्यम अपने साथियों के साथ थाने पहुंचा और कहा कि पिटाई तो उसकी भी हुई है. पुलिस ने कहा, आपकी भी बात सुनी जाएगी पर पहले चौहान की फरियाद तो सुन लें.

> दो गुटों का झगड़ा थाने में तीन गुटों के विवाद में बदल गया. मामले में पुलिस की एंट्री होने के बाद प्रभात शर्मा ने आरोप जड दिया कि पुलिस ने हमें थाने में डंडों से पीटा है. हमारी भी एफआईआर लिखी जाए. जब मामला कुछ लंबा ही खिंच गया तो पुलिस ने तीनों पक्षों को मेडिकल के लिए भेज दिया. पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने मामले की जांच का आदेश दिया. थाना प्रभारी हरेंद्र शर्मा सहित पांच लोगों को लाइन हाजिर कर दिया है. पुलिस इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है. सभी आरोपों की सत्यता परखी जा रही है. लाइन हाजिर होने वालों में एक सब इंसपेक्टर भी शामिल है.

# शिकार की तलाश में घर में घुसा तेंदुआ

**ओएफके पास सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद**

**जबलपुर, 29 दिसंबर. ओएफके के पास ठंड के समय तेंदुओं की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. तेंदुआ का खौफ स्थानीय लोगों में इस कदर व्याप्त हो चुका है कि वो शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में कैद हो रहे हैं.**



सोमवार को तो ओएफके वेस्टलैंड क्वार्टर निवासी राजू मीणा के घर की दीवार फांदकर तेंदुआ घुसा और परिसर में विचरण करते घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गया. सोमवार सुबह करीब 9 बजे राजू मीणा ने घर का रूटीन की तरह सीसी कैमरे के फुटेज चैक किए तो उसने देखा कि उसके घर के अंदर आँगन में तेंदुआ घूम रहा था. सोमवार को ये खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और फिर वन विभाग को इसकी सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लोगों से सतर्क रहने व आश्वासन दिया तेंदुआ को पकड़ कर दूर जंगल में छोड़ दिया जाएगा.

**यह है मामला**

जानकारी के अनुसार राजू मीणा सहित क्वार्टर में रहने वाले अन्य लोगों ने आयुध निर्माणी प्रबंधन को पत्र लिखकर मांग की है कि तेंदुआ से उनकी जान बचाई जाए क्योंकि तेंदुआ अब सरकारी क्वार्टर में घुसने लगा है. सामने आए सीसी कैमरे के फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि तेंदुआ सरकारी क्वार्टर के आँगन में प्रवेश कर चुका है और इधर-उधर शिकार की तलाश में घूम रहा है. गनीमत रही कि जिस वक्त तेंदुआ राजू के घर में घूम रहा था उस वक्त उसके घर के सदस्य बाहर नहीं बल्कि अंदर ही थे नहीं तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था.

## निजी यूनिवर्सिटी से 9 लाख की चोरी, अंदरूनी मदद के शक में पुलिस

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र की एक निजी यूनिवर्सिटी में तड़के हुई चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है. अज्ञात चोर नौ लाख रुपए से भरी तिजोरी लेकर ऐसे फरार हो गए कि किसी को भनक तक नहीं लगी. सीसीटीवी फुटेज में तीन से चार बदमाश चादर ओढ़कर परिसर में दाखिल होते और वारदात को अंजाम देते नजर आए हैं. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चोर किसी वाहन से नहीं, बल्कि पैदल ही यूनिवर्सिटी परिसर में पहुंचे थे. वारदात परसों रात करीब चार से पांच बजे के बीच रेवती रेंज के पास स्थित रेनेसां यूनिवर्सिटी में हुई.

# उम्मीदों का बटन दबा, 70 .68 प्रतिशत मतदान हुआ

## 31 ग्राम पंचायतों के 68 गांवों के 34,335 मतदाताओं ने किया मतदान का उपयोग

**सोयतकलां, 29 दिसंबर. जिला पंचायत सदस्य हेतु वार्ड क्रमांक 1 में उपचुनाव को लेकर सोमवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई.**

सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं, जिसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस स्थानीय चुनाव या उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया. आज हुए मतदान में कुल 70.68 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया. इसमें महिला



67,64 एवं पुरूष 71,61 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान कर अपने मतदाधिकार का उपयोग किया. इस चुनाव में 31 ग्राम पंचायतों 68 गांवो के कुल 48,157 मतदाता थे. इसमें से 34,335 मतदाताओं ने मतदान किया. मतदान के बाद चुनाव में खडे हुवें मथुराबाई मोहनसिंह गुदलावदा, कालूसिह सिसोदिया, कैलाश पाटीदार एवं घनश्याम मेघवाल के भाग्य का फैसला ईवीएम में केद हो गया है.

> कड़ाके की ठंड के बावजूद मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से ही हलचल शुरू हो गई थी. सुसनेर क्षेत्र से लगे गांवो में में लोकतंत्र के इस उत्सव को लेकर भारी उत्साह नजर आया. पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं के चेहरों पर एक अलग ही चमक थी, वहीं दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान किया. शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे.



**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले कैलाश विजयवर्गीय**

**इंदौर, 29 दिसंबर.** नईदिल्ली में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट की. इस अवसर पर उन्हें उनके यशस्वी कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

# खुलासा : बहू ने की थी अपने ससुर की हत्या

**लावाघोघरी पुलिस ने अंधे हत्याकंड का किया पर्दाफाश**

**छिंदवाड़ा, 29 दिसंबर. खर्च के लिए रुपए नही देने पर बहू ने पलंग के पाए से अपने ससुर को पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया. लावाघोघरी पुलिस ने आरोपी बहू को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर हत्याकांड का खुलासा कर दिया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लावाघोघरी हनुमान मंदिर के पास रहने वाले जितेन्द्र आर्मे ने थाना में सूचना दी कि उसके पिता कृष्णराव पिता बाबूराव का शव उसके मकान की छेड़ी में पड़ा हुआ है सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने पाया कि मृतक के मुह नाक से खून निकल रहा है उसके साथ मारपीट करने से उसकी मौत हुई है. उक्त मामला गंभीर होने से पुलिस ने मृतक के परिजनो एवं आसपास के लोगों से मनोवैज्ञानिक तरीके से व स्वान स्काड एवं फिंगर प्रिन्ट एवं एफएसएल की टीम की सहायत से मामले की जांच शुरू कर दी.पुलिस की जांच में सामने आया कि

मृतक कृष्णराव पिता बाबूराव आर्मे 65 वर्ष 27 दिसंबर के रात्रि मे अपने पुराने मकान मे खाना खाकर रोज की भाति सोने को था एवं उस समय उसकी बहू आरोपी सुनिता आर्मे पति जितेन्द्र आर्मे वहां पहुंची और मृतक ससुर के पास जाकर खर्च के लिए रुपए मांगने लगी. उस समय घर मे कोई नही था ससुर व्दारा बहू को रुपए नही देने पर आरोपी सुनिता ने वही पास में रखे लकड़ी से बना पलंग का पाया उठाकर मृतक के सर मे चोट मारी जिससे मृतक वही गिर पडा बाद मे बहू व्दारा मृतक को लगातार 8-10 बार सीने मे, पेट मे, हाथ मे चोट मारकर हत्या कर दी एवं लाश को छेन्डी में फेंक दिया. पलंग के पास पड़े खून को मिट्टी डाल कर साक्ष्य छिपाने की नियत से साफ कर दिया था. पुलिस की कार्यवाही के दौरान आरोपी बहू सुनिता ससुर की लाश के पास बैठ कर मगरमच्छ आंसू निकालती रही पुलिस को उस पर शक ना हो. आरोपी सुनिता ने अपने ससुर की रोक टोक से परेशान और उसका पति मृतक का एकलैता बेटा था.

## एक नजर में



### अधिकारियों ने किया सैन्य संस्थानों का भ्रमण

**जबलपुर, 29 दिसंबर.** ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) गया के 34 भावी सैन्य अधिकारियों ने मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में आयोजित ओरिएंटेशन-कम-डेमोंस्ट्रेशन टूर के अंतर्गत जबलपुर स्थित प्रमुख सैन्य संस्थानों का भ्रमण किया. भ्रमण का उद्देश्य भावी अधिकारियों को भारतीय सेना की विभिन्न रेजिमेंटों की परंपराओं, प्रशिक्षण पद्धतियों और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से अवगत कराना रहा. बहुदिनी दौरे के दौरान अधिकारियों ने ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर, जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर, सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो (सीओडी), व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर तथा मिलिट्री कॉलेज ऑफ मटेरियल मैनेजमेंट (कैटेगरी 'ए' प्रशिक्षण संस्थान) का भ्रमण किया. प्रत्येक संस्थान में उन्हें संबंधित इकाइयों की भूमिका, इतिहास और प्रशिक्षण की जानकारी दी गई. भ्रमण की विशेष उपलब्धि मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत के साथ हुआ,इंटरएक्टिव सत्र रहा, जिसमें नेतृत्व, व्यावसायिकता और समकालीन सुरक्षा पर सार्थक संवाद हुआ. दौरे का समापन लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत के प्रेरणादायक संबोधन और स्मृति-चिन्ह वितरण के साथ हुआ.

### स्कूलों और आंगनबाड़ियों में छुट्टी घोषित

**ग्वालियर, 29 दिसंबर.** अत्यधिक ठंड व शीतलहर को ध्यान में रखकर जिले के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में 30 दिसम्बर को बच्चों के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास द्वारा अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं. जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आदेश अत्यधिक ठंड की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर जारी किया गया है. यह आदेश ग्वालियर जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई से संबद्ध सभी शासकीय एवं अशासकीय व शासन से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा.

### लापता युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**पांढुरना,29 दिसंबर.** बीते 20 दिनों से लापता ग्राम आजंगाव बोथीया के 32 वर्षीय युवक की सोमवार देर शाम ग्राम चिचखेडा बाईपास के पास संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई हैं. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरीय सीमा से लगे ग्राम चिचखेडा के पास भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे झा?ियों में लाश दिखाई देंने की सूचना पर आनन फानन में घटना स्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों द्वारा पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को नगर मुख्यालय के शव गृह में सुरक्षित रखा गया, इस शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम किया जाएंगा. थाना प्रभारी अजय मरकाम द्वारा बताया कि मृतक युवक की पहचान बढ़चिचोली पुलिस चौकी के ग्राम आजंगाव बोथीया मे रहने वाले अजय पिता प्रकाश राउत 32 के रूप में हुई हैं यह पिछले 10 दिसंबर से लापता हैं, आज 29 दिसंबर को इसकी धर्मपत्नी माधुरी राउत द्वारा अजय के बीते 10 दिसंबर से लापता होने की पुलिस थाने मे पहुचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. थाना प्रभारी श्री मारकाम द्वारा बताया कि इस युवक की मौत कैसे हुई हैं पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा.

### कॉम्बिंग गशत में 75 वारंटी गिरफ्तार

**सीधी,29 दिसंबर.** पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने अपराधियों और असमाजिक तत्वों के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए बीती रात पूरे जिले में विशेष कॉम्बिंग गशत अभियान चलाया. इस सघन अभियान के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 75 वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने शहरी और ग्रामीण अंचलों में एक साथ दबिश दी. अभियान के दौरान कुल 75 वारंट तामील किए गए, जिनमें 24 स्थायी वारंट और 51 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं. पुलिस ने 56 गुंडा बदमाशों को चेक किया और 32 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर जाकर उनकी गतिविधियों की जांच की. रात भर चले इस अभियान के दौरान बस स्टैंड, होटल, ढाबों और अन्य संदिग्ध स्थानों की बारीकी से तलाशी ली गई.

# 2 करोड़ की जमीन ठगी में अग्रिम जमानत खारिज, पुलिस दबिश में जुटी

▶ **गिरफ्तारी से बचने की कोशिश नाकाम**

**इंदौर, 29 दिसंबर. जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला महू में पदस्थ पटवारी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है.**

तुकोगंज थाना क्षेत्र में रियल एस्टेट कारोबारी को 2 करोड़ से ज्यादा का चूना लगाने वाले पटवारी की अग्रिम जमानत भी खारिज हो चुकी है. तुकोगंज पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है. महू निवासी पटवारी गोपाल रातड़िया ने अनिल बोहरा के साथ मिलकर विजय भट्ट नामक व्यक्ति से जमीन के नाम पर 2 करोड़ से अधिक की ठगी की थी. दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी जमीन से जुड़े धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं. इसके बावजूद आरोपियों ने फिर से तुकोगंज इलाके में जालसाजी को अंजाम दिया था, जांच में सामने आया है कि गोपाल रातड़िया ने आगर मालवा के एक किसान की जमीन का फर्जी एग्रीमेंट दिखाकर बड़ी रकम ऐंठ ली. खास बात यह है कि आरोपी पटवारी सरकारी सेवा में रहते हुए इस तरह की धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था. मामले के सामने आने के बाद तुकोगंज पुलिस ने उसके निलंबन के लिए कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा है, लेकिन अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

# थांदला-झाबुआ में नव युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन

▶ **भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का जिलेभर में स्वागत**

**झाबुआ, 29 दिसंबर. भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा संगठन के मप्र अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम झाबुआ जिला आगमन 28 दिसंबर रात करीब 10 बजे रतलाम जिले से होते हुए जिले के टिमरवानी पहुंचे. रात्रि विश्राम थांदला में किया गया.**

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टेलर ने थांदला के मेट्रो गार्डन में नव मतदाता युवा सम्मेलन को संबोधित किया. बाद झाबुआ के पैलेस गार्डन पर भी नव मतदाता युवा सम्मेलन में भाग लेकर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष टेलर ने युवाओं में जोश भरने के साथ



भाजपा में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. जिलेभर में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर का भव्य एवं जोरदार स्वागत युवा मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने किया. जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के जिले में आगमन को लेकर युवा मोर्चा के समस्त जिला एवं मंडल पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला.

> युवा मोर्चा एवं युवाओं द्वारा जिलेभर में जगह-जगह मंच बनाकर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष टेलर का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया. भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टेलर के जिला दौरे में उनके साथ प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, जिला महामंत्रीद्वय विजय चौहान एवं राजेश वसुनिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान उपस्थित रहे. निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का रतलाम जिले से होते हुए 28 दिसंबर, रविवार रात 10 बजे जिले के ग्राम टिमरवानी में आगमन हुआ.

**अभियान** ▶ पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक

# युवा कांग्रेस हमेशा से ही जनता की आवाज रही

**आलीराजपुर,29 दिसंबर. युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी बैठक एवं चलो पंचायत की ओर अभियान का भव्य आयोजन पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में पटेल फॉर्म हाउस, बोरखड़ (आलीराजपुर) में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करना, युवाओं को सक्रिय रूप से जोड़ना तथा आमजन की समस्याओं को सीधे संगठन और नेतृत्व तक पहुंचाना रहा. कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सी.बी. चौहान, प्रदेश महासचिव चेतन




चौधरी, जिला प्रभारी अरुण गुर्जर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अतिथियों का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला एवं स्वागत-सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से ही जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है.

> जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस की असली ताकत गांव और पंचायत हैं. आज जरूरत है कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए संगठित संघर्ष करें. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट हो आवाज बुलंद करें. राष्ट्रीय महासचिव सी.बी. चौहान ने भी संबोधित किया.

# सूने मकान में लाखों की चोरी

**ग्वालियर, 29 दिसंबर. बहोड़ापुर थाना क्षेत्र की श्रीराम कॉलोनी, मोतीझील पहाड़ी में सूने मकान का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने करीब चार लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए. चोरी का खुलासा मकान मालिक के लौटने पर हुआ.**

घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर नजर आया है. पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है. श्रीराम कॉलोनी निवासी अभिषेक पुत्र अशोक कुमार शर्मा पेशे से फोटोग्राफर हैं और वैवाहिक कार्यक्रमों में फोटोग्राफी का काम करते हैं. चार दिन पहले वह एक समारोह में फोटोग्राफी के लिए दिल्ली गए थे. इसी दौरान अभिषेक की पत्नी और बच्चे गांव चले गए थे.

रात के समय मुंह पर कपड़ा बांधकर एक चोर ताले तोड़ते हुए घर के अंदर घुसा. उसने इत्मीनान से घर की तलाशी ली और कमरों में रखी अलमारियों के ताले व लॉकर तोड़कर बैड खंगाले. इस दौरान चोर सोने-चांदी के जेवरात समेटकर फरार हो गया. देर रात दिल्ली से लौटने पर अभिषेक को चोरी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया. फोटोग्राफर अभिषेक शर्मा के घर में चोरी करने वाला एक चोर कैमरे में नजर आया है. फुटेज में दिख रहा है कि एक युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आता है और मुख्य गेट से अंदर पहुंचता है.





नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025


**एक नजर में**



## पतंग उड़ाते समय छत से गिरा 9 वर्षीय बच्चा

**छतरपुर,29 दिसंबर.** नगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है. यहां पतंग उड़ाते समय 9 वर्षीय एक बच्चा छत से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे गिर पड़ा. गिरने के कारण बच्चे की नाक में गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ. हादसे के तुरंत बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने घायल बच्चे को संभाला और बिना देरी किए उसे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर लिया. चिकित्सकों के अनुसार बच्चे का उपचार लगातार जारी है और उसकी हालत पर नियमित निगरानी रखी जा रही है. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है. डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने परिजनों को सलाह दी है कि बच्चों को छत पर पतंग उड़ाने या खेलने के दौरान अकेला न छोड़ें और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं. विशेष रूप से ऊंचाई वाले स्थानों पर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

## सीसी निर्माण में भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप



**चंदला,29 दिसंबर.** लवकुशनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सिमरिया के हिम्मतपुर गांव में मई 2025 में कराए गए सीसी सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि लक्कू तिवारी उर्फ रामकिशोर तिवारी और कल्लू तिवारी के मकान से स्कूल तक बनी सीसी सड़क की मोटाई केवल 3 इंच थी और इसमें कमजोर सीमेंट तथा घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया गया. निर्माण के तीन माह के भीतर ही सड़क में दरारें आ गईं और अब यह टूट-फूट का शिकार हो गई है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण का मूल्यांकन करने आए इंजीनियर ने सरपंच से 1 लाख रुपये से अधिक की राशि ली और इसी के आधार पर घटिया निर्माण को पास कर दिया. उनका कहना है कि जब अधिकारी और इंजीनियर भ्रष्ट हों, तो सड़क की गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित हो सकती है. इस मामले में लवकुशनगर जनपद सीईओ पीएल यादव ने कहा कि आरोपों की जांच बड़े इंजीनियर से कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी.

## दबंगों का कहर, युवक को बंधक बनाकर पीटा



**छतरपुर,29 दिसंबर.** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपुरा गांव में दबंगों द्वारा मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंगों ने चंद्रभान कुशवाहा, उनके पिता और पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की. आरोप है कि चंद्रभान को जबरन घर के अंदर ले जाकर बंधक बनाया गया और जूते-डंडों से पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं. पीड़ित चंद्रभान कुशवाहा ने बताया कि हमले के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां भी दीं. घटना के बाद परिवार ने नौगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ितों में आक्रोश और भय बना हुआ है. पुलिस कार्रवाई से निराश होकर पीड़ित परिवार सोमवार, 29 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1:30 बजे छतरपुर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की लिखित शिकायत सौंपी. परिवार ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और जान-माल की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है. पीड़ितों का कहना है कि आरोपी दबंग खुलेआम धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत में है. उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. अब देखना होगा कि एसपी कार्यालय में आवेदन के बाद पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं.

## महिलाओं के सम्मान में पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी युकां



**सीहोर.** महिलाओं के सम्मान में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और बेनर पोस्टरों के साथ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश के उन्नाव के दुष्कर्मी भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर को कोर्ट के द्वारा दी गई जमानत पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया. कार्यकर्ताओं को युवक कांग्रेस संभाग प्रभारी गीता तड़वे ने संबोधित किया. प्रदर्शन में अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे.

## प्रिंस पुणे में दिखाएंगे खेल कौशल

**शाहगंज.** शासकीय महाविद्यालय के छात्र प्रिंस गौर का बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दल में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ. वह आगामी 1 से 4 जनवरी तक अपने खेल का कौशल सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे में दिखाएंगे. प्राचार्य श्रीमती आभा कनेरिया क्रीड़ा अधिकारी डॉ मेहराज अली एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की.

# 13.26 लाख का पंचायत घोटाला उजागर

## बिजावर जनपद सीईओ समेत चार पर वसूली नोटिस

**छतरपुर,29 दिसंबर.जिले में पंचायत स्तर पर हुए एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है. जिला पंचायत प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत बिजावर की सीईओ अंजना नागर समेत चार अधिकारियों-कर्मचारियों को शासकीय धन के गबन का दोषी पाया है.**




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया ने सभी के विरुद्ध कुल 13.26 लाख रुपये की वसूली के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. यह मामला जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत अनगौर में संचालित नंदन फलोद्यान योजना से जुड़ा है. जांच में सामने आया कि बिना किसी जमीनी कार्य के और सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर के बिना ही फर्जी तरीके से सामग्री भुगतान कर दिया गया. सहायक लेखाधिकारी द्वारा फर्जी मटेरियल लिस्ट और एफटीओ जारी किए जाने की शिकायत के बाद पूरे प्रकरण की जांच कराई गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कार्यपालन यंत्री सलिल सिंह और राजनगर जनपद सीईओ राकेश शुक्ला की संयुक्त जांच समिति गठित की. जांच रिपोर्ट में पाया गया कि 11 हितग्राहियों के नाम स्वीकृत फलोद्यान कार्यों में सहायक यंत्री द्वारा माप सत्यापन और देयक प्रमाणीकरण किए बिना ही भुगतान कर दिया गया.

> अभिलेखों की जांच में यह भी उजागर हुआ कि भुगतान देयकों पर सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर नहीं थे. केवल रोजगार सहायक और उपयंत्री के हस्ताक्षरों के आधार पर राशि आहरित कर ली गई. सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया कि सीईओ अंजना नागर ने जून 2025 में स्वयं नोटिस जारी कर मौके पर किसी भी वृक्षारोपण कार्य के न होने की बात स्वीकार की थी, इसके बावजूद अगस्त 2025 में 13.26 लाख रुपये का भुगतान करा दिया गया. इस प्रकरण में सीईओ अंजना नागर, सहायक लेखाधिकारी दिलीप गुप्ता, उपयंत्री विकास श्रीवास्तव और ग्राम रोजगार सहायक राकेश मिश्रा को दोषी ठहराया गया है. मध्य प्रदेश पंचायत अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत चारों से प्रति व्यक्ति 3.315 लाख रुपये की वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं. मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है.

## संगठन के आव्हान पर निकाली कलश यात्रा

**इछावर, 29 दिसंबर.** सोमवार को नगर में हिंदू एकता सम्मेलन आयोजित किया गया. इस अवसर पर विशाल कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकाली गई और सामूहिक भण्डारे में बडी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की. व्यापारियों ने दोपहर तक दुकानें बंद रखते हुए आयोजन में सहायता और एकता प्रदर्शित की जाति गत बांटकर अलगाव और बिखराव से सचेत रहें हिन्दुओं पर हमलों की निंदा करते हुए प्रशासन से संज्ञान लेने की अपेक्षा की. बडी संख्या में हिन्दुओं ने पहुंचकर एकता प्रदर्शित की और कहा कि अलगाववादियों से सचेत होकर उनके मंसूबें सफल नहीं होने दें.

## बच्चों के निवाले से खिलवाड़ किया तो होगी सख्त कार्रवाई

**एसडीएम आयुष जैन की दो टूक**

**बड़ा मलहरा,29 दिसंबर. शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए एसडीएम आयुष जैन एक्शन मोड में नजर आए. उन्होंने ग्राम राजापुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया, जहां मध्यान्ह भोजन वितरण में गंभीर लापरवाही सामने आई.**

इस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए विद्यालय प्रबंधन को सख्त फटकार लगाई. निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और निर्धारित मेन्यू की जांच की. पाया गया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था. जब समूह संचालक से इस संबंध में सवाल किए गए, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. इस पर एसडीएम ने बीआरसी प्रमोद राजपूत और समूह संचालक को स्पष्ट चेतावनी दी कि बच्चों के भोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. भविष्य में ऐसी स्थिति मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. भोजन की जांच के बाद एसडीएम ने कक्षाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान कुछ छात्र बिना स्कूल ड्रेस के पाए गए. उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को विद्यालय अनुशासन का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए. एसडीएम ने छात्रों से प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर का भी आकलन किया और शिक्षकों को पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए. इसके अलावा एसडीएम ने शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की. उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शुद्ध मध्यान्ह भोजन सुनिश्चित करना विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ बच्चों तक सही रूप में पहुंच सके. निरीक्षण के दौरान बीआरसी प्रमोद राजपूत भी उपस्थित रहे.

## मोबाइल स्क्रीन टूटने से आहत छात्र ने खाया जहर

**छतरपुर,29 दिसंबर. जिले से एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां मोबाइल फोन की स्क्रीन टूटने जैसी छोटी-सी बात से मानसिक रूप से आहत होकर 10वीं कक्षा के एक नाबालिग छात्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया.**



गनीमत रही कि परिजनों की सतर्कता और समय पर इलाज से छात्र की जान बच गई. फिलहाल डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है. यह घटना छतरपुर जिला मुख्यालय के समीप सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत गठेवर गांव की है. यहां रहने वाला 17 वर्षीय छात्र कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है. बताया गया कि छात्र का मोबाइल फोन हाल ही में गिरने से खराब हो गया था और उसकी स्क्रीन टूट गई थी. इसके बाद छात्र ने अपनी मां से मोबाइल ठीक कराने की मांग की, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते मां ने कुछ समय बाद मरम्मत कराने की बात कही. इसी बात से छात्र मानसिक तनाव में आ गया. परिजनों के अनुसार, इसी मानसिक दबाव में आकर छात्र ने घर में रखा चूहामार जहरीला पदार्थ खा लिया. जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, वे घबरा गए और तत्काल छात्र को छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. अस्पताल में डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू करते हुए छात्र को मेडिसिन वार्ड में भर्ती कर लिया. समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत में सुधार हुआ.

> इलाज के दौरान छात्र ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बताया कि उसने भावनाओं में बहकर यह कदम उठाया, जिसका उसे अब पछतावा है. मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा अस्पताल चौकी को दी गई, जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक स्थिति पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है.

## किसानों को बड़ी राहत, ई-टोकन से मिलेगी खाद

**सीहोर 29 दिसंबर.** जिले के किसानों के लिए नववर्ष 2026 एक बड़ी सौगात लेकर आ रहा है. खाद के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने, धूप-बारिश झेलने और कालाबाजारी का शिकार बनने वाले किसानों को अब राहत मिलने जा रही है. कृषि विभाग ने 1 जनवरी से खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है. अब किसान अपने घर बैठे ही एमपी किसान ऐप के माध्यम से खाद का ई-टोकन बुक कर सकेंगे. उन्हें केवल अपनी फार्मर रजिस्ट्री और पहचान पत्र से पंजीकरण करना होगा. इसके बाद सिस्टम उनकी भूमि और बोई गई फसल के अनुसार खाद की मात्रा स्वत: निर्धारित करेगा.

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे सस्पेंड

**छतरपुर,29 दिसंबर. कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल के प्रस्ताव पर कमिश्नर सागर अनिल सुचारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

यह कार्रवाई खजुराहो स्थित गौतम होटल में लोगों के बीमार होने और कुछ की मृत्यु होने की घटना के संदर्भ में की गई है. कलेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चौबे को छतरपुर और राजनगर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य पदार्थों की जांच करने का आदेश दिया गया था. इसके बावजूद विगत डेढ़ माह में खजुराहो में लिए गए सैंपलों की संख्या शून्य पाई गई, जबकि इस दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम और कैबिनेट बैठक आयोजित हुई थी. कमिश्नर ने रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद प्रथम दृष्टया चौबे को दोषी पाया. कार्रवाई को गंभीर अनियमितता, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता का संकेत माना गया. यह उनके पदीन कर्तव्यों के प्रतिकूल और मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उल्लंघन में भी आता है. निलंबन अवधि के दौरान वेद प्रकाश चौबे का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, छतरपुर रहेगा. इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता प्राप्त होगी. यह कार्रवाई प्रशासन की सख्त निगरानी और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की नीति को दर्शाती है. इस घटना ने खाद्य सुरक्षा के महत्व को उजागर किया है और अधिकारियों को कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी है.

## विधायक ने किया सोलर पावर प्लांट का भूमिपूजन

**हरपालपुर,29 दिसंबर. महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीका राजा ने ग्राम नौपहारिया में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित होने जा रहे 2 मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया.**



यह सोलर पावर प्लांट भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम कुसुम योजना के तहत पृथ्वीराज ग्रीन एनर्जी द्वारा स्थापित किया जा रहा है. इस सोलर पावर प्लांट के शुरू होने से हरपालपुर क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा. किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी, जिससे खेतों में फसलों की सिंचाई सुचारु रूप से हो सकेगी. इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की लागत भी कम होगी. परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे. बताया गया कि इस प्लांट से आगामी 25 वर्षों तक करीब 20 से 30 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा. यह सोलर पावर प्लांट आधुनिक तकनीक पर आधारित होगा और पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल रहेगा. इम्पायर सोलर के प्रतिनिधि सोनू चौहान ने जानकारी दी कि इस प्लांट से प्रतिदिन लगभग 10 से 12 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा. उत्पादित बिजली का वितरण हरपालपुर 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन के माध्यम से किया जाएगा, जिससे इस सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी.

## नपाध्यक्ष राठौर ने शिव वाटिका में रौपे पौधे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 दिसंबर.** सोमवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी शुभचिंतकों से उनका जन्मदिन वर्चुअल और सादगीपूर्ण मनाने की अपील की थी, इसको लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शिव वाटिका में 21 पौधों



का रोपण कराया. गौरतलब है कि मंत्री श्री सारंग ने आग्रह किया कि जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पेड़ लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सशक्त करें. इस आह्वान को सार्थक करने के लिए नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा पौधा रोपण किया गया था. इसमें भाजपा नेता सन्नी महाजन, अर्जुन राठौर, नरेन्द्र राजपूत, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, हरिओम दाऊ, रोहित यादव, अशुतोष त्यागी, दिनेश कटारिया, प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, प्रीति सोनी आदि शामिल थे.

## जिले के किसान कल तक करा सकेंगे प्रधानमंत्री फसल बीमा

**सीहोर.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी के बीमा लाभ हेतु शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर कृषकों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर की गई है. कृषक अपना आवेदन भरकर आधार कार्ड, खसरा नकल / बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं जिला सहकारी बैंक या कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कर सकते हैं.

**प्रतियोगिता** दिल्ली में हुई मिस्टर एंड मिस यूनिवर्स बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा, मिस्टर यूनिवर्स में तीन पदक जीते

## छतरपुर के मोनू पाठक ने राष्ट्रीय मंच पर रचा इतिहास

**छतरपुर,29 दिसंबर. दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित मिस्टर एंड मिस यूनिवर्स बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छतरपुर निवासी मोनू पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है.**





देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 200 से 250 अनुभवी बॉडी बिल्डर्स के बीच कड़े मुकाबले में मोनू ने तीन अलग-अलग श्रेणियों में तीसरा स्थान हासिल कर तीन पदक अपने नाम किए. मोनू पाठक की यह उपलब्धि वर्षों की निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है. उन्होंने बताया कि पिछले 7 से 8 वर्षों से वे सख्त प्रशिक्षण, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या का पालन करते आ रहे हैं. दिल्ली जैसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन इसी मंच ने उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा भी दी है. मोनू का मानना है कि सफलता केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मसंयम से मिलती है. इस सफलता के बाद मोनू पाठक का अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करना है. वे मिस्टर एशिया और मिस्टर वर्ल्ड जैसी प्रतिष्ठित स्पर्धाओं में पदक जीतकर भारत और छतरपुर का नाम वैश्विक स्तर पर स्थापित करना चाहते हैं. छतरपुर के सी-टाउन जिम के संचालक भानु सूर्यवंशी ने मोनू की उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गर्व की बात बताया. उन्होंने कहा कि मोनू न केवल एक सफल बॉडी बिल्डर हैं, बल्कि एक समर्पित ट्रेनर के रूप में भी युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित कर रहे हैं.

## एमजी क्लब ने सीहोर रेड को 1-0 से हराया

**सीहोर.** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला चरण चल रहा है और सोमवार को दो मैच खेले गए. इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. गत दिनों चर्च मैदान पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में सोमवार को पांचवें दिन पहला मैच सीहोर रेड विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एमजी क्लब 1-0 से विजय रही एमजी क्लब की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया. जिसमें सीहोर क्लब 2-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया.





# सोना-चांदी के बदलते रेट से सर्राफा में हड़कंप

## ग्राहक और कारोबारी दोनों परेशान, जनवरी में चांदी के दाम तीन लाख के करीब पहुंचने के आसार

**विकास सोनी, नवभारत**

**रायसेन, 29 दिसंबर. चांदी के दाम 2 लाख 40 हजार रुपये प्रति किलो और सोने के दाम 1.41 लाख रुपये के करीब पहुंचने से सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया है.**



ग्राहक और दुकानदार दोनों परेशान हैं. आने वाले समय में चांदी की कीमतें और बढ़ने की संभावना है. शादियों के लिए जेवरात की खरीदारी में कमी आई है. चांदी के दाम दो लाख रुपये प्रति किलो होने और सोने के दाम भी एक लाख इकतालीस हजार के करीब पहुंचने से सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया. दिन में कई बार इनके दाम घटने बढ़ने से ग्राहक और दुकानदार दोनों परेशान हैं. हालांकि, शादियां अभी लगभग 15 बीस दिन के लिए बंद हैं. मगर जेवरात पसंद करने भी ग्राहक नहीं आ रहे हैं. शुक्रवार को चांदी दो लाख चालीस हजार रही. सर्राफा कारोबारियों की मानें तो जनवरी 2026 में चांदी तीन लाख के करीब पहुंचने की संभावना है. इसका कारण माना जा रहा है कि एक जनवरी से चीन चांदी के निर्यात पर रोक लगा सकता है. जबकि चांदी की मांग इलेक्ट्रानिक, मोबाइल आदि के सामान में भी बढ़ रही है.

### व्यापारियों को हो रहा नुकसान



सर्राफा संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद सोनी का कहना है लगातार सोने और चांदी के दामों में तेजी के चलते व्यापार की स्थिति बिगड़ रही है. ग्राहक भी परेशान हो रहा है. पहले जो आर्डर लगे हैं, उससे व्यापारी को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और सोना-चांदी खरीदने वाले रेट को देखकर आश्चर्यचकित है. व्यापारी को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है.



# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**सिलवानी, 29 दिसंबर. ग्राम उचेरा जमुनिया में सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है.**

कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को मंदिर परिसर से बैंड-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कन्याएं एवं महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा प्रारंभ की.

यात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन पर झूमते हुए अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त करते नजर आए. कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल श्रीकृष्ण गोशाला पहुंची, जहां विधिवत पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

# महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी

▸ सिलवानी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**सिलवानी, 29 दिसंबर. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा पैन इंडिया पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को महिला बाल विकास विभाग सिलवानी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी सुनीता पचौरिया ने की. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक पैन-इंडिया पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को पर्यावरण कानूनों के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों—जैसे वन, नदियाँ और वायु—के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना है, ताकि भविष्य के लिए एक स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से बचने, रीयूजेबल बैग व बोतलों का उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन या साइकिल अपनाने तथा कचरे को गीला, सूखा और रीसायकल के रूप में अलग-अलग कर सही स्थान पर निस्तारण करने की अपील की.

## स्कूली बच्चों को बताया वन, वन्यजीवों का महत्व

**देवरी.** वन परिक्षेत्र देवरी द्वारा अनुभूति ईको कैम्प का आयोजन किया गया. इस अवसर पर स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वनों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए.

कार्यक्रम में उदयपुरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, देवरी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार लोधी किरगी के सरपंच गुरुजी, एसडीओ सिलवानी इंदर सिंह, रेंजर शिरो मीना, डिप्टी रेंजर सिलावट सहित वन विभाग की पूरी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही.

# आठवीं तक पढ़ा कर रहा था एलोपैथी से इलाज

## कलेक्टर के निर्देश पर मोदकपुर में झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक सील

**बेगमगंज, 29 दिसंबर. मोदकपुर गांव में एक फर्जी झोलाछाप केवल मिडिल क्लास 8 वीं तक पढ़ा भगवान दास लोधी की शिकायत कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में होने के बाद कलेक्टर द्वारा बीएमओ के नेतृत्व में गठित टीम में स्वास्थ्यकर्मियों एवं पुलिस टीम ने ग्राम मोदकपुर में सुल्तानगंज मार्ग पर स्थित उसके क्लिनिक पर छापामारी करते हुए भारी मात्रा में एलोपैथी दवाएं जब्त की इनमें बहुत ज्यादा दवाएं एक्सपायर डेट की मिली है.**



टीम ने क्लिनिक सील कर दिया. लेकिन क्लिनिक आगे से सील है ओर पीछे से खुला होने से उक्त फर्जी डॉक्टर एवं उसके पुत्र द्वारा बराबर इलाज किया जा रहा है. शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया, फर्जी डॉ. भगवान दास लोधी एवं उसके पुत्र प्रशांत लोधी के पास कोई डिग्री नहीं है फिर भी दोनों बाप -लेने लकवा, डिलेवरी, ऑपरेशन सहित कई तरह की असाध्य बीमारियों का इलाज किया जा रहा था.

> इस संबंध में सीबीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर का कहना है, भगवान दास लोधी के पास इलाज करने के लिए वैधता की किसी प्रकार की कोई डिग्री नहीं होने से क्लिनिक सील कर दवाएं जब्त की गई है. नियम विरुद्ध चलने वाले क्लिनिक बंद कराए जाने की कार्रवाई की जा रही है.

### एक नजर में

## जंगली सूअर ने मकान में घुसकर किया हमला

**बेगमगंज.** एक जंगली सुअर ने वीरपुर गांव में एक घर में घुसकर महिला पर प्राण घातक हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया चीख पुकार सुनकर परिजनों मौके पर पहुंचे और मुश्किल से हमलावर सूअर को भगाया.



गंभीर रूप से घायल महिला को सिविल अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है. तहसील के ग्राम वीरपुर में एक जंगली सूअर ने मकान में घुसकर हमलाकर 40 वर्षीय इमरती बाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया. महिला अपनी बेटी के साथ घर में अकेली थी, इसी बीच जंगली सूअर घर में घुस आया और महिला पर हमला कर दिया, यदि महिला और बच्ची की चीख पुकार सुनकर लोग नहीं आते तो गंभीर घटना घट सकती थी. गंभीर घायल महिला को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया, महिला को 15 टांके आए हैं. घटना से लोग दहशत में हैं. फॉरेस्ट ऑफिसर अरविंद अहिरवार का कहना है कि घायल महिला के लिए इलाज का पूरा खर्चा मिलेगा और भर्ती रहने पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से क्षतिपूर्ति दी जाएगी.

# संतों की उपस्थिति में हुआ सकल हिंदू सम्मेलन

**सिलवानी, 29 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छींद मंडल के अंतर्गत ग्राम मरहेठी में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में छींद मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी आठ ग्रामों के नागरिकों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**



इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली और हिंदू एकता का सशक्त संदेश प्रस्तुत हुआ. सम्मेलन के दौरान समस्त क्षेत्र के समाजबंधु उपस्थित रहे. कार्यक्रम के उपरांत सभी ने सामूहिक सहभोज में भाग लेकर आपसी समरसता और सामाजिक एकता का परिचय दिया. पूरे आयोजन में हिंदू समाज की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी.

विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक ने अपने उद्बोधन में 'पांच परिवर्तन' पर विशेष जोर दिया. उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिक्षाचार, सामाजिक समरसता एवं 'स्व' के भाव जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को सामूहिक संकल्प भी दिलवाया. मुख्य वक्ता सौरभ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा समाज इतिहास में मुगलों और अंग्रेजों जैसी शक्तियों से संघर्ष करता हुआ भी पुनः स्वतंत्र होकर आज विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है.

> इसके पीछे हमारे पूर्वजों द्वारा निर्मित सुदृढ़ कुटुंब व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि परिवार व्यवस्था को टूटने से बचाया जाए, जिसके लिए भजन, भोजन, भ्रमण और भूषा जैसी परंपराओं को अपनाने पर ध्यान देना होगा. इस अवसर पर जितेंद्रिया नंद महाराज (नेपाल वाले), कथावाचक प्रशांत दीक्षित (केवलारी वाले), रामकृष्ण दास त्यागी, संतोष दुबे, विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह, आयोजन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह, सह-संयोजक वंदना राठौर तथा विजय आदिवासी मंचासीन रहे.



# 11 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन का आयोजन

▸ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई हिन्दू समाज की बैठक

**सिलवानी, 29 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिलवानी नगर में आयोजित होने जा रहे भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर हिन्दू सम्मेलन कार्यालय में सकल हिन्दू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में आयोजन समिति, संचालन समिति सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. बैठक के दौरान आयोजन समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई. समिति ने बताया कि 25 दिसंबर को कार्यक्रम स्थल के भूमिपूजन के साथ ही हिंदू सम्मेलन से जुड़े विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया. इसके अंतर्गत वाहन रैली, भारत माता की आरती, समरसता भोज सहित अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है. इसी क्रम में संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित सकल हिन्दू सम्मेलन को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने उद्देश्य से विचार-विमर्श किया गया.

> बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया 11 जनवरी 2026 रविवार को आयोजित होने वाला यह हिंदू सम्मेलन भव्य, अनुशासित एवं गरिमामय स्वरूप में संपन्न किया जाएगा, ताकि समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हो सके.



## एसडीएम ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**बेगमगंज.** एसडीएम सौरभ मिश्रा ने सोमवार को सुल्तानगंज के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में भवन कार्यालय सहित सभी कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य राकेश सोनी से कक्षा 10 वी.एवं 12 वी.के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी हासिल की. वहीं कक्षा 10 वी. एवं 12 वी. के विद्यार्थियों की कक्षा में पहुंचकर पहले संबंधित विषय की तैयारी के संबंध में पूछा फिर उन्हें संबंधित विषय पर पढ़ाते हुए मार्गदर्शन देकर वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करके टॉपर बनने के लिए प्रोत्साहित किया. कुछ विद्यार्थियों ने भी एसडीएमके प्रश्नोउत्तर पर सटीक उत्तर दिए तो कुछ चुप्पी साधे रहे. इस पर एसडीएम मिश्रा ने प्रभारी प्राचार्य को सभी शिक्षकों की संपूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम समय सीमा में पूर्ण कराने ओर उन्हें परीक्षा की अच्छी तैयारी कराने के निर्देश दिए.

# भगवान को केवल भक्त प्रिय है, वैभव नहीं

▸ बम्होरी में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिवस

**बम्होरी, 29 दिसंबर. बम्होरी नगर में चल रही श्रीमद् भागवत पुराण कथा के दूसरे दिवस पर मालवा के कथावाचक पंडित प्रभु नगर ने श्रीमद् भागवत धर्म के दस लक्षणों का अत्यंत भावपूर्ण और सरल शब्दों में वर्णन किया.**



उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत जीवन को धर्म, भक्ति और ज्ञान से जोड़ने वाला दिव्य ग्रंथ है, जो मनुष्य को अंततः भगवान की शरण तक पहुँचाता है. कथावाचक ने कहा कि भगवान हर स्थान पर विद्यमान हैं, लेकिन वे केवल भक्त के साथ रहना चाहते हैं. भगवान को न धन चाहिए, न वैभव—उन्हें केवल प्रेम का मोह है. जहाँ सच्चा प्रेम है, वहीं परमात्मा का वास है. एक भक्त भगवान के स्वागत में अपना सर्वस्व अर्पित कर सकता है. उन्होंने सतोगुण की महिमा बताते हुए कहा कि सतोगुण ही जीवन का मोती है. भक्त की आँखों से निकले प्रेम के आँसू भी मोती से कम नहीं होते. भगवान स्वयं प्रेम निभाने के लिए बड़े से बड़ा त्याग करते हैं. जैसे भक्त भगवान को अपने हृदय में पालता है, वैसे ही भगवान भी भक्त की रक्षा करते हैं.

पं. नगर ने सुंदर उपमा देते हुए कहा कि भक्त संसार में ऐसे रहता है जैसे सुहागन अपने मायके में रहती है संसार को मायका मानकर, भगवान के धाम को अपना सच्चा घर समझता है.

## कुर्मी समाज में एकता होना जरूरी : प्रदेश अध्यक्ष

**रायसेन.** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा रायसेन जिले की बैठक रविवार को गौर भवन में हुई, जिसमें महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूं, प्रदेश महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, देवेंद्र कटियार, मुरली मनोहर गौर, आरजी ठाकुर, कमल सिंह निरंजन, जिला अध्यक्ष सीएल गौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे. बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष कुमायूं द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुमायूं ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधते हुए समाज की जागृति के लिए कार्य करते रहना है. संगठन का विस्तार गांव तक किया जाए.

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन, रायसेन विजेता

**देवरी (रायसेन).** नगर के अभिनव गरिमा विद्या निकेतन स्कूल परिसर में आयोजित चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में जिले भर से दो दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिलवानी और रायसेन टीम के बीच खेला गया, जिसमें रायसेन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिलवानी को पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया. विजेता रायसेन टीम को 71 हजार रुपये की नगद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई, वहीं उपविजेता सिलवानी टीम को 41 हजार रुपये की नगद राशि एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया. यह चार दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता नरेंद्र शिवाजी पटेल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित की गई. फाइनल मुकाबले के अवसर पर मंत्री पुत्र अभिज्ञान पटेल ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि और शील्ड प्रदान की. इस अवसर पर अभिनव गरिमा विद्या निकेतन स्कूल का स्टाफ, खेल प्रेमी नागरिक एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे. आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला.



**खबर का असर** ▸ एसडीएम ने निरीक्षण कर जेई को दिए निर्देश

# बीच सड़क पर लगे बिजली के पोल हटाए जाएंगे

**सिलवानी, 29 दिसंबर. नगर में बिजली कंपनी के ठेकेदार द्वारा बीच सड़क पर लगाए गए बिजली के पोल नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गए हैं.**



इस मुद्दे को लेकर मीडिया द्वारा लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही थीं. नागरिकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्युत कंपनी के जेई मनीष अहिरवार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क के बीच लगाए गए बिजली पोल हटाकर उन्हें सड़क के किनारे लगाया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त की जा सके. प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर हाउस से अशोक विहार कॉलोनी तक तीसरे फीडर के लिए नई बिजली लाइन बिछाई जा रही है. इस कार्य के तहत कई स्थानों पर सड़क के बीचों-बीच बिजली के पोल गाड़ दिए गए थे. इससे वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों के लिए खतरा बढ़ गया था.

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सड़क के मध्य लगाए गए पोलों के कारण यातायात बाधित हो रहा है. विशेष रूप से रात के समय ये पोल साफ दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना और बढ़ जाती है.

> नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी. मीडिया में मामला उजागर होने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लिया और अब जल्द ही पोलों को सड़क किनारे स्थानांतरित किए जाने की उम्मीद है, जिससे आमजन को राहत मिलेगी.

## बाड़ी में हिंदू सम्मेलन के लिए किया भूमिपूजन

**बाड़ी.** राष्ट्रीय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर ध्वज स्थापना एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह सम्मेलन 18 जनवरी को आयोजित किया जाएगा. ध्वज स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से हुई. यहां से हिंदू समाज के लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय जय श्रीराम के नारों के साथ भव्य चल समारोह निकाला. यह चल समारोह बस स्टैंड से होते हुए चिंतामन चौराहा पहुंचा और वहां से हिंगलाज रोड होते हुए मंगलवारा बाजार दशहरा मैदान में संपन्न हुआ.

एक नजर में

## कृषि विभाग ने किसान की कराई बचत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विकासखंड के ग्राम उत्तमपुरा ग्राम निवासी कृषक रामदीन पाल द्वारा कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग की मदद से नवाचार करते हुए सुपर सीडर कृषि यंत्र से रबी फसल चना की बुवाई की गई। सुपर सीडर से चना की बुवाई में उन्हें 15 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज की बचत हुई तथा बिना खेत की तैयारी के सीधे बुवाई से उन्हें 2 जुताई का खर्च लगभग 2 हजार रूपये प्रति एकड़ की बचत हुई।**

कृषक रामदीन पाल ने बताया गया कि चना का अंकुरण बहुत अच्छा हुआ है, जिससे वे काफी संतुष्ट है। सुपर सीडर से चना की बुवाई में उन्हें 15 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज की बचत हुई तथा बिना खेत की तैयारी के सीधे बुवाई से उन्हें 2 जुताई का खर्च लगभग दो हजार रूपये प्रति एकड़ की बचत हुई। इस प्रकार उन्हें सुपर सीडर यंत्र से बुवाई से समय, श्रम एवं लागत में बचत हुई तथा फसल की अच्छी स्थिति देखकर प्रति एकड़ उपज भी अच्छी होगी।


कृषक रामदीन पाल द्वारा कुल 5 एकड़ रकबे में सुपर सीडर से चना की बुवाई की गई है। कृषक द्वारा किया गया नवाचार आसपास के कृषकों के लिए प्रेरणा बन गई है। सुपर सीडर कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध है जिसमें कृषकों को 1 लाख 20 हजार रूपये अनुदान है।

# मतदाताओं ने उत्सुकता के साथ किया अपने मत का प्रयोग

**मोहनगढ़ में उपचुनाव के दौरान दिखी शांति**

**7 बूथों पर 67 .39 प्रतिशत हुआ मतदान**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/मोहनगढ़। सोमवार 29 दिसम्बर को जिले की ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में त्रि- स्तरीय पंचायत उप चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। चुनाव प्रक्रिया मोहनगढ़ में 7 बूथों पर संपादित की गई। जिसमें कुल 5475 मतदाताओं में से 3693 मतदाताओं ने उत्सुकता के साथ अपने मत का सदुपयोग किया। जानकारी के अनुसार यहां मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से प्रारंभ हुई थी जो दोपहर 3 बजे तक जारी रही। मतदान के दौरान जगह-जगह पुलिस बल मुस्तैद रहा जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए था।**

जानकारी के अनुसार मोहनगढ़ के पंचायत उपचुनाव में 7 बूथों पर कुल 5475 मतदाताओं में से 3693 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें 67.39 प्रतिशत मतदान होना बताया जा रहा है।

दरअसल यहां पिछले सरपंच का निधन हो जाने के कारण उपचुनाव की प्रक्रिया को अमल में लाया गया है जिसके चलते सोमवार को यहां सभी मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। ग्राम पंचायत मोहनगढ़ की वोटर सूची में कुल 5475 मतदाताओं के नाम शामिल हैं जिसमें 2600 महिला एवं 2875 पुरूषों के नाम मतदाता सूची में शुमार है मतदान सोमवार की सुबह 7 बजे से सभी 7 बूथों पर शुरू कराया गया। यह प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक जारी रही। लोग स्वत: ही अपने-अपने घरों से निकले और मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान किया। अब सभी को आगामी दो जनवरी का इंतजार है जिस दिन सरपंच पद के मतों की गिनती होना है और उसकी दिन यह पता चल जाएगा कि मोहनगढ़ के मतदाताओं ने सरपंच पद के लिए किस व्यक्ति पर अपना भरोसा जताया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस महकमे की व्यवस्था माकूल दिखाई दी। जिससे यहां शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न कराया गया।

### इनकी मौजूदगी में चुनाव सम्पन्न

ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में उप चुनाव को लेकर पहले से ही प्रशासन मुस्तैद था जिसके चलते सोमवार को यहां निष्पक्ष तरीके के चुनाव को संपन्न कराया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जतारा एसडीएम संजय दुबे, मोहनगढ़ तहसीलदार रमेशचन्द्र परमार, दिगौड़ा तहसीलदार प्राची जैन, मोहनगढ़ थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर, बंधा चौकी प्रभारी राहत अली खान के अलावा काफी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे जो इस सारी प्रक्रिया पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए दिखाई दिए।

### दोनों केवट समाज के उम्मीदवारों में दिखा मुकाबला

ग्राम पंचायत मोहनगढ़ के त्रि-स्तरीय उप चुनाव के मैदान में सरपंच के लिए नाम वापसी के बाद मात्र दो उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें यह दोनों उम्मीदवार केवट समाज से नाता रखते हैं। जिसमें अखिलेश केवट एवं भगवानदास केवट के बीच चुनाव के दौरान कड़ा मुकाबला देखने को मिला है हालांकि स्थानीय लोगों की मांने तो सरपंच का चुनाव लड़ने वाले इन दोनों उम्मीदवारों ने आपसी सामान्जस्य बना कर चुनाव लड़ा है। यहां किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति चुनाव के दौरान देखने में नहीं आई है। अब 2 जनवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में हुए उप चुनाव के मतों की गिनती तहसील स्तर पर किए जाने की खबर आ रही है।

# एक बार फिर घने कोहरे से सुबह की शुरुआत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर सहित जिले भर में सोमवार सुबह एक बार फिर घना कोहरे के साथ सुबह की शुरूआत देखने को मिली। इससे पहले पिछले चार दिनों से सुबह से शाम तक अच्छी धूप निकल रही थी। घने कोहरे के कारण दृश्यता में कमी आई है। जिले में पिछले चार दिनों से शीतलहर का दौर जारी है। सर्द हवाओं के कारण ठंड का एहसास अधिक हो रहा है। रविवार को रात का तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन का तापमान लगातार 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।**

भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस था। गुरुवार को अधिकतम तापमान घटकर 22.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान घटकर 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे तक शीतलहर का दौर जारी रहेगा। आज और कल अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच और न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# रामगढ़ में किसान के खेत पर निकला अजगर



**नवभारत न्यूज जतारा। जिले के जतारा क्षेत्र के एक गांव में बीती देर शाम एक किसान के खेत में 12 फीट लंबा अजगर मिलने का मामला सामने आते ही स्थानीय लोगों में भय का माहौल देखने को मिला हालांकि सर्प मित्र ने मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़कर उसे जंगल में छोड़ दिया है।**

जानकारी के अनुसार रामगढ़ के ग्रामीणों की सूचना पर सर्प मित्र टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे जंगल में छोड़ दिया। यह घटना जतारा क्षेत्र के रामगढ़ गांव की है। किसान ब्रजेश कुशवाहा के खेत में अजगर दिखाई देने पर किसान और उसके परिजन घबरा गए। उन्होंने तत्काल बुंदेलखंड स्नैक कैचर टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सर्प मित्र विष्णु सिंह घोष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने 12 फीट लंबे अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने अजगर की लंबाई हाथ से नापी। रेस्क्यू के बाद टीम ने अजगर को खेत से निकालकर पास के जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया।

# कल तक होगा किसानों की फसलों का बीमा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी फसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि कल 31 दिसम्बर है।**

इच्छुक कृषक उत्त तिथि में पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। रबी मौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। योजना सभी कृषकों हेतु स्वेच्छिक है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का दीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जायेगा।

अऋ णी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियों, ग्राम पंचायत में स्थित कॉमन सर्विस सेन्टर, जिले के समस्त बैंक एवं स्वयं किसान फसल बीमा पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीयन 31 दिसम्बर तक कर सकते है।

# पलेरा में क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही हादसों को न्यौता



**नवभारत न्यूज, पलेरा। स्थानीय नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 11 में अल्लादीन के मकान के पास स्थित मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया काफी लंबे समय पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी। लेकिन नगर परिषद ने इसे दुरुस्त कराने की बजाय खुला छोड़कर अपनी लापरवाही उजागर कर दी है।**

दरअसल नगर परिषद की इस समस्या के कारण से सीसी सड़क मार्ग पर रात के समय दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। वहीं नागरिकों के द्वारा पुलिया दुरुस्त कराने को लेकर वार्ड पार्षद नगर परिषद अधिकारियों से शिकायत कर चुके है। बावजूद इसके सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है। बीते सोमवार को लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के द्वारा मौका स्थल का निरीक्षण करते हुए तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाने की मांग की गई है।

जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने बताया कि पुलिया के बीचो-बीच एक बड़ा गड्ढा हो गया है। यहां से रोजाना वाहनों के गुजरने के चलते घटनाओं का अंदेशा नागरिकों को बना हुआ है।

## तीन वर्ष के लिए हो रहा नर्सरी का ठेका

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के अधीन आने वाली रमपुरा फ सल उत्पादन एवं फ लोद्यान्न नर्सरी को ठेका पर मिश्रित खेती के लिए 3 वर्ष के लिए दिया जाना है। ठेका पर दिये जाने की प्रक्रिया आगामी 2 जनवरी को कार्यालय जिला पंचायतके सभा कक्ष में की जाएगी। इच्छुक कृषक, व्यक्ति निर्धारित दिनांक को निश्चित समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकेंगे।**

तदनुसार रमपुरा नर्सरी ग्राम पंचायत रमपुरा, 23 एकड़ कृषि योग्य भूमि, फलदार वृक्ष एवं अन्य भूमि सहित ठेका प्रक्रिया के लिए तिथि 2 जनवरी सायं 5 से सायं 6 बजे तक अमानत, धरोहर राशि 50 हजार रूपये मात्र ठेका पर मिश्रित खेती के लिए 3 वर्ष के लिए दिया जाना है। इच्छुक कृषक, व्यक्ति निर्धारित दिनांक को निश्चित समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकेंगे।

# रोजगार सहायक संघ ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोमवार को रोजगार सहायक संघ ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में चेकर ड्यूटी पर लगाए जाने का विरोध किया और जिला प्रशासन को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर उनकी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो वह हड़ताल करने को मजबूर होंगे।**

संघ के जिला अध्यक्ष संदीप सिंह यादव और जिला संयोजक मनोज श्रोतिय ने बताया कि ग्राम रोजगार सहायकों को पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चेकर के रूप में ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। उनका आरोप है कि यह राज्य स्तर से जारी स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन है। संघ के अनुसार, राज्य स्तर से जारी आदेशों में कहा गया है कि आवास प्लस सर्वे का कार्य ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) करेंगे। जबकि सर्वे कार्य की जांच/सत्यापन (चेकर) के लिए पीसीओ, एडीईओ, पंचायत विस्तार अधिकारी या अन्य अधिकारी स्तर के कर्मियों को नियुक्त किया जाना चाहिए। ये निर्देश आयुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विकास आयुक्त कार्यालय, भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक 435/22/वि-7/ग्र.आ./ 25 के माध्यम से जारी किए गए थे। वर्तमान में जिले के कुछ जनपदों में उन ग्राम रोजगार सहायकों से ही चेकर का कार्य कराया जा रहा है, जिन्होंने पहले ही सर्वेयर के रूप में सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। संघ का कहना है कि प्रदेश स्तर से ऐसा कोई लिखित शासनादेश नहीं है जो सर्वेयर को ही चेकर नियुक्त करने की अनुमति देता हो। इसे नियम के विपरीत बताया गया है। इसके अतिरिक्त, संघ ने मांग की है कि जिन पंचायतों में सचिव नहीं हैं, वहां रोजगार सहायक को प्रभार सौंपा जाए। रोजगार सहायक संघ ने प्रशान को सौंपकर इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संघ ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री

**भोजन और नाश्ता वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी आई सामने**

**व्यवस्थाओं में सुधार करने के दिए अधिकारियों को निर्देश**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले के छात्रावासों में मिल रहीं अनियमित्ताओं की शिकायत के चलते सोमवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार अचानक छात्रावासों का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कृषि उपज मंडी रोड स्थित तीन छात्रावासों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से भोजन और नाश्ते की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसी दौरान छात्रों ने भोजन और नाश्ते के वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की।**

निरीक्षण में केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार को शिकायत करते हुए बताया कि हम लोगों को सर्दियों में पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं दिए जा रहे हैं, जिसके कारण कुछ छात्र ठंड से बचने के लिए अपने घर से कपड़े लेकर आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने छात्रावास के शौचालय, रसोईघर और परिसर का भी निरीक्षण किया। रसोईघर के निरीक्षण के दौरान उन्हें दाल, चावल और आटे का स्टॉक नहीं मिला। पूछताछ करने पर बताया गया कि चूहे खाने का सामान खराब कर देते हैं, इसलिए सामान घर पर रखा गया है। इसी के साथ छात्रों ने भोजन और नाश्ते के वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की। उन्होंने यह भी बताया कि

निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कलेक्टर की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि छात्रावास में गरीब और निर्धन परिवारों के बच्चे रहते हैं, और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की ओर से बच्चों के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावासों का निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कृषि उपज मंडी रोड स्थित तीन छात्रावासों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से भोजन और नाश्ते की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने भोजन और नाश्ते के वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की है।

**बैठक** — **जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित**

# शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण करें



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जल जीवन मिशन की योजनाओं में जन प्रतिनिधियों से प्राप्त अनियमितताओं एवं शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण कराने तथा तकनीकी समस्याओं को ईईपीएचडी को टीम भेजकर निराकृत कराने के निर्देश दिये।**

बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि दिशा की बैठक शासन की योजनाओं की मॉनिटरिंग करने का प्लेटफार्म है। समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने के दौरान जनता से जुड़े विषयों में लापरवाही होने पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की योजनाओं में जन प्रतिनिधियों से प्राप्त अनियमितताओं एवं शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण कराने तथा तकनीकी समस्याओं को ईईपीएचडी को टीम भेजकर निराकृत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे ड्राई बोरबेल जहां बोरिंग के समय पानी नहीं था ,इस वर्ष अच्छी बारिश होने से उनमें पानी आने की संभावना है इसलिए उनके रिचार्ज की जांच करायें। साथ ही उन्होंने मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लंबित कार्यों की शीघ्र जानकारी प्रस्तुत करने तथा स्वीकृत कराने तथा शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आयुष्मान निरामय योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि ऐसे बुजुर्ग जिनके आयुष्मान कार्ड फिंगरप्रिंट या रेटीना के अभाव में नहीं बन पा रहे हैं उनके लिये ग्रामवार सूची उपलब्ध करायें एवं अन्य विकल्पों के माध्यम से उनकी स्क्रीनिंग कराकर आयुष्मान कार्ड बनवाये जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएससी सेन्टर स्थित आरोग्य मंदिरों में सीएचओ एवं एएनएम उपस्थित रहें यह सुनिश्चित किया जाये। पीएम कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुये रिमान्डर पत्र लिखकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के बीच समन्वय स्थापित कर प्लेसमेन्ट की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें एवं कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों को नाश्ता एवं लंच दोनों गुणवत्तापूर्ण दिया जाये।

**बैठक में यह अधिकारी रहे शामिल**

विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विधायक प्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एएसपी विक्रम सिंह, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, टीकमगढ़ एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## उद्योग के लिए हुई जमीन अधिकृत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में टीकमगढ़ जिले के चन्द्रभान पाल को इंडस्ट्रियल एरिया सुनौरा खिरिया में 123 लाख रूपये की लागत से मशिनिरी मैन्युफैक्चरिंग उद्योग के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा जमीन की स्वीकृति दी गई।**

कार्यक्रम के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले के चन्द्रभान पाल को आशय पत्र, लेटर ऑफ अलॉटमेंट तथा ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मेला ग्राउंड ग्वालियर में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट आयोजित किया गया।

# चलते ट्रक में लगी आग, टला बड़ा हादसा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सोमवार को टीकमगढ़-ललितपुर रोड पर एक चलते ट्रक में आग लग गई। इस हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट आग लगना बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में जांच करने में जुटी है।**

यह घटना खिरिया चौकी क्षेत्र के नीमखेरा गांव के पास हुई। ट्रक टीकमगढ़ से महरौनी की ओर जा रहा था। बताया गया है कि ट्रक खाली था और वायरिंग में हुए शॉर्ट सर्किट से आग लगी। घटना की सूचना मिलते ही खिरिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल टीम को भी सूचित किया गया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने आग बुझाने में मदद की। चौकी प्रभारी अंकित दुबे ने बताया कि ट्रक का नंबर यूपी 94 टी 8012 है। चालक और क्लीनर ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सत्संग के श्रवण से संवरता है समाज : मुख्यमंत्री

## जमीन पर बैठकर डॉ. मोहन यादव ने सुनी श्रीमद् भागवत कथा



नव भारत न्यूज

**इंदौर.29 दिसंबर. ग्राम चित्तौड़ा में सोमवार को भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहे. वह आम श्रद्धालुओं के बीच जमीन पर बैठकर कथा सुनते नजर आए.**

मंच से संत श्री कमल किशोर नागर महाराज ने जहां नीति और धर्म से युक्त शासन को समाज की मजबूती का आधार बताया. वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्संग और भागवत कथा से समाज में सदाचार, नैतिकता और समरसता की भावना मजबूत होती है. उन्होंने कहा कि सत्संग से समाज संवरता है. कथा पंडाल में जैसे ही मुख्यमंत्री पहुंचे, श्रद्धालुओं में हलचल बढ़ गई. मुख्यमंत्री बिना किसी औपचारिकता के सीधे श्रद्धालुओं के बीच बैठ गए और पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और सत्संग से मिलने वाली तृप्ति किसी भी भौतिक सुख या वैभव से नहीं मिल सकती. कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है और जीवन को सही दिशा मिलती है. मुख्यमंत्री ने संत की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रवचनों से समाज को न केवल आध्यात्मिक दिशा मिलती है, बल्कि सेवा और संस्कार की भावना भी मजबूत होती है.

> संत कमल किशोर नागर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब शासन नीति और धर्म के साथ चलता है, तभी प्रजा का वास्तविक कल्याण होता है. उन्होंने मुख्यमंत्री की सादगी और जमीन पर बैठकर कथा श्रवण करने को संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण बताया. कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

# इंडिगो की उड़ानें फिर कैंसिल, यात्री परेशान

- इंदौर से दिल्ली और चेन्नई की 4 फ्लाइट्स निरस्त
- चेन्नई यात्रियों की बढ़ी मुश्किल




**इंदौर,29 दिसंबर. इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के निरस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार को भी इंदौर एयरपोर्ट से दिल्ली और चेन्नई जाने वाली इंडिगो की उड़ानें अचानक निरस्त कर दी गई.**

पहले से टिकट बुक करा चुके यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. खासतौर पर चेन्नई जाने वाले यात्रियों के सामने दिक्कत खड़ी हो गई. इंडिगो एयरलाइंस की ओर से 1 दिसंबर से लगातार क्रू की कमी का हवाला देकर उड़ानें निरस्त की जा रही हैं. इस बीच शासन द्वारा लागू किए गए नए फ्लाइट टाइमिंग रूल्स को फरवरी तक आगे बढ़ा दिया है, इसके बावजूद इंडिगो की उड़ानों का कैंसिल होना जारी है. विमानतल सूत्रों के मुताबिक सोमवार को इंडिगो की चार उड़ानें निरस्त की गईं.

दोपहर 12 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली फ्लाइट और 12.30 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को कैंसिल किया, इसी तरह रात 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने वाली और 10.10 बजे इंदौर से चेन्नई जाने वाली फ्लाइट भी निरस्त कर दी गई. हर बार की तरह कंपनी ने इस बार भी उड़ानें निरस्त करने के पीछे ऑपरेशनल कारणों का हवाला दिया है. एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि जिन यात्रियों ने इन उड़ानों में टिकट बुक किए थे, उन्हें रिफंड और री-बुकिंग का विकल्प दिया है.

> कुछ यात्रियों को दूसरी उड़ानों में एडजस्ट भी किया जा रहा है. हालांकि सबसे ज्यादा परेशानी चेन्नई जाने वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही है. इंदौर से चेन्नई के लिए केवल एक ही सीधी उड़ान है, ऐसे में फ्लाइट निरस्त होने पर यात्रियों को या तो अगले दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है या फिर दूसरे शहरों के रास्ते यात्रा करनी मजबूरी बन गई है.

# 2026 के अवकाश घोषित

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के सामान्य अवकाशों की घोषणा सोमवार को कर दी. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से विधिवत तरीके से अधिसूचना भी जारी कर दी गयी.**

अधिसूचना के अनुसार वर्ष के सामान्य अवकाशों की संख्या 25 है. इसके अनुरूप 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 3 मार्च को होली, 19 मार्च को गुडी पडवा, 20 मार्च को चैती चांद, 21 मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती, 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे और 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जयंती का अवकाश घोषित किया गया है. परशुराम जंयती 20 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमा 1 मई, ईदुज्जुहा 27 मई, महाराणा प्रताप जयंती 17 जून, मोहर्रम 26 जून, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, मिलाद उन नबी 26 अगस्त और रक्षाबंधन 28 अगस्त को अवकाश रहेगा. इसके अलावा 4 सितंबर जन्माष्टमी, 14 सितंबर गणेश चतुर्थी, 2 अक्टूबर गांधी जयंती, 20 अक्टूबर दशहरा, 26 अक्टूबर महर्षि वाल्मीकि जयंती, 9 नवंबर गोवर्धन पूजा, 24 नवंबर गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी घोषित की गयी है. संत रविदास जयंती 1 फरवरी, महाशिवरात्रि 15 फरवरी, दीपावली 8 नवंबर और राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को भी अवकाश रहेगा, लेकिन इन तिथियों में रविवार का दिन होने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है. इसके साथ ही 63 ऐच्छिक अवकाश घोषित किए गए हैं.

# उच्च शिक्षा विभाग में 2197 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

**भोपाल, 29 दिसंबर. मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य कर रही है और इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग में 2197 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है.**




श्री परमार ने डॉ मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर अपने विभागों की इस अवधि की उपलब्धियां गिनाने के लिए आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से वर्ष 2022 में 2053 पदों पर भर्ती की गई है. अब वर्तमान में 2197 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है. पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, प्रमुख सचिव आयुष डी पी आहूजा, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, आयुक्त आयुष उमा आर माहेश्वरी एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा भी उपस्थित थे. श्री परमार ने बताया कि आने वाले समय में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को वर्तमान 28.9% से बढ़ाकर 35% तक ले जाने का लक्ष्य है.

प्रत्येक जिले में एक यानी कुल 55 महाविद्यालयों को 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में उन्नत किया गया है. इसके लिए 336 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है. 1845 नवीन पद सृजित किए गए हैं. मंत्री परमार ने बताया कि रोजगार मुहैया कराना भी सरकार की प्राथमिकता है और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत 378 रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के जरिए 16,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है.

# मुकेश नायक ने वापस लिया इस्तीफा

विशेष संवाददाता


**भोपाल,29 दिसंबर. वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने केंद्रीय और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद अपना इस्तीफा वापस ले लिया है.**



कई वरिष्ठ नेताओं के निरंतर प्रयासों से यह मामला आपसी सहमति से सुलझ गया. सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने डॉ. नायक से संपर्क कर पार्टी के व्यापक हित में अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया. शनिवार और रविवार को प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके निवास पर पहुंचे और उनसे चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा वापस लेने पर सहमति जताई. सोमवार सुबह डॉ. नायक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हालिया पार्टी बैठक में उनके विचार सकारात्मक और रचनात्मक भावना से रखे गए थे. उन्होंने केवल इतना कहा था कि अब समय आ गया है कि वरिष्ठ नेता युवा पीढ़ी को आगे आने और संगठन में अधिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर दें.


> संवाददाता से विशेष बातचीत में डॉ. मुकेश नायक ने प्रदेश नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताया. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के रूप में पार्टी को सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है और वे पूरी निष्ठा व प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ आगे बढ़ने के लिए संकल्पित हैं. कांग्रेस नेताओं ने इस घटनाक्रम को संगठनात्मक एकता के लिए सकारात्मक बताया.

# सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित करेंगे भागवत



**भोपाल, 29 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसे संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत भी संबोधित करेंगे.**

बैठक 3 जनवरी को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में सुबह 8:30 बजे से होगी. इसमें आरएसएस के सरसंघचालक डॉ.भागवत विभिन्न समाजों के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14